ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • आश्विन कृष्ण पक्ष 12 • विक्रम संवत 2080 • बुधवार, 11 अक्टूबर 2023 • वर्ष-24 • अंक- 248 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



टाइगर-3 में जोया का किरदार निभाना ... पेज 10 पर

## आईसीसी वर्ल्ड कप 2023

इंग्लैण्ड - 364/9 (50 ओवर)
बांग्लादेश - 227/10 (48.2 ओवर)

पाकिस्तान - 345/4 (48.2 ओवर)
श्रीलंका - 344/9 (50 ओवर)

**आज का मैच**

भारत बनाम अफगानिस्तान दिल्ली (12:30 बजे से)

# बूढ़ा पहाड़ की बदल रही फिजा, सरकार के प्रति ग्रामीणों में बढ़ा भरोसा

## कम्युनिटी पुलिसिंग से जुड़ रहे ग्रामीण, जवान दे रहें बच्चों को शिक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मुख्यमंत्री हेमन्त ने दिसंबर, 2022 में जब दशकों से उपेक्षित बूढ़ा पहाड़ का दौरा किया तो सहसा किसी को यकीन नहीं हुआ कि यहां की फिजा देखते ही देखते बदल जाएगी। बूढ़ा पहाड़ के चौमुखी विकास के लिए प्रस्तुत रूप रेखा बूढ़ा पहाड़ डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के अनुरूप संपन्न हो रहे कार्यों ने क्षेत्र के लोगों की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में उल्लेखनीय परिवर्तन लाया है। पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों के साथ भोजन भी किया तथा स्कूली बच्चों के लिए पुस्तक कॉपी, पेंसिल, कलम, बैग युवाओं के लिए फुटबॉल तथा क्रिकेट किट, महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों के लिए साड़ी-धोती, कबल, टोपी, तथा कामगारों के लिए कुदाल, फावड़ा, बेलचा इत्यादि का वितरण किया।



### स्वास्थ्य क्षेत्र में दिख रहा बदलाव

क्षेत्र में नए स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण एवं पुराने का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। साथ ही सुरक्षाबलों की कंपनी में प्रतिनियुक्त प्रशिक्षित मेडिकल प्रैक्टिशनर के द्वारा भी अभियान के दौरान ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी जाती है। सहिया की सहायता से डोर टू डोर चिकित्सा सर्वे की जा रही है।

### विभिन्न योजनाओं से ग्रामीण हो रहे लाभान्वित

बूढ़ा पहाड़ प्रक्षेत्र अंतर्गत कुल 27 ग्रामों का सर्वेक्षण कर सामाजिक एवं आधारभूत संरचनाओं का आकलन कराया गया। इसी प्रकार बूढ़ा पहाड़ प्रक्षेत्र अंतर्गत कुल 3809 परिवारों का सर्वेक्षण कर विभिन्न सामाजिक एवं आर्थिक पैमानों पर आवश्यकताओं का आकलन किया गया। बूढ़ा पहाड़ प्रक्षेत्र अंतर्गत रहने वाले कुल 19836 व्यक्तियों का भी व्यक्तिगत सर्वेक्षण कर रणनीति बनाई गई कि सरकार की किस योजना के तहत किस व्यक्ति को लाभान्वित किया जा सकता है। यहां 100 बिरसा आवास का आवंटन एवं 08 मिनी आंगनबाड़ी केंद्र शुरू करने की योजना और छुटे हुए ग्रामों का विद्युतीकरण करने का कार्य शुरू कर दिया गया है।

### कम्युनिटी पुलिसिंग से जुड़ रहे ग्रामीण

सुरक्षाबलों के द्वारा पूर्व में भी जनता के सहयोग हेतु कम्युनिटी पुलिसिंग की जाती रही है लेकिन मुख्यमंत्री के दौरा के बाद लोगों के सहयोगात्मक रवैया में अभूतपूर्व प्रगति आई है। पुलिस अधीक्षक गढ़वा दीपक कुमार पांडेय, अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) विशेष अभियान के तहत कुछ दिनों पूर्व बूढ़ा पहाड़ पहुंचे। कम्यूनिटी पुलिसिंग के तहत भारी संख्या में ग्रामीण उनसे मिलने पहुंचे। पुलिस अधीक्षक ने उनसे संवाद स्थापित कर बारी-बारी से सबकी समस्याओं को सुना तथा उनके त्वरित समाधान के लिए मौजूद पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित कर ग्रामीणों को आश्वस्त किया।

### ग्रामीणों को मिल रहा बाजार, भय मुक्त आवागमन

बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में आधारभूत संरचना के निर्माण में बदलाव नजर आ रहा है। सड़क की जर्जर और दयनीय स्थिति को ठीक किया गया। क्षेत्रीय बाजार से ग्रामीण जुड़े। परिणामस्वरूप वे अपनी कृषि उत्पाद को बाजार में अच्छी कीमतों पर बेच कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रहें हैं। सिंचाई कूप निर्माण, सोलर पंप सेट आदि की उपलब्धता में भी प्रगति देखी जा रही है। सुरक्षाबलों के द्वारा सड़क निर्माण से लेकर जनता के भय मुक्त आवागमन को सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई जा रही है। कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत झालुडेरा में एक कूप निर्माण किया गया है, जिसका प्रयोग स्थानीय ग्रामीण भी अपने दैनिक पेयजल हेतु कर रहे हैं।

### सुरक्षाबलों के प्रति विश्वास बढ़ा

मुख्यमंत्री के दौरा के बाद स्थानीय जनमानस में सुरक्षाबलों के प्रति विश्वास बढ़ा है तथा सुरक्षाबलों को जनता का सहयोग प्राप्त हो रहा है। बुढा पहाड़ के क्षेत्र की सुरक्षा के लिए कुल्ही से बूढ़ा पहाड़ तक कुल पांच कैंप कूल्ही, हेसातु, बेहराटोली झालुडेरा तथा जेटीएफ पुंदाग स्थापित हैं तथा जिनमें क्षेत्र के लोगों की सुरक्षा को समर्पित सीआरपीएफ, जैप, झारखंड जगुआर, तथा जिला बल की आठ कंपनियां प्रतिनियुक्त है। सुरक्षाबलों के द्वारा क्षेत्र में नियमित रूप से विभिन्न अभियान संचालित कर स्थानीय लोगों के साथ संवाद स्थापित की जाती है।

### जवान दे रहे बच्चों को शिक्षा

बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में प्रतिनियुक्त सीआरपीएफ बाल के जवानों के द्वारा ड्यूटी से समय निकालकर बूढ़ा गांव और आसपास के बच्चों के लिए एक अस्थायी विद्यालय का संचालन किया जा रहा है, जहां बच्चों को बुनियादी शिक्षा दी जा रही है। आरंभ में बच्चों की संख्या 8-10 थी, जो वर्तमान में बढ़कर 46 हो गई है। आसपास के विद्यालयों में बच्चों के नामांकन की प्रक्रिया जारी है, जिसमें उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है।

## गागर में सागर

### कुख्यात अपराधी अमन साहू को चाईबासा से पलामू जेल किया शिफ्ट

**रांची।** कुख्यात डॉन अमन साव को पलामू सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया जाएगा। इसके लिए मुख्यालय स्तर से आदेश जारी किया गया है। दरअसल संगठित आपराधिक गिरोह के खिलाफ पुलिस अभियान चला रही है। इसी कड़ी में अमन साव को प्रत्येक तीन से चार महीने में जेल शिफ्ट किया जाना है। इसलिए अमन साव को पलामू सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार अमन साव फिलहाल चाईबासा जेल में है। करीब एक वर्ष पहले अमन साव को पलामू सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया गया था। उस दौरान पलामू सेंट्रल जेल अधीक्षक को अमन गिरोह की तरफ से धमकी मिली थी। मामले में मेदिनीनगर टाउन थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। पलामू और लातेहार में अमन साव के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### राजकीय सम्मान के साथ होगा पी टोप्पो का अंतिम संस्कार

**रांची।** राज्य सरकार ने कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ करने का निर्णय लिया है। 11 अक्टूबर को सेंट मैरी कैथेड्रल, पुरुलिया रोड में अपराह्न एक बजे उनका अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का निधन चार अक्टूबर को हो गया था।

### विधायक शशिभूषण मेहता सहित छह लोगों को नोटिस जारी

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की शिक्षिका रही सुचित्रा मिश्रा हत्याकांड मामले में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर एवं पांकी विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता सहित छह लोगों को बरी किए जाने के रांची की निचली अदालत के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई हुई। मामले में जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले के सूचक गोविंद पांडे के आग्रह पर बरी किए गए शशि भूषण मेहता समेत छह लोगों को फिर से नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 29 नवंबर को होगी।

### रासबिहारी-वीरेंद्र राम को फिर से नोटिस जारी करने का निर्देश

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की संपत्ति की सीबीआई जांच का आग्रह करने वाली पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में कोर्ट ने पूर्व अभियंता प्रमुख रासबिहारी सिंह तथा निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम को फिर से नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 18 जनवरी को होगी। सुनवाई में चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ को बताया गया कि अदालत द्वारा इन्हें जारी नोटिस नहीं मिला है। पूर्व की सुनवाई में याचिकाकर्ता की अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि वीरेंद्र राम के मामले में ईडी जांच कर रही है, अब तक उसकी 39.28 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच कर ली है लेकिन रासबिहारी सिंह का मामला वर्ष 2017 से ही एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) के पास जांच के लिए लंबित है। इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## दीक्षांत समारोह में प्रशिक्षु पदाधिकारियों से बोले सीएम

# ग्रामीण नौजवानों के लिए आइकन बनें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज आपके लिए अत्यंत गर्व का दिन है। आप एक नई जिंदगी की शुरूआत करने जा रहे हैं। अब आपको कर्तव्य पथ पर चलना है। मुझे पूरा विश्वास है कि आपने यहां जो राष्ट्र सेवा की शपथ ली है, उसपर आप खरा उतरेंगे। मुख्यमंत्री मंगलवार को झारखंड पुलिस अकादमी, हजारीबाग में 7वीं से 10वीं बैच के 39 प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षकों और 14 जिला समादेष्टाओं, गृह रक्षा वाहिनी के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। उन्होंने सभी प्रशिक्षु पदाधिकारियों और उनके अभिभावकों को नई शुरूआत के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर अमर शहीद जवानों को नमन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के युवा बड़े-बड़े पदों पर आ रहे हैं। वे अपनी मेहनत और लगन से अपना मुकाम बना रहे हैं। आपने पुलिस सेवा में आकर जो उपलब्धि हासिल की है, वह युवाओं के लिए प्रेरणा का काम करेगा। मेरा मानना है कि आप ग्रामीण नौजवानों के लिए आइकन बनें।

इस अवसर पर विधायक उमाशंकर अकेला और अंबा प्रसाद, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण प्रिया दुबे, पुलिस महानिरीक्षक, प्रशिक्षण मनोज कौशिक, झारखंड पुलिस अकादमी के संयुक्त निदेशक सह पुलिस उप महानिरीक्षक संजय रंजन सिंह समेत कई वरीय पुलिस पदाधिकारी और जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे।



### प्रशिक्षण से बढ़ेगा आत्मबल और विश्वास

मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने यहां जो कठिन प्रशिक्षण प्राप्त किया है, वह आपके जीवन में ऐतिहासिक कार्य के रूप में अंकित होगा। प्रशिक्षण से आपका आत्मबल और विश्वास बढ़ेगा। यह आपकी कार्य कुशलता को बढ़ाएगा। खासकर प्रशिक्षण के दौरान आपने जो सीखा है, वह कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान जो चुनौतियां मिलेगी उससे निपटने में मददगार साबित होगा। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि आपकी सेवा आम नागरिकों को समर्पित है। आप सभी इस बात से भली-भांति वाकिफ हैं कि झारखंड की गिनती पिछड़े राज्यों में होती है। यहां के लोग काफी भोले-भाले, सीधे और सरल होते हैं। वे जब आपके पास अपनी परेशानियों को लेकर आएंगे तो आपसे उम्मीद है कि उनकी समस्याओं को पूरी संवेदनशीलता के साथ सुनेंगे और उसका समाधान करेंगे।

### ये प्रशिक्षु पदाधिकारी हुए सम्मानित



**सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षु: (ओवरऑल)**
- प्रदीप कुमार साव
- अर्चना स्मृति खलखो
- राजीव रंजन

**सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षु : वाह्य विषय**
- राजीव रंजन
- सन्नी वर्धन
- चंद्रशेखर

**सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षु: अंत: विषय**
- प्रदीप कुमार साव
- अर्चना स्मृति खलखो
- अकरम रजा

**सर्वश्रेष्ठ शूटर**
- सन्नी वर्धन-अर्चना स्मृति खलखो
- पूजा कुमारी-एक व पूजा कुमारी-दो
- किरण कुमारी-कैलाश प्रसाद महतो

# दशहरा, दिवाली और छठ पूजा को लेकर क्या है पुलिस की तैयारियां



### डीजीपी लेंगे जिलों के एसपी से जानकारी

### 13 को मुख्यमंत्री करेंगे समीक्षा, 12 को डीजीपी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
आगामी पर्व - त्यौहार के दौरान राज्य की विधि व्यवस्था को लेकर झारखंड के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों के द्वारा किस तरह की प्लानिंग और तैयारी की गई है इसका जायजा 13 अक्टूबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पुलिस अधिकारियों से लेंगे। मुख्यमंत्री की समीक्षा से पूर्व एक दिन पहले बुधवार को राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह पुलिस की तैयारियो की समीक्षा पुलिस मुख्यालय में करेंगे।

राज्य के दशहरा, दिवाली और छठ पूजा को लेकर पुलिस की तैयारियों की समीक्षा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 13 अक्तूबर को प्रोजेक्ट भवन में करेंगे।सीएम की बैठक के पहले बुधवार को इसी मामले में डीजीपी अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सभी रेंज डीआईजी और जिलों के एसपी के साथ समीक्षा बैठक होगी। पुलिस मुख्यालय के द्वारा सभी रेंज डीआईजी और पुलिस अध्यक्षों को पत्र भेजकर बुधवार के दिन के 11:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक में शामिल होने का निर्देश जारी किया गया है। बैठक में डीजीपी के अलावा मुख्यालय के वरीय पुलिस अधिकारी, रांची डीआईजी और एसएसपी मुख्यालय में ही मौजूद रहेंगे।

### क्या है मीटिंग का एजेंडा

डीजीपी के बैठक के दौरान विधि व्यवस्था की समान्य तैयारियों के साथ साथ अपराध नियंत्रण, शांति समिति की बैठक, उग्रवादियों की पहचान, सीआरपीसी की धारा 107 के तहत वारंट के क्रियान्वयन, अवैध खनन, अवैध मादक पद्धार्थ और शराब की तस्करी, भूमि विवाद से जुड़े मामले, निर्बाध बिजली की आपूर्ति, स्वच्छता के साथ साथ पूजा के दौरान सुगम यातायात व्यवस्था के विषयों पर चर्चा की जाएगी।डीजीपी ने रेंज डीआईजी स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वह संबंधित बिंदुओं पर जिलवार तैयारी की रिपोर्ट दें। इन विषयों पर बुधवार को चर्चा के बाद सीएम की बैठक में संबंधित जानकारी रखी जाएगी।

## प्राथमिक शिक्षक नियुक्ति मामले में पारा शिक्षकों को मिली राहत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड हाईकोर्ट में वर्ष 2015 के प्राथमिक शिक्षक नियुक्ति में गैर पारा शिक्षक श्रेणी में आवेदन करनेवाले पारा शिक्षकों को बड़ी राहत मिली है। मामले में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की अपील पर फैसला सुनाते हुए एकल पीठ के आदेश को सही ठहराया है। कोर्ट ने कहा है एकल पीठ द्वारा पारित आदेश उचित है। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में प्रतिवादी अभ्यर्थी जो पारा शिक्षक थे लेकिन उन्होंने गैर पारा शिक्षक श्रेणी में आवेदन दिया था और वे अंतिम चयनित अभ्यर्थियों से अधिक अंक प्राप्त किए थे, उनके लिए अतिरिक्त काउंसिल कर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार ने एकल पीठ के आदेश के खिलाफ खंडपीठ में चुनौती दी थी। एकल पीठ में सुनवाई के दौरान पूर्व में राज्य सरकार की ओर से कहा गया था कि वर्ष 2015 की प्राथमिक शिक्षक में गैर पारा शिक्षक श्रेणी में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए अब कोई काउंसलिंग नहीं की जाएगी। प्राथमिक शिक्षक नियुक्ति के लिए उनका कंसीडरेशन नहीं किया जाएगा। इस पर याचिकाकर्ता पारा शिक्षकों की ओर से एकल पीठ से कहा गया था कि राज्य सरकार द्वारा उन्हें नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल नहीं करने का निर्णय गलत है। हाईकोर्ट की एकल पीठ ने राज्य सरकार के इस आदेश को गलत माना था। हाईकोर्ट की एकल पीठ ने आदेश दिया था कि वैसे पारा शिक्षक जो उक्त नियुक्ति परीक्षा में गैर पारा शिक्षक श्रेणी में आवेदन दिए थे और जिनके अंक अंतिम चयनित अभ्यर्थी से ज्यादा है उनके संबंध में उचित कार्रवाई की जाये।

### जमीन घोटाले में दो आरोपियों की जमानत पर सुनवाई 19 को

**रांची।** जमीन घोटाला मामले के दो आरोपितों इम्तियाज और सद्दाम की जमानत याचिका पर मंगलवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। इसके बाद अदालत ने दोनों की जमानत पर 19 अक्टूबर को विस्तृत सुनवाई की तिथि निर्धारित की है।

### पलामू में मिट्टी काटने से बने गड्ढे में डूबने से भाई-बहन की मौत

**पलामू।** जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के दीनादाग के बरगाही गांव में पानी से भरे एक गहरे गड्ढे में गिरने से भाई-बहन की मौत हो गई। दोनों पास के स्कूल से अपने घर लौट रहे थे। इसी क्रम में पैर फिसलने से दोनों गड्ढे में जा गिरे। सोमवार देर शाम दोनों के शव गड्ढे से बरामद किए गए।

### झारगोव टीवी के फेसबुक और इंस्टाग्राम से हटाई गई अश्लील सामग्री

# प्राथमिकी दर्ज, साइबर टीम जांच में जुटी



### फेसबुक और इंस्टाग्राम दोनों हैक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड सरकार की झारगोव टीवी के फेसबुक और इंस्टाग्राम को हैक कर अश्लील वीडियो और तस्वीरें जारी करने के मामले को की जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल नए लिंक पर दोनो ही प्लैटफॉर्म से अश्लील सामग्री हटा दी गई है।वही दूसरी तरफ मामले को लेकर रांची के गोंदा थाने में मंगलवार को एफआईआर भी दर्ज की गई है। मामले की जांच की जिम्मेवारी साइबर डीएसपी यशोधरा को दी गई है।

पूरा मामला झारखंड सरकार के अधिकृत सरकारी ब्रॉडकास्टिंग चैनल झारगोव टीवी से जुड़ा हुआ है। अज्ञात साइबर अपराधियों के झारगोव टीवी का फेसबुक और इंस्टाग्राम एक साथ हैक कर लिया गया था। हैक करने के बाद उसमें अश्लील वीडियो और फोटो डाले जा रहे थे। मामला सामने आने के बाद रांची के गोंदा थाने में इस संबंध में मंगलवार को एफआईआर दर्ज करवाई गई है। रांची के सीनियर एसपी चन्दन कुमार सिन्हा ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर मामले की तफ्तीश शुरू कर दी गई है।जांच का जिम्मा रांची के साइबर डीएसपी यशोधरा को दिया गया है। पूरे मामले में जो लोग भी दोषी पाए जाएंगे उनपर कड़ी कारवाई की जाएगी। शेष पृष्ठ 11 पर

### फेसबुक ने 24 घण्टे में सुधार का दिया भरोसा

मामले को लेकर फेसबुक से भी साइबर टीम ने संपर्क साधा है। फेसबुक ने कार्रवाई करते हुए फिलहाल नए पेज से सभी अश्लील वीडियो हटा दिए गए हैं हालांकि पुराना लिंक खोलने पर अभी भी अश्लील वीडियो पेज पर दिखाई दे रहे हैं। साइबर टीम को फेसबुक पर तरफ से यह शासन दिया गया है कि अगले 24 घंटे में बाकी अश्लील वीडियो और फोटो भी हटा दिया जाएगा।

### बच्चों में कुपोषण के प्रबंधन के लिए 'प्रोटोकॉल' लॉन्च

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को होगा फायदा

**एजेंसी। नई दिल्ली**
केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने मंगलवार को विज्ञान भवन में राष्ट्रीय कार्यक्रम के दौरान 'बच्चों में कुपोषण के प्रबंधन के लिए प्रोटोकॉल' लॉन्च किया। यह प्रोटोकॉल आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर और एएनएम को कुपोषित बच्चों की पहचान और प्रबंधन के विस्तृत उपाय में मदद करेगा। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि पहली बार केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के इनपुट के साथ 18 मंत्रालयों के समन्वय से महिला बाल विकास मंत्रालय ने राष्ट्रीय प्रोटोकॉल का मसौदा तैयार किया है, जो कुपोषित बच्चों की पहचान और प्रबंधन के लिए विस्तृत उपाय प्रदान करता है। इसके तहत सामुदायिक हस्तक्षेप और चिकित्सीय हस्तक्षेप को अलग-अलग कर दिया गया है जिससे राष्ट्रीय पुनर्वास केन्द्र (एनआरसी) का बोझ कम हो सकेगा। उन्होंने कहा कि 1970 के दशक से आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों के कुपोषण को कम करने की दिशा में मंथन चलता रहा। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस दिशा में पुख्ता कदम उठाए और नेशनल फ्लैगशिप मिशन बनाया। आज मंत्रालय ने 18 मंत्रालयों के समन्वय से देश की 13 लाख से अधिक आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए प्रॉटोकॉल जारी किया है।

उन्होंने कहा शेष पृष्ठ 11 पर



केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने आंगनबाड़ी सेविका गीता पूर्ति को किया सम्मानित।

## गागर में सागर

### लोकहित अधिकार पार्टी के नेता हरिनाथ साहू ने कांके बीडीओ को दी बधाई




**कांके।** लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू के नेतृत्व में पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल आज कांके प्रखंड कार्यालय में नए इऊड संजीत कुमार सिंह से मिलकर नव पदभार ग्रहण के लिए पार्टी की ओर से गुड लक पौधा भेंट करते हुए शुभकामना और बधाई दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से पार्टी के जिला संयोजक प्रमोद प्रसाद, कांके प्रखंड अध्यक्ष देव पूजन ठाकुर, गोंदा मंडल अध्यक्ष अनिल मुंडा, कांके प्रखंड के कार्यकारी अध्यक्ष रामानंद ठाकुर, गणेश लोहरा, रविंदर कुमार,दशमी देवी सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता शामिल हुए।

### सड़क दुर्घटना में स्कूली छात्र समेत बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**सिल्ली।** सिल्ली थाना अंतर्गत बंता दुर्गा मंदिर के समीप मंगलवार को सड़क दुर्घटना में स्कूली छात्रा समेत बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।जानकारी के अनुसार बंता निवासी सुशैन कुम्हार उम्र 37 वर्ष अपने बाइक पर सवार होकर सिल्ली तरफ से अपने घर बंता जा रहे थे उसी क्रम में दुर्गा मंदिर के समीप सरकारी स्कूल के पास छात्र को बचाने के क्रम में एक स्कुली छात्रा को अपने चपेट में ले लिया। जिससे छात्रा को हल्की सी चोट आई है एवं बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया दोनों घायलों को सिंगपुर नर्सिंग होम में प्राथमिक उपचार के लिए लाया गया। छात्रा को प्राथमिक उपचार करने के बाद घर भेज दिया गया।

### डीएमडी ट्रेन पटरी से नीचे उतरी



**सिल्ली।** दक्षिण पूर्व रेलवे रांची मंडल अंतर्गत सिल्ली स्टेशन से सीडिंग लाइन पर से मंगलवार की सुबह 3:00 बजे डीएमडी ट्रेन पटरी से नीचे उतर गई। मंगल कार्यालय को सूचना मिलते ही हटिया से दुर्घटना राहत रेलगाड़ी को मौके पर भेजा गया तथा रेलवे विभाग के उच्च पदाधिकारी मौजूद थे। वह भी घटना स्थल पर पहुंचे तथा पटरी से उतरी ट्रेन का निरीक्षण किया। सिली स्टेशन मास्टर ने बताया कि सुबह लगभग 3 बजे की घटना है। ज्ञात हो कि डीएमडी ट्रेन में स्लीपर और पटरी लोडिंग कर आने तक जगह पर ले जाया जाता है। अधिकारी ने बताया कि बहुत जल्द ही रेलवे ट्रैक को ठीक कर लिया जाएगा, हालांकि मेन लाइन में परिचालन सामान्य रहा।

### तेरह दिवसीय बंबू एंड क्रेन क्राफ्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



**सिल्ली।** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 13 दिवसीय बंबू एंड केन क्राफ्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह किया गया। राज्य के विभिन्न जिले एवं प्रखंड से आए 18 प्रशिक्षणार्थियों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। रुडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को खुद का स्वरोजगार कर आत्म निर्भर बनने का संदेश दिया। क्यो की बास से बना वस्तु की बाजार में ज्यादा मांग है। इस वस्तु से घर की सजावट कर सुंदरता बढ़ा सकते है । मौके पर संस्थान के वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार, जगदीश चंद्र महतो ,मुकेश कुमार, महेश रूही दास,सुनील कुमार उपस्थित रहे।

### कार्डिनल तेलेस्फोर पी. टोप्पो का शव को दर्शन के लिए पुरूलिया स्थित बड़े चर्च में रखा गया

# आज होगा अंतिम संस्कार



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

कॉन्स्टेंट लिवेन्स अस्पताल में एक सप्ताह पूर्व से कार्डिनल के शव को मंगलवार को पूरे धार्मिक अनुष्ठान के साथ धर्माअध्यक्षों की अगुवाई में अश्रुपूर्ण नेत्रों से मानव श्रृंखला बना कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। ज्ञातव्य है कि कार्डिनल की मृत्यु चार अक्टूबर को सुबह लम्बे ईलाज के क्रम में कॉन्स्टेंट लिवेन्स अस्पताल मांडर में हो गया था, जहां उनकी सेवा में दिन रात अस्पताल परिवार लगा हुआ था। उनकी मृत्यु के बाद भी उन्हें पूरे सम्मान के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर सम्मान पूर्वक रख। आज पुरुलिया रोड स्थित बड़े चर्च के लिए ऐतिहासिक रुप से श्रद्धांजलि देकर भावभीनी विदाई दी गई। उनके चाहने वालों की भीड़ ही उनकी सभी धर्मावलम्बियों के प्रेम एवं अपनत्व का बखान कर रहे थे। गुमला जिले के चैनपुर के एक छोटे गांव बरवे में 15 अक्टूबर 1939 में जन्म लिया था। इनके पिता एम्ब्रोस टोप्पो व माता सोफिया खलखो ने इन्हें सदा मानवता का पाठ पढ़ाते हुए उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया। इस महान संत ने उच्च शिक्षा के लिए रांची के संत जेवियर व संत अल्बर्ट कॉलेज के बाद रांची यूनिवर्सिटी से इतिहास विषय से एमए कर शिक्षक के रुप में कार्य करते हुए कलीसिया से जुड़कर इस मुकाम को हासिल किया। उन्होंने सदा धर्मनिरपेक्ष होकर मानव जाति के हित के लिए अपना जीवन अर्पित किया। उनकी विदाई के प्रार्थना कार्यक्रम में बिशप थियोडोर मस्करेन्हस, फादर जॉर्ज, फादर सिजो, फादर नीलम, फादर जॉन, फादर आनन्द, फादर प्रसेन, सिस्टर मेरी, सिस्टर ज्योति, सिस्टर एलेक्सिया बेक,सिस्टर फ्लोरिया सहित कॉन्स्टेंट लिवेन्स अस्पताल परिवार, विभिन्न पल्ली पुरोहित एवं ग्रामीण स्त्री पुरुष मौजूद थे।

### भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्यपाल को लिखा पत्र

## जांच एजेंसियों के प्रति राज्य सरकार और अधिकारी उदासीन : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को लिखे पत्र में कहा कि झारखंड राज्य में मनी लॉन्ड्रिंग और भ्रष्टाचार की जांच कर रही जांच एजेंसियों के अनुरोध के प्रति राज्य सरकार और उसके अधिकारी उदासीन हो गए हैं। ऐसे में सरकार से पूछा जाना चाहिए कि इस तरह के गैर-अनुपालन को संवैधानिक मशीनरी की विफलता या खराबी के रूप में क्यों नहीं माना जाए। यदि राज्य सरकार के स्तर से ऐसा असहयोग जारी रहता है तो राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की अनुशंसा की जाए। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसियां वर्ष 2022 से मुख्य सचिव, झारखंड सरकार के कार्यालय को पत्र लिख रही हैं। उनसे कार्रवाई करने का अनुरोध कर रही हैं लेकिन राज्य सरकार इस पर मूकदर्शक और पूर्ण निष्क्रिय ही रही है। कई मामलों में कई अनुरोध भेजे गए हैं। कोई कार्रवाई नहीं की गई है और न ही कोई उत्तर दिया गया है। बाबूलाल मरांडी ने लिखा है कि झारखंड सरकार के मुख्य सचिव के कार्यालय में भ्रष्टाचार के मामलों में उच्च सरकारी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के अनुरोध को छोड़कर ऐसे दस से अधिक मामले लंबित हैं। जांच एजेंसियों को न तो कोई जवाब दिया गया है और न ही कोई कार्रवाई की गई है। खासकर उन मामलों में जहां एजेंसियों द्वारा अनुरोध के साथ अनेक सबूत उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने इस संबंध में राज्य के मुख्य सचिव के साथ मुख्यमंत्री को भी लिखा था लेकिन दोनों में से किसी की ओर से अबतक कोई जवाब नहीं मिला। ऐसे में राज्य सरकार संविधान की मूल भावना के विपरीत कार्य कर रही है। इसके परिणामस्वरूप संवैधानिक तंत्र टूट गया है। राज्यपाल से तत्काल हस्तक्षेप करने का अनुरोध करते बाबूलाल ने कहा कि इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि राज्य सरकार कानून, संविधान के अनुसार कार्य करे।

### बेड़ो प्रखंड में विदाई सह स्वागत समारोह का हुआ आयोजन

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड सभागार में मंगलवार को विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन कर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर प्रवीण कुमार को नम आंखों से विदाई दी गई। जबकि अंचल अधिकारी सुमन्त तुर्की का नए बीडीओ के रूप में स्वागत किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए अपने सवा दो वर्षों का कार्यकाल कि हम यादें साझा करते हुए कहा कि जीवन का यह 2 वर्ष मेरी जिंदगी में सदा ही अविस्मरणीय रहेगा। आप लोगों का इसमें प्रेम मुझे प्राप्त हुआ है इसे मैं कभी भुला नहीं सकता। चाहे जनप्रतिनिधि हो समाजसेवी आम ग्रामीण सभी से मुझे सम्मान और प्रेम मिला है जो कभी भुलाया न जा सकेगा। हमारे कार्यकाल में हमारा प्रखंड हमेशा बुलंदियों पर रहा है जिसका श्रेय मैं अपनी कर्मियो को और आप सबको देता हूं। हमारी फील्ड स्टाफ और ऑफिस स्टाफ ने जिस तरह से अपने कर्तव्य का निर्वाह किया है वह काबिले तारीफ है।

### झारखंड राज्य हाउसिंग बोर्ड के निर्माण कार्य पर उठ रहे सवाल

**रांची।** झारखंड राज्य हाउसिंग बोर्ड इन दिनों अतिक्रमित हो रही संपत्तियों को बचाने में जुटा है। जिसके तहत खाली पड़ी जमीन और फ्लैट की घेराबंदी कराने का निर्णय लिया है। इस काम के बहाने कुछ ऐसे भी निर्णय लिए जा रहे हैं जो जनहित के ठीक विपरीत प्रतीत हो रहा है। हम बात कर रहे हैं, राजधानी के सबसे वीवीआईपी सड़क किनारे हाउसिंग की एक प्रॉपर्टी की, जिसपर लंबे समय तक अवैध कब्जा रहा। कानूनी लड़ाई के बाद हाई कोर्ट में हाउसिंग बोर्ड की जीत हुई और अरगोड़ा चौक स्थित करोड़ों के भूखंड को कब्जे में लेने में आवास बोर्ड सफल रहा। इसके बाद आवास बोर्ड इस जगह पर दुकान बनाकर बेचने की तैयारी में है। हाउसिंग बोर्ड का तर्क है कि इससे भारी भरकम राजस्व की प्राप्ति होगी। इस जगह पर करीब दो दर्जन दुकान बनाने की तैयारी है। कमाई के उदेश्य से शुरू हुई इस तैयारी में हाउसिंग बोर्ड ने बड़ी गलती कर दी है। यहां पर बगैर डीपीआर के दुकान का निर्माण शुरू कर दिया है।

## रातू राजकिला के मुख्य द्वार पर कार्डिनल को दी गई श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता। रातू**

रातूगढ़ किला के मुख्य द्वार पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव व रातू राजपरिवार के सदस्य अजय नाथ शाहदेव ने अंतिम दर्शन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि समाज की भलाई के लिए उनके अतुलनीय योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। मैं उन्हें कोटि-कोटि नमन करता हूं। इस अवसर पर लाल पृथ्वीनाथ शाहदेव, रमेश दयाल सिंह, दामोदर मिश्र, पूर्व जिला परिषद सदस्य अमर उरांव,रमेश नाथ शाहदेव, रातू प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष कुशल उरांव, बाजपुर मुखिया सबिता तिर्की, सोमनाथ उरांव, अतुल राज ठाकुर, बीरू दयाल,बसंत साहू, शकील अंसारी, मकसूद अंसारी, शक्ति महतो, मोइन अंसारी, जॉन सिंह, झामुमो के बेलाल अंसारी, शमीम बड़ेहार ,अनिल ठाकुर ,कृष्ण ठाकुर एवं सैंकड़ों की संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

### रतन हाइट्स मामले में पुराने बिल्डर को हाई कोर्ट का नोटिस

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने रतन हाइट्स के पुराने बिल्डर नरेंद्र बुटाला को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले की सुनवाई आज हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। कोर्ट ने अंतिम बहस के लिए एक नवंबर की तिथि निर्धारित की। मोरहाबादी स्थित रतन हाइट्स मामले में एकल पीठ के आदेश के खिलाफ बिल्डर वीकेएस रियलिटी और लैंड ओनर की अपील पर मंगलवार को सुनवाई हुई। कोर्ट में सभी पक्षों की ओर से बहस की गई। प्रतिवादी रतन हाइट्स रेसीडेंशियल सोसायटी की ओर से अधिवक्ता रोहित रंजन सिन्हा, अधिवक्ता इंद्रजीत सिंह एवं फ्लैट ओनर की ओर से अधिवक्ता सुमित गड़ोदिया ने पैरवी की, जबकि रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता शशांक शेखर ने पैरवी की। रतन हाइट्स की ओर से बताया गया कि मामले में एकल पीठ ने उनके पक्ष में फैसला दिया है।

## दुर्गा पूजा को लेकर जीआरपी के साथ शांति समिति की बैठक संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। मुरी**

जीआरपी द्वारा दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न मुरी-मुरी जीआरपी द्वारा वैष्णवी दुर्गा पूजा पंडाल बाजार छोटा मुरी में दुर्गा पूजा को लेकर शांति बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जीआरपी प्रभारी जमादार मुंडा ने किया। जिसमें छोटा मुरी में रेल क्षेत्र में होने वाली दुर्गा पंडाल के अधिकारी गण मौजूद थे। इस बैठक में लोगों ने पंडाल का समस्या पुलिस प्रशासन के समीप रखा। जिसमें मुख्य रूप से ए टाइप से, बी टाइप जाने वाला रास्ता पर चर्चा किया गया। फाटक बंद हो जाने के कारण नए रास्ते में अंधकार एवं सड़क पर गड्ढा को लेकर लोगों ने अपना विचार दिया। वही पूजा के समय सड़कों पर बिजली एवं सड़क की मरम्मति को लेकर भी प्रशासन से लोगों ने आग्रह किया। वहीं लोगों ने शिकायत किया कि सड़कों पर मनचले युवक मोटरसाइकिल तेज गति से चलाते हैं जिसको लेकर क्षेत्र में त्योहार में दुर्घटना होती है। वहीं कई मनचले युवक अपने मोटरसाइकिल के साइलेंसर खोलकर चलते हैं जिससे अन्य वाहन चलाने वालों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में श्री मुंडा ने कहा कि लोग अपने-अपने क्षेत्र में दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण ढंग से मनाये।

Azadi Ka Amrit Mahotsav

## कार्यालय नगर पंचायत, बुण्डू

Email Id- nagarpanchayatbundu@gmail.com

### आम सूचना

एतद् द्वारा नगर पंचायत बुण्डू क्षेत्र अन्तर्गत सभी होटल, क्लब, बैंक्वेट हॉल, मैरेज हॉल, धर्मशाला, अन्य संस्थानों / प्रतिष्ठानों व आम नागरिको के घरों जिसमें शादी–विवाह या किसी भी प्रकार का समाजिक व धार्मिक कार्यक्रम / समारोह / उत्सव का आयोजन किया जाता है को सूचित किया जाता है कि वे कार्यक्रम/ समारोह / उत्सव में उत्पन्न होने वाले कूड़े का स्त्रोत पृथ्ककरण हरा डस्टबीन में गीला कचड़ा एवं सूखा कूड़ा नीला डस्टबीन में एकत्रित करें व नगर पंचायत बुण्डू द्वारा निर्धारित युजर चार्ज का भुगतान करते हुए कूड़े को नगर पंचायत बुण्डू द्वारा अधिकृत घर–घर से अपशिष्ट संग्रहण करने वाले कर्मी को घर–घर से अपशिष्ट संग्रहण वाहन के क्रमशः हरा एवं नीला कम्पार्टमेंट में ही दें व उठाव करवाना सुनिश्चित करें । कूड़े को किसी भी दशा में यत्र–तत्र, नदी, नाला/नाली, सड़क अथवा खुले स्थान में ना फेंके और न ही जलाये ऐसा करना दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आता है । ऐसा कृत करते हुए पाये जाने वालों के खिलाफ ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम– 2016 के तहत आर्थिक दंड के साथ–साथ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी ।

ह0/ प्रशासक,
नगर पंचायत, बुण्डू

PR 308787 Urban Development (23-24)_D

## कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी

ज्ञापांक......................खूँटी, **आम सूचना** दिनांक....................

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, खूँटी अन्तर्गत गया मुण्डा कम्प्लेक्स में वैसे दुकानदार जिनका दुकान किराया बहुत दिनों से बकाया है अनुमण्डल पदाधिकारी, खूँटी के निर्देशानुसार दिनांक 27.09.2023 को सील किया गया था तथा बराह दिन बीत जाने के बाद भी बड़े बकायेदारों द्वारा राशि कार्यालय में जमा नहीं किया गया है। अतः यह अंतिम स्मार दिया जाता है कि दिनांक 12.10.2023 समय 5.00 अपराह्न तीन दिनों के अन्दर बकाया राशि को जमा करें अन्यथा सील हुए दुकानों के एकरारनामा को रद्ध करते हुए झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 के धारा 181 एवं 184 (1) के तहत विधि सवंत कारवाई करते हुए बकाया राशि की वसूली की जाएगी। साथ ही 10,000/– से अधिक जिनका किराया बाकी है। उन बकायेदारों को भी सूचित किया जाता है कि वे भी अपने बकाया राशि का भुगतान समय से कर दें। अन्यथा अक्टूबर माह में इन दुकानदार पर कारवाई नगर पचांयत के द्वारा किया जाएगा। इनका नाम सूची में अंकित नहीं है।

GAYAMUNDA COMPLEX

NEVER PAID

| Sl.No. | Shop No. | GROUND FLOOR | | Amount. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 14 | अनिल खलखो | जोजोटोली, बाजार टांड़, खूँटी | 121500/- |
| 2 | 15 | सुनिल खलखो | जोजोटोली, बाजार टांड़, खूँटी | 121500/- |
| 3 | 24 | श्वेता प्रीति कुजूर | कठर टोली, राँची | 120000/- |
| 4 | 19 | सबिता कुमारी | जमुवादाग, थाना सोनाहातु | 95000/- |
| | | 1ST FLOOR | | |
| 5 | 02 | राजकुमार भगत | डाक बंगला रोड | 362960/- |
| 6 | 07 | राजकुमार भगत | डाक बंगला रोड | 81200/- |
| 7 | 08 | राजकुमार भगत | डाक बंगला रोड | 81200/- |
| 8 | 09 | राजकुमार भगत | डाक बंगला रोड | 81200/- |
| 9 | 23 | मो0 अताउल अंसारी | जन्नत नगर, खूँटी | 118080/- |
| 10 | 24 | मो0 अताउल अंसारी | जन्नत नगर, खूँटी | 118080/- |
| 11 | 28 | अभय निरज खलखो | अमृतपुर, कदमा | 127440/- |
| 12 | 29 | अभय निरज खलखो | अमृतपुर, कदमा | 127440/- |
| 13 | 42 | रमेश कुमार | कर्रा रोड | 137160/- |
| 14 | 40 | पीटर पुर्ति | कोटना, बुरजू | 123440/- |

ह0/–
प्रशासक,
नगर पंचायत, खूँटी

PR 308736 Urban Development(23-24)#D

## ई-प्रोक्योरमेंट सेल
## अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल, हजारीबाग

### अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– BCD/BCHZB/RAMGARH/22/2023-24 दिनांकः– 10.10.2023

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of District Combined Dispensary Cum Office at Ramgarh | Rs. 85,08,600.00 | 7 (Seven) Months |
| 2 | Construction of Lecture Room in Library Building Ramgarh | Rs. 92,31,850.00 | 7 (Seven) Months |
| 3 | Construction of Additional 10 Cl ass Room in the Upgraded High School, Kothar, Ramgarh | Rs. 99,95,900.00 | 7 (Seven) Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 14.10.2023 | |
| ii | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 19-10.2023 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iii | वेबसाईट में अपलोड किये गये दस्तावेज की हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20-10.2023 को अपराह्न 12.00 बजे | |
| iv | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 20-10.2023 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| v | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई–प्रोक्योरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग। | |
| vi | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9110983022/7667757032 | |
| vii | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 06546-222640 | |

• किसी भी प्रकार का बदलाव/ सूचना http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

*note: UCAN Registration is mandatory for the bidders.*

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्योरमेंट सेल
अधीक्षण अभियंता का कार्यालय भवन अंचल, हजारीबाग।

PR.NO.308805 Building(23-24):D

### कुख्यात बेटे ने अपनी मां के कहने पर थाना में किया आत्मसमर्पण

# रंगदारी मांगने का मुख्य आरोपी है अंकित सिंह



**अंकित सिंह की मां विभा देवी को पिछले सोमवार को पुलिस अपनी कस्टडी में लेकर पूछताछ की थी और अंकित को आत्मसमर्पण कराने का दबाव बनाया**

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**

अन्ततः माधो बगीचा पोतनी गड़हा स्थित जल जीवन मिशन के वर्क साईट पर आगजनी, जानलेवा हमला और रंगदारी मांगने के आरोपी मोस्ट वांटेड कुख्यात अंकित सिंह ने लापुंग थाना में मंगलवार को आत्मसमर्पण कर दिया। उसकी मां विभा देवी ने अंकित को लापुंग थाना ले जाकर पुलिस के सामने दिया। इसके पूर्व लापुंग पुलिस ने अंकित सिंह की मां विभा देवी को पिछले सोमवार को पुलिस अपनी कस्टडी में लेकर पूछताछ की थी और अंकित को आत्मसमर्पण कराने का दबाव बनाया। उसकी मां ने पुलिस के समक्ष कहा कि एक बार मौका दीजिए अगले 24 घंटे के अंदर आत्मसमर्पण करा दूंगी। एक मां के आश्वासन पर पुलिस ने उसे सोमवार की शाम को ही छोड़ दिया। अपने वायदे के अनुसार समय से पहले अपने बड़े पुत्र बादल कुमार सिंह, भतीजे करण सिंह को साथ लेकर कुख्यात अंकित कुमार सिंह को मंगलवार को पूर्वाह्न 10:30 बजे लापुंग थाना ले जाकर आत्मसमर्पण करा दिया। विभा देवी ने कहा कि अगर उसके बेटे को पुलिस ने सुधार दिया तो वे हमेशा पुलिस का अहसानमंद रहेंगी। उधर पुलिस ने शुभम साहु तथा आकाश सिंह से पूछताछ करने के बाद उन्हें छोड़ दिया और अब पुलिस अंकित सिंह के साथ साथ उमेश सिंह, मनीष साहु, बलराम साहु तथा एक अन्य से पूछताछ कर रही है। लापुंग पुलिस ने सुधीर सिंह के पिता शिबु सिंह तथा सतीश साहु के पिता विलास साहु को भी पूछताछ करने के बाद छोड़ दिया। उन्हें उनके बेटों क्रमशः सुधीर सिंह तथा सतीश साहु को हाजिर कराने का सख्त निर्देश दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार हमले में 20-25 की संख्या में लोग नहीं थे उनकी संख्या लगभग 7-8 थी। लापुंग पुलिस ने दावा किया कि दो तीन और लोगों की बहुत जल्द होगी गिरफ्तारी। पुलिस बहुत जल्द मामले का पटाक्षेप करेगी।

### झारखंड इंटेलेक्चुअल फोरम समिट 11 से 13 अक्टूबर तक रांची में

**रांची।** झारखंड इंटेलेक्चुअल फोरम समिट 11 से 13 अक्टूबर तक रांची के पुराने विधानसभा में आयोजित होगा। यह तीन दिवसीय समिट का थीम वैश्विक स्तर पर झारखंड को एक अलग पहचान दिलाना, भारत में नंबर वन राज्य बनाना, कौशल निर्माण, युवाओं को सशक्त बनाना, क्रिएटिंग फ्यूचर है। ये बातें मंगलवार को फोरम के अध्यक्ष प्रेम कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में कहीं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का आयोजन झारखंड इंटेलेक्चुअल फोरम नामक संस्थान की ओर से किया गया है। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम का उद्देश्य झारखंड को भारत का नंबर वन राज्य बनाना, वैश्विक स्तर पर हमारे झारखंड के आत्मविश्वास को बढ़ाना, युवाओं का झारखंड कला,खेल, तकनीकी, साहित्य एवं उद्यम, नए झारखंड के निमार्ता को नमन, युवा शक्ति, युवा संवाद, हमारा स्वर्णिम भविष्य, मेरे राज्य का प्रवासी झारखंडवासी, मेरी विरासत मेरा जीवन जैसे बिंदुओं पर चर्चा और विचार-विमर्श होगा।

## गागर में सागर

### लायंस क्लब ने स्कूल के छात्रों के बीच किया जूते का वितरण



**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट की ओर से मंगलवार को कोकर स्थित के एम मलिक स्कूल में सैंकड़ों बच्चों के बीच जूतों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के स्पॉन्सर दिनेश लाल ठाकुर ने कहा कि सामाजिक सरोकार को ध्यान में रखते हुए यह कदम इन बच्चों के लिए उठाया गया। हमारा यह छोटा सा प्रयास इन बच्चो के लिए सार्थक साबित होगा। हमें हमेशा सभी जरूरतमंदों के लिए सेवा की भाव रखना होगा तभी हम सभी मिलकर दुनिया को दिखा सकेंगे। यह जानकारी लायंस क्लब ऑफ ईस्ट के पीआरओ आशुतोष द्विवेदी ने दी।

### सर्पदंश से मृत व्यक्ति के आश्रित को मिली अनुदान की स्वीकृति

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने राज्य विशिष्ट स्थानीय आपदा के तहत सर्पदंश से मृत व्यक्ति के आश्रित को क्षतिपूर्ति मुआवजा अनुदान की स्वीकृति दी है। मंगलवार को मिली जानकारी के अनुसार आवेदक जोगिन्दर राणा की पत्नी की मृत्यु सात मई, 2020 को सर्पदंश के कारण हो गई थी। मृत व्यक्ति के आश्रित को चार लाख रुपये के अनुदान की स्वीकृति प्रदान की है।

### उपायुक्त ने छह अपराधियों के खिलाफ अभियोजन की दी स्वीकृति

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने मंगलवार को जिले के तीन अलग-अलग थाना क्षेत्र के छह अपराधियों के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति दी है। उपायुक्त ने संबंधित प्रतिवेदनों को अवलोकन के बाद तीनों थाना क्षेत्र के अपराधियों के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की है। इनमें ठाकुर गांव थाना से आर्म्स एक्ट मामले में उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के सदस्य विकास गंझु उर्फ टुनटुन, सुखदेवनगर थाना से ड्रग्स की तस्करी और आर्म्स एक्ट मामले में मदन कुमार उर्फ सोनू, सिंटू जयसवाल, सरताज शाह, विक्रम सिंह एवं धुर्वा थाना से आर्म्स एक्ट मामले में कुंदन गोप शामिल हैं।

### 16 अक्टूबर को से चलेगा बाल विवाह रोको राज्यव्यापी जनजागरूकता अभियान



**रांची।** महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा बाल विवाह रोकने के लिए 16 अक्टूबर को राज्यव्यापी जनजागरूकता अभियान चलाएगा। विभाग ने इसको लेकर सभी उपायुक्तों को पत्र लिखा है। विभाग के सचिव कृपानंद झा ने पत्र में कहा है कि बाल विवाह एक अत्यंत ही गंभीर मुद्दा है। इस पर रोक लगाने के लिए जमीनी स्तर पर जनमानस को जागरूक करते हुए राज्य में बाल विवाह के विरुद्ध सकारात्मक माहौल तैयार करने की जरूरत है। प्रत्येक बच्चे को एक पूर्ण जिम्मेदार व्यक्ति के रूप में विकसित होने का अधिकार होता है, जो बाल विवाह के कारण क्षत-विक्षत हो जाता है। कम उम्र में विवाह से संविधान द्वारा प्रदत्त शिक्षा के मौलिक अधिकार का हनन होता है। इसके कारण बहुत सारे बच्चे अनपढ़ और अकुशल रह जाते हैं। जिससे उनके सामने अच्छे रोजगार पाने और बड़े होने पर आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने संबंधी चुनौती आ सकती है। इसको लेकर 16 अक्टूबर को बाल विवाह के विरुद्ध एक राज्यव्यापी जनजागरूकता अभियान आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है। जिसमें जमीनी स्तर पर सभी संबंधित हितधारकों, जनसामान्य की भागीदारी सुनिश्चित किया जाना अपेक्षित होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य एक दिन अधिकतम लोंगों तक पहुंच बनाते हुए बाल विवाह के खिलाफ राज्य सरकार की प्रतिबद्धता की अधिकाधिक जागरूकता सुनिश्चित करना है।

## कार्डिनल टोप्पो ने सहिष्णुता का संदेश पूरी दुनिया में फैलाया : खड़गे

**रांची।** कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के निधन पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दुःख जताया है। अपने शोक संदेश में कहा है कि कार्डिनल टोप्पो के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। वे लोगों की सेवा करते हुए उनके हक व अधिकारों के लिए हमेशा सजग रहते थे। उनके निधन से न केवल झारखंड का, बल्कि संपूर्ण मानव समाज के लिए एक बड़ी क्षति है। उन्होंने ग्रामीण परिवार में जन्म लिया, पर प्रेम और सहिष्णुता का उनका संदेश झारखंड के दायरे से आगे बढ़कर पूरी दुनिया में फैला। हमने ऐसे दूरदर्शी व्यक्तित्व को खोया है, जिसके प्रति प्रत्येक जाति, समुदाय और धर्म के लोगों के हृदय में सम्मान था। उनकी भावनात्मकता और अपनेपन से भरी भावना समुद्र से भी गहरी थी। उन्होंने झारखंड में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में जाति-धर्म से ऊपर उठकर काम किया। विशेष रूप से कमजोर तबके के लोगों के लिए उनके द्वारा किये गये काम को हमेशा याद रखा जायेगा। खड़गे ने कहा कि कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो एशिया के पहले आदिवासी कार्डिनल थे। वह आदिवासियों के साथ ही सभी के हितैषी थे। आदिवासी, दलित, पिछड़े, कमजोर तबके के लोगों के साथ ही प्रत्येक व्यक्ति के प्रति उनकी सद्भावना और सहयोग की भावना थी। प्रभु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल लोगों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दें।

### आश्विन कृष्ण पक्ष की रणदीरा एकादशी पर्व श्रद्धा के साथ किया गया आयोजित

# आरती के समय से ही प्रभु के दर्शन करने के लिए भक्तों की उमड़ी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को आश्विन कृष्ण पक्ष की रणदीरा एकादशी पर्व अत्यंत श्रद्धा सहित भक्ति में वातावरण में आयोजित किया गया। प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र ( बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत किया गया, साथी मंदिर में विराजमान बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी इस अवसर पर विशेष शृंगार किया गया। प्रातः 8:00 बजे श्रृंगार आरती के समय से ही प्रभु के दर्शन करने के लिए भक्तों की अपार भीड़ अनावृत बनी रही। लाल गुलाब, जूही, बेला, मोगरा रजनीगंधा, व गेंदा के फूलों से श्री श्याम प्रभु का मनोहारी श्रृंगार किया गया। रात्रि 9 बजे से श्याम प्रभु के जयकारों के बीच अखंड पावन ज्योत प्रज्ज्वलित की गई। भक्तगण मंगल दर्शन कर ज्योति आहुति प्रदान कर मनोवांछित फल मांग रहे थे। श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा गणेश वंदना के साथ संगीत में संकीर्तन प्रारंभ किया गया। तुझको मनाएंगे भजन तेरा



गाएंगे, तेरा हूं दिवाना दिलदार सांवरे, खड़ा हूं तेरी चौखट पर, शरण में ले लो अब प्यारे, किस्मत वाले को मिलता है श्याम तेरा दरबार इत्यादि भावपूर्ण भजनों ने पूरे वातावरण को श्याम भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान-फल - मेवा एवम केसरिसा दूध व मगही पान का भोग अर्पित किया गया। रात्रि 12 बजे महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। आज के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश सारस्वत , ओम जोशी, चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, विवेक ढांढनीयां, सुदर्शन चितलंगियां, बालकिशन परसरामपुरिया, नितेश केजरीवाल, जीतेश अग्रवाल, नितेश लाखोटिया, विकाश पाडिया का सहयोग रहा।

## कृष्ण पक्ष के मौके पर भक्तों ने खाटू नरेश के दरबार में टेका माथा

**रांची।** आश्विन माह की कृष्ण पक्ष के एकादशी के पूजन दर्शन अवसर पर जय जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम शरणागत हम आए आपके दर्शन हमको दे दो श्याम के ताली कीर्तन से प्रातः 8:30 बजे श्रृंगार आरती के बाद हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था आश्विन माह की कृष्ण पक्ष के एकादशी के पूजन दर्शन का। हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रातः 5:00 बजे से भक्तजन अमर पड़े। भक्तजन अपनी अरदास के साथ खाटू नरेश के दरबार में मत्था टेक रहे थे। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि इन्द्र एकादशी के अवसर पर मंदिर में विराजमान खाटू नरेश लड्डूगोपाल जी शिव परिवार हनुमान जी व गुरुजनों को नवीन पोशाक (बागा) पहनाया गया। लाल गुलाब पीला गेंदा तुलसीदास मोती सन ऑफ इंडिया की मोटी मोटी फुल मालाओं से मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं को सजाया गया। इस अवसर पर रिद्धि सिद्धि व प्राचीन तैल चित्रों को भी फूलों से सजाया गया। फिर गुलाब के विशेष रूह इत्र से खाटू नरेश का मसाज करके गोधूलि बेला के पहले मंदिर के कपाट



खोल दिए गए। मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा व मंदिर के आचार्य ने सभी गर्भ गृह का सजावट किया। विषेश श्रृंगार सेवा संजय सिंघानिया रेखा सिंघानिया रबड़ी प्रसाद सेवा अन्नापूर्णा सरावगी पंचमेवा प्रसाद सुभाष पोद्दार रौनक श्रुति पोद्दार एक भक्त ने गिरी गोला व एक भक्त ने फल प्रसाद की सेवा निवेदित की। आश्विन मास की इंदिरा एकादशी का मुख्य समारोह रात्रि 9:30 बजे से प्रारंभ हुआ। संजय सिंघानिया रेखा सिंघानिया ने खाटू नरेश की अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित करके केसरिया पेड़ा पंचमेवा विभिन्न फल केसरिया दूध रबड़ी नारियल मगही पान आदि का प्रसाद अर्पित कर परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना कर खाटू नरेश के दरबार में माथा टेका।

### उपायुक्त, की अध्यक्षता में स्पॉन्सरशिप फॉस्टर केयर अप्रूवल कमिटि की हुई बैठक

# हर बच्चे को चार हजार रुपये प्रतिमाह भुगतान करने का लिया गया निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पुनरीक्षित मिशन वात्सल्य योजना के तहत रांची जिला के बच्चो को प्रायोजन देखभाल योजना (स्पॉन्सरशिप) का लाभ मिलेगा। उपायुक्त सह अध्यक्ष स्पॉन्सरशिप फॉस्टर केयर अप्रूवल कमिटि राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में पुनरीक्षित मिशन वात्सल्य योजना के तहत समिति की बैठक में इसकी अनुशंसा की गयी है। बैठक में सदस्य सचिव जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, रांची सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे। बैठक में वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए योजना के लाभ के लिए कुल 104 बच्चों को देय किस्त की राशि पुनरीक्षित मिशन वात्सल्य योजना के तहत प्रति बच्चा प्रतिमाह चार हजार रुपए की दर से राशि का भुगतान किये जाने का निर्णय लिया



गया, जो प्रति बच्चा प्रथम त्रैमासिक अग्रिम के रूप में 12 हजार रुपए की दर से दिया जायेगा। वित्तीय वर्ष-2022-23 में योजना से लाभान्वित कुल-109 बच्चों को बकाया देय किस्त की राशि दिये जाने का निर्णय लिया गया, जो प्रति बच्चा प्रथम त्रैमासिक अग्रिम के रूप में 12 हजार रुपए की दर से दिया जायेगा। वित्तीय वर्ष-2023-24 में योजना से लाभान्वित कुल 01 बच्चे को बकाया देय किस्त की राशि त्रैमासिक अग्रिम के रूप में 12 हजार रुपए की दर से दिये जाने का निर्णय लिया गया। महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखण्ड राँची द्वारा जारी संकल्प के तहत प्रायोजन देखभाल योजना (स्पॉन्सरशिप) दिशा निर्देश 2018 के आलोक में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों (बालक/बालिका) जिनके परिवार की वार्षिक आय रू० 75000/- तक हो, बच्चे के माता पिता की मृत्यु हो चुकी हो, माता/पिता द्वारा बच्चे का परित्याग किया गया हो, जो रिश्तेदार के देख-रेख में रह रहे हो, ऐसे बच्चे जिनके माता/पिता किसी गम्भीर बीमारी से पीड़ित हो जिनमें एचआईवी/एड्स/लेप्रोसी एवं शत प्रतिशत दिव्यांगता हो अथवा माता/पिता दोनों कारागृह में हो, बाल विवाह, बालश्रम, बाल तस्करी या अन्य दुर्व्यवहार से प्रभावित बच्चे, जिन्हें पुर्नवास की आवश्यकता है के जीवन स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से उनकी पोषण, शिक्षा, चिकित्सा एवं विकास संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु उनके परिवार को अनुपूरक सहायता प्रदान किये जाने के प्रावधान है।

### रांची के मोरहाबादी में 22 लाख की लागत से बन रहा है इको फ्रेंडली पंडाल

**रांची।** राजधानी में शारदीय नवरात्र में एक से बढ़कर एक पूजा पंडाल बनाये जा रहे हैं। मोरहाबादी में बन रहा पंडाल भी बेहद खास है। इस बार इसे पुराने मंदिर का स्वरूप दिया जा रहा है। पंडाल पूरी तरह से इको फ्रेंडली है। पंडाल को प्रकृति को बिना क्षति पहुंचाए बनाया जा रहा है। इसकी खासियत, इसका हरा-भरा स्वरूप है। पंडाल में प्रवेश करने के बाद ऐसा लगेगा जैसे प्रकृति के बीच आ गए हैं। श्रद्धालुओं को ऐसा लगेगा कि वह लताओं-पेड़ पौधों के बीच किसी पुराने मंदिर में प्रवेश कर रहे हैं। यह पंडाल देखने में काफी भव्य लगेगा और लोग इसे बहुत ही चाह से देखने की लालसा रखेंगे। इस कुछ अलग तरह का पंडाल तैयार करने का निर्णय लिया है। गीतांजलि क्लब द्वारा बनाये जा रहे इस पूजा पंडाल की लागत 22 लाख रुपये है। पंडाल का पट महापंचमी को खोला जाएगा। गीतांजलि दुर्गा पूजा समिति से जुड़े सदस्यों ने बताया कि इस बार मां दुर्गा की 15 फीट ऊंची प्रतिमा बनाई जा रही है।

### मात्स्यिकी विज्ञान महाविद्यालय में अमृत कलश यात्रा निकाला गया

## छात्रों ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने का लिया प्रण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूरे भारतवर्ष में 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के तहत अपने देश के वीरों की शहादत को याद करने, उनकों नमन करने एवं अपनी मिट्टी और देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने के लिए मनाया जा रहा है। मात्स्यिकी विज्ञान महाविद्यालय गुमला में भी यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत मंगलवार को मनाया गया, जिसके अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में अमृत कलश यात्रा निकाला गया। अमृत कलश यात्रा निकालने से पूर्व महाविद्यालय परिसर से मिट्टी एकत्र किया गया। इसके बाद सभी विद्यार्थी, शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण ने अपने मुट्ठी में एकत्रित की गयी मिट्टी को लेकर पंच प्रण लिए। पंच प्रण के अधीन भारत को 2047 तक आत्म निर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने तथा भारत के नागरिक




होने का कर्तव्य निभाने का शपथ लिया गया। इसके तत्पश्चात सभी ने मिट्टी को कलश में डाला एवं उस अमृत कलश को लेकर महाविद्यालय परिसर की परिक्रमा की। इसके अलावे महाविद्यालय परिसर में देश के वीरों को समर्पित एक अमृत वाटिका 'वीर कार्तिक उरांव अमृत वाटिका' भी बनाया गया। जिसमें देशी फलदार वृक्षों के साथ-साथ अन्य उपयोगी वृक्षों के पौधे भी लगाये गए। इस कार्यक्रम में, महाविद्यालय में उपस्थित एनएसएस के सभी स्वयंसेवकों/ विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया क यह कार्यक्रम महाविद्यालय के सह-अधिष्ठाता डॉ. एके सिंह के दिशा-निर्देश में हुआ। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक -प्राध्यापक डॉ. ओम प्रवेश कुमार रवि, डॉ. श्वेता कुमारी, डॉ. गुलशन कुमार, डॉ. प्रशांत जना, डॉ. तशोक लेया, डॉ. वीरन्द्र कुमार सिंह, डॉ. स्टैनज़िन गावा, डॉ. रोहितास यादव, डॉ. केएस विसडम, डॉ. मनमोहन कुमार, डॉ. कस्तूरी चट्टोपाध्याय, सुश्री विष्णु प्रिया, संजय नाथ पाठक एवं अन्य सभी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### रावण दहन कार्यक्रम के लिए सीएम को दिया आमंत्रण

**रांची।** पंजाबी हिंदू बिरादरी का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को सीएम हाउस में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिला। मुख्यमंत्री को 24 अक्टूबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया। सदस्यों ने बताया कि पंजाबी हिंदू बिरादरी द्वारा हर साल की तरह इस साल भी रावण दहन कार्यक्रम मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। इस मौके पर पर इस कार्यक्रम का भव्य रूप से आयोजन करने का निर्णय लिया ग्या है। कार्यक्रम के दौरान भव्य आतिशबाजी के साथ-साथ स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में पंजाबी हिंदू बिरादरी के अध्यक्ष सुधीर उग्गल, महासचिव राजेश मेहरा, प्रवक्ता-सह-मीडिया प्रभारी अरुण चावला, दशहरा कमेटी 2023 के अध्यक्ष रंदीप आनंद और सचिव कुणाल अजमानी शामिल थे।

## भेड़िया तो इंडी एलायंस हैं, शेर नरेंद्र मोदी अकेला दहाड़ रहा : प्रदीप सिन्हा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भेड़िया तो इंडी एलायंस है जिसके कर्णधारों ने जनता, अपने प्रदेश को और मौका मिलने पर 60 वर्षों तक देश को लूटा है, भ्रष्टाचार के पंजों से नोचा खसोटा है। उन्होंने कहा कि इन भेड़ियों के खिलाफ जब आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शेर की तरह दहाड़ रहे हैं तो ये सभी अपने परिवार की राजनीति को बचाने ,भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए एकजुट हो रहे। उन्होंने कहा कि झारखंड में भी केंद्रीय जांच एजेंसियों ने भ्रष्टाचार के अनेक मामले उजागर किए हैं। साक्ष्यों के साथ मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कारवाई का अनुरोध किया है लेकिन एक वर्ष से ज्यादा



बीत जाने के बाद भी राज्य सरकार के आला अधिकारी सहित स्वयं मुख्यमंत्री इस पर कुंडली मारकर बैठे हैं। कारवाई करने से कतरा रहे हैं। भ्रष्टाचारियों को बचाने के पीछे आखिर मुख्यमंत्री की कौन से मजबूरी है। इससे स्पष्ट हो जाता है कि राज्य सरकार भ्रष्ट अधिकारियों,दलालों का संरक्षण कर रही है। उन्होंने कहा कि आज स्वास्थ्य मंत्री के बुलाने पर भी एंबुलेंस नही मिल रहा। गांव के गरीब खटिया पर मरीज को अस्पताल पहुंचाने को मजबूर हैं।

# पितरों के उद्धार के लिए भक्तों ने करायी श्रीवेंकटेश्वर भगवान की पूजा-अर्चना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मंगलवार को आश्विन कृष्ण पक्ष की इन्दिरा एकादशी व्रत के उपलक्ष्य पर श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में अगणित - ब्रह्माण्डों के स्वामी श्रीश्रीनिवास की प्रसन्नता के लिए हुए कई अनुष्ठान। प्रातः भक्तार्तिनाशन भगवान का विश्वरूप दर्शन, सुप्रभातम, मंगलाशासनम, करावलंबम स्तोत्र और वेंकटेश प्रपत्ति के बाद षोडषोपचार तिरु-आराधना की गयी। भगवान को आचमन, पुनराचमनियम, धूप, दीप, चंवर, छत्र, दर्पण और व्यजन (पंखा) समर्पण करके दंतधापन, जिह्वा निर्लेखन आदि भांति-भांति उपचारोंपरान्त नक्षत्र, कुंभ और कर्पूर से पृथक-पृथक मंत्रों द्वारा क्रमानुसार महाआरतियां की गई। फिर सुश्राव्य वेदध्वनियों



और देशिक स्वामी विरचित स्तोत्रों से स्तवन हुआ। फलाहारी खीर, सिंघाड़े के आटे का हलवा, साबूदाना आलू की खिचड़ी, फल, मेवा और मखाना का खीर से बालभोग निवेदन हुआ। दोपहर एवं रात्रि में द्वादश प्रकार के व्यंजनों का भोग लगा। आज के दिनभर का भोगः-श्री नवीन-नेहा अग्रवाल रांची ने लगवाया। अर्चकः श्रीसत्यनारायण गौतम, गोपेश आचार्य और नारायणदास ने सारे कार्यक्रम विधिपूर्वक कराया। मंदिर संचालन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष रामअवतार नारसरिया के साथ- साथ इन सब की रही भागीदारी सर्वश्री-प्रदीप नारसरिया, अनूप अग्रवाल, जगमोहन नारसरिया, राजेश सुल्तानिया, रंजन सिंह, गौरी शंकर साबू, घनश्याम दास शर्मा सुशील लोहिया आदि शामिल थे।

### आत्मनिर्भर | ए-हेल्प प्रोग्राम के जरिये गांवों में आर्थिक स्वावलंबन लाने में मिलेगी मदद

# राज्य में किसानों के लिए मिल्क प्लांट लगाने का है लक्ष्य : बादल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के कृषि एवं पशुपालन मंत्री बादल पत्र ने भरोसा जताया है कि केंद्र सरकार के साथ मिलकर शुरू किए गये ए-हेल्प प्रोग्राम के जरिये झारखंड के गांवों में आर्थिक स्वावलंबन लाने में मदद मिलेगी। जिन 2000 पशु सखियों को इस प्रोग्राम के माध्यम से 16 दिनों तक स्पेशल ट्रेनिंग मिलेगी, वे गांवों में पशु स्वास्थ्य, दुग्ध उत्पादन, पशुओं के टीकाकरण और दूसरे कार्यक्रमों में बड़ा रोल और प्रभावी तरीके से अदा कर सकेंगी। महिला सशक्तीकरण का भी आदर्श उदाहरण बनेंगी। मंत्री ने पशुपालन विभाग की ओर से हेसाग स्थित कार्यालय में मंगलवार को आयोजित ए-हेल्प कार्यक्रम का उद्घाटन किया। बादल ने खुशी जताते कहा कि ए-हेल्प प्रोग्राम के लिए केंद्र की ओर से देश के 7 राज्यों को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर चुना गया है,



जिसमें से एक झारखंड भी है। मध्य प्रदेश के बाद झारखंड में इस प्रोग्राम की लॉन्चिंग हुई है। राज्य में इस काम में एनडीडीबी जैसी संस्था का भी सहयोग मिलेगा। पूर्व में राज्य में 80 हजार लीटर दूध प्रतिदिन प्रोडक्ट होता था, अब एनडीडीबी के सहयोग से यह 2.50 लाख लीटर हो चुका है। बादल ने कहा कि आने वाले दिनों में पलामू की तरह जमशेदपुर, गिरिडीह में भी मिल्क प्लांट लगाया जायेगा। 42 हजार लाभुकों को राज्य में सीएम पशुधन योजना का लाभ दिया जा चुका है। पशुओं के बीमा के लिए दूसरे राज्यों में लागू प्रावधानों का अध्ययन करते जल्द ही इस राज्य के सभी पशुपालकों को लाभ दिया जायेगा। विभागीय सचिव और खासकर निदेशक आदित्य रंजन की सराहना करते कहा कि विभाग को सीएम की अगुवाई में अच्छे अफसर मिले हैं, जिसका लाभ मिलेगा। विभागीय सचिव अबू बकर सिद्दीख ने कहा

**पूर्व में राज्य में 80 हजार लीटर दूध प्रतिदिन प्रोडक्ट होता था, अब एनडीडीबी के सहयोग से यह 2.50 लाख लीटर हो चुका है**

कि राज्य में 6 करोड़ से अधिक पशुधन हैं। इनमें से गायों की संख्या 01 करोड़ 70 लाख है। राज्य में इतनी बड़ी संख्या में पशुधन होने से ए-हेल्प जैसे प्रोग्राम का महत्व बढ़ जाता है। चयनित पशु सखी आशा वर्कर (स्वास्थ्य सेवा) की तरह पशु सेवाओं के मामले में इस प्रोग्राम के लिए मिलने वाली ट्रेनिंग से लाभान्वित होंगी। पशुओं की बीमारी, उसके इलाज, टीकाकरण वगैरह में बेहतर तरीके से रोल अदा कर सकेंगी। पशुपालन से संबंधित सभी तरह की योजनाओं, कल्याण कार्यक्रमों के बारे में पशु सखियों को जानकारी लोकल लैंग्वेज में भी मिलेगी। सचिव ने बताया कि जल्द ही 236 पशु एंबुलेंस की सेवा सभी प्रखंडों में मिलने लगेगी। इसमें पशुओं के इलाज की जरूरत के मुताबिक इंतजाम रहेंगे। निदेशक (पशुपालन) राजीव रंजन ने कहा कि पूर्वोत्तर भारत में ए-हेल्प प्रोग्राम की शुरूआत करने वाला झारखंड दूसरा राज्य बना है। इससे राज्य में महिला सशक्तिकरण का प्रयास और तेज होगा, जो 60 विभागीय मास्टर ट्रेनर इस प्रोग्राम के लिए तय किए गये हैं, पशु सखी उससे ट्रेनिंग के दौरान लाभ उठाएं और जमीन पर ठोस तरीके से अमल करे। इस मौके पर सहायक पशुधन आयुक्त सुलेखा एस, एनडीडीबी के वरीय महाप्रबंधक ललित प्रसाद, राज्य गोसेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद सहित कई अन्य विभागीय अधिकारी, पशु सखी और अन्य भी उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### फूटानी चौक से जावातरी तक सड़क निर्माण को लेकर सांसद को ज्ञापन

**बरही ।** खोड़ाहर पंचायत के आदिवासी बहुल क्षेत्र फुटानी चौक से जवातरी तक की सड़क की स्थिति बिल्कुल ही दयनीय है. जहां पैदल चलना भी दुभर है. बरसात में स्थिति बदतर हो जाती है. ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है. उक्त बाते भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी ने स्थानीय सांसद जयंत सिन्हा को उनके आवास पर सैकड़ो ग्रामीणों के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन देते हुए बताया. साथ ही उक्त मार्ग को डीएमएफटी मद से बनवाने की मांग किया. उन्होंने सांसद को बताया कि दो किमी का यह मार्ग नुकीले पत्थरों से भरा पड़ा जिससे ग्रामीण मुख्य धारा से कटे से रहते है. सांसद ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश मीडिया प्रभारी को मार्ग अतिशीघ्र बनवाने का आश्वासन दिया. इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री सुनील साहू भी मौजूद थे. ज्ञापन में कविता कुमारी, ऋतुराज सिंह, अंशु टोप्पो, दिलीप पंडित, राजू तिर्की, अनिल प्रजापति, माला देवी, ललिता देवी, बसंती देवी, कौशल्या देवी आदि शामिल थे.

### मतदाता पहचान पत्र वितरण को लेकर बैठक, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**बरही ।** सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी सी आर इंदीवर ने मतदाता पहचान पत्र वितरण को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक किया. बैठक में प्रखंड के सभी डाकघर/उपडाकघर के पोस्टमास्टर मौजूद थे. सभी पोस्ट मास्टर को वोटर कार्ड ससमय वितरण करने हेतु निदेश दिया. साथ ही कार्ड वितरण में लापरवाही बरतने वाले पर करवाई की बात कही गई. बैठक में बीपीआरओ सावना मांझी, देवचंदा बीओ राजवीर कुमार ठाकुर, बरसोत बीओ नीरज कुमार बक्शी, बीपीएम अविनाश कुमार आदि उपस्थित थे. विदित हो कि मतदाता पुनरीक्षण को लेकर मतदाताओं का नया पहचान पत्र निर्गत किया गया है. इसे सभी मतदाताओं तक पहुंचाने को लेकर प्रखंड कार्यालय गंभीर है.

### मांगों के समर्थन में कृषक मित्रों ने विधायक आवास पर दिया धरना

**बरही ।** अपने तीन सूत्री मांगों के समर्थन में कृषक मित्रों ने स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला यादव के चौपारण स्थित आवास पर एक दिवसीय धरना दिया. उनकी अनुपस्थिति में विधायक के निजी सचिव अजय राय को अपनी मांगों के समर्थन में विधायक के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा. ज्ञापन पत्र के अनुसार कृषक मित्र को स्थाईकरण, मासिक मानदेय लागू करने और कृषक मित्र संघ के प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री से वार्ता करवाने संबंधित मांगे रखी गई है. धरना प्रदर्शन में शामिल होने वालो में कृषक मित्र राजेंद्र प्रसाद, बहादुर पासवान, नान्हू यादव, अशोक कुमार यादव, नागेश्वर कुमार, रामचंद्र यादव, मो.महमूद, रघुनंदन यादव, गीता देवी सुनीता देवी, रवि सिंह, सुनीता सिंह, आदि शामिल थे.

### बेहतर कार्य को लेकर युवा नेता संतोष देव को मिला सेवा सम्मान पत्र

**बरकट्ठा।** रांची स्थित गीतांजलि बैंक्वेट मोरबादी में झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में आयोजित मिलन सम्मेलन में प्रखंड के युवा नेता संतोष देव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।बताया गया कि श्री देव युवा कांग्रेस सेवक के रूप में समाज के लिए किये जा रहे बेहतर कार्य व दलीय सिंद्धान्तों के प्रति समर्पण और संगठनात्मक प्रचार-प्रसार के प्रति अनवरत सक्रियता को देखते हुए उन्हें सम्मानित किया गया है।इस सम्मान समारोह में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय,कृष्णा अलावरु, अखिल भारतीय युवा कांग्रेस कमेटी की उपस्थिति में झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिजीत राज मुख्य रूप से शामिल थे।प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि संतोष देव समर्पित व कर्तब्यनिष्ठ युवा कांग्रेस नेता है।पार्टी के प्रति उनकी वफादारी को ले कांग्रेस पार्टी हार्दिक सम्मान करते हुए उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सेवा सम्मान पत्र दिया।श्री देव को कांग्रेस पार्टी द्वारा मिले सम्मान से प्रखण्ड कॉंग्रेस कमेटी में हर्ष है।

### वन अधिकार समिति के पुनर्गठन में फर्जी हस्ताक्षर का किया गया विरोध

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के शिलाड़ीह पंचायत में अबुआ वीर ढिशोम अभियान 2023 के क्रियान्वयन तथा वन अधिकार समिति के पुनर्गठन मंगलवार को किया गया था जिसका ग्रामीणों ने बहिष्कार किया। पंसस प्रतिनिधि राजकुमार गिरी ने बताया कि स्थानीय मुखिया के द्वारा घर-घर जाकर रजिस्टर में फर्जी हस्ताक्षर कर वन समिति का गठन गुप्त तरीके से किया जा रहा था, जिसकी सूचना मिलने पर हम सभी ग्रामीण विरोध किया।वहीं अंचल कार्यालय के कर्मचारी बिशम्भर यादव, बीएफटी अरुण कुमार रोजगार सेवक विनोद कुमार मौके पर मौजूद थे। पंचायत समिति प्रतिनिधि ने बताया कि हम लोगों को इसकी कोई सूचना नहीं दी गई और गुपचुप तरीके से मुखिया के द्वारा रजिस्टर में हस्ताक्षर करके वन गठन का कार्यक्रम किया जा रहा है। जिसे ग्रामीण विरोध कर रहे हैं । इस बाबत ग्रामीण अंचलाधिकारी को एक लिखित आवेदन भी दिये है। बीएफटी अरुण कुमार से फोन पर संपर्क करने पर बताया कि वन प्रबंधन कमेटी का गठन करना था जिसमें रजिस्टर में पूर्व से ही कई लोगों का साइन किया गया था। जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया। इस कारण चुनाव स्थगित कर दिया गया अब अगला आदेश आने पर तिथि निर्धारित की जाएगी।

# टाटा से वाराणसी तक 'वंदे भारत' चलाने का फैसला

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के लोगों को बीते दिनों ही रेलवे ने टाटा से हावड़ा रुट पर वंदे भारत की सौगात दी थी. अब रेलवे एक और वंदे भारत को उपहार जमशेदपुर वासियों को देना जा रही है. भारतीय रेलवे ने टाटानगर से वाराणसी तक वंदे भारत चलाने का फैसला किया है. इसकी समय सारिणी भी जारी कर दी गई है. जल्द ही इस रुट पर ट्रायल रन होगा. इसके बाद तारीख की घोषणा कर दी जाएगी. जारी समय-सारिणी के अनुसार यह ट्रेन टाटानगर से खुलकर पुरुलिया, बोकारो स्टील सिटी, गया और पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर रुकेगी. इसका मेंटेनेंस टाटानगर स्टेशन में ही किया जाएगा. इसमें कुल 8 कोच होंगे. वहीं यह ट्रेन सप्ताह में 7 दिन चलेगी.

#### यह रहेगा समय

टाटानगर से यह ट्रेन सुबह 6.00 बजे खुलेगी और 574 किमी की दूरी 7.50 घंटे में तय कर दोपहर 1.50 बजे वाराणसी पहुंचेगी. वहीं वाराणसी से यह ट्रेन दोपहर 2.35



बजे खुलेगी और रात 10 बजे टाटानगर पहुंचेगी. फिलहाल इस ट्रेन का किराया तय नहीं किया गया है.

## वेतन और पीएफ कटौती के खिलाफ

# रेलवे यार्ड में सफाईकर्मियों ने किया हंगामा-काम ठप

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** स्थानीय को हटाने और बाहरी कर्मियों को काम देने के साथ-साथ वेतन और पीएफ कटौती के खिलाफ मंगलवार को धनबाद स्टेशन के रेलवे यार्ड कोचिंग में आउटसोर्स सफाईकर्मियों ने हंगामा करते हुए घंटों काम ठप कर दिया. जिससे सुबह से शाम तक काम प्रभावित रहा. आरपीएफ व रेलवे के अधिकारियों के समझाने के बाद सफाईकर्मी काम पर लौटे. जानकारी के अनुसार, सफाईकर्मियों का कहना था कि वे लोग पिछले दस वर्षों से उर्मिल सर्विसेज कंपनी की अधीन काम कर रहे थे. इधर 4 दिनों से नई कंपनी अरूण इंटरप्राइजेज को ठेका मिला है. नई कंपनी के ठेकेदार वेतन व पीएफ कटौती की बात करने लगे. जिससे वे लोग विरोध में आकर काम ठप कर दिया. स्थानीय कर्मी को हटाकर बाहरी कर्मी को काम दिलाने



की भी बात करने लगे. वे लोग अपने हक की मांग कर रहे हैं. खबर पाकर धनबाद आरपीएफ पोस्ट के अधिकारी व जवानों के साथ-साथ रेलवे के अधिकारी भी पहुंचे और कर्मियों से बातचीत कर उन्हें समझाया कि उन्हें किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होगी. उन्हें इंसाफ मिलेगा. वहीं जनता श्रमिक संघ के अमित गुप्ता ने कहा कि वे लोग सफाईकर्मियों के साथ हैं और उन्हें उनका हक दिलाकर रहेंगे. अरूण इंटरप्राइजेजं के प्रोजेक्ट मैनेजर राजीव सिंह का कहना है कि कर्मचारियों की मांग को पूरा किया जाएगा. कंपनी पहले पीएफ नहीं देती थी, लेकिन कर्मियों की मांग पर दिया जाएगा.

### एनएचएम कर्मियों को 15 प्रतिशत बढोतरी के साथ होगा भुगतान

**धनबाद।** जीएनएम, एएनएम सहित पारा मेडिकल कर्मी और अनुबंध कर्मियों को सातवें वेतन के विरुद्ध 15 प्रतिशत बढ़ोतरी के साथ मानदेय का भुगतान किया जाएगा. धनबाद सिविल सर्जन डॉ सीबी प्रतापन ने बताया कि 15 प्रतिशत बढोतरी के साथ भुगतान करने का आदेश दिया गया है. जारी आदेश में कहा गया है कि भुगतान से पूर्व सभी कर्मियों को शपथ पत्र जमा कराना होगा, ताकि भविष्य में अत्यधिक मानदेय भुगतान के विरुद्ध मानदेय से कटौती की जा सके. बताते चलें कि एनएचएम कर्मी के साथ स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की समझौता वार्ता हुई थी. उस वार्ता में मांगों पर सहमति बनी थी. इस संबंध में झारखंड राज्य चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने भी खुशी जाहिर की है. संघ के महामंत्री संजुत कुमार सहाय ने कहा कि यह बहुत ही खुशी का बात है कि दुर्गा पूजा से पहले सभी कर्मचारियों को भुगतान कर दिया जाएगा. इधर, सिविल सर्जन तक भुगतान नहीं होने की शिकायत भी पहुंची, जिसपर सिविल सर्जन ने संज्ञान लेते हुए भुगतान का आदेश जारी कर दिया.

### सदर अस्पताल में तैनात होमगार्ड जवानों का अनशन समाप्त

**जमशेदपुर।** वेतन नहीं मिलने से नाराज सदर अस्पताल में तैनात होमगार्ड जवान सोमवार को हड़ताल पर चले गए थे. जवानों ने सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष धरना देकर हड़ताल की घोषणा की थी. होमगार्ड जवान पप्पू सिंह और लकी हेंब्रम आमरण अनशन पर बैठे थे. इधर, मंगलवार को सिविल सर्जन के आश्वासन के बाद जवानों ने हड़ताल समाप्त कर दिया. झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष हरे कृष्णा सिंह ने जूस पिलाकर अनशन खत्म कराया.जिलाध्यक्ष ने बताया कि पांच माह के बकाए वेतन की मांग को लेकर जवान हड़ताल पर चले गए थे. सिविल सर्जन ने दो माह का वेतन देने पर सहमती जताई है, कहा है कि चार माह का बकाया वेतन काली पूजा के बाद दे दिया जाएगा. इसके बाद एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने हड़ताल खत्म करने की घोषणा की. एसोसिएशन ने सिविल सर्जन के समक्ष पूर्व में अस्पताल में तैनात 42 होमगार्ड जवानों को ड्यूटी पर वापस बुलाये जाने की मांग रखी, जिस पर सिविल सर्जन ने हामी भरी. बता दें कि पहले अस्पताल की सुरक्षा में 42 होमगार्ड जवान तैनात थे, जिनमें से 12 को हटा दिया गया था. इससे जवानों में नाराजगी थी.

# जमशेदपुर : राज्य में सिंडिकेट और भ्रष्टाचार हावी : बाबूलाल मरांडी



**नवीन मेल संवाददाता**

जमशेदपुर। झारखंड में सिंडिकेट और भ्रष्टाचारी हावी हैं. बिना चढ़ावा के कोई काम नहीं होता है. उक्त बातें मंगलवार को संकल्प यात्रा के दौरान जमशेदपुर में आयोजित जनसभा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कही. उन्होंने कहा कि पूर्वी सिंहभूम स्वास्थ्य मंत्री का गृह जिला होने के बावजूद यहां डेंगू से लोगों की मौत हो रही है तो पूरे राज्य की स्वास्थ्य सेवा की क्या स्थिति है, इसका अंदाजा आप स्वयं लगा सकते हैं. यही हाल राज्य के मुखिया के गृह जिला का है. मुख्यमंत्री के गृह जिला में लोगों के पास आयुष्मान कार्ड तक नहीं है. राज्य के अधिकारियों को लूट की छूट मिली हुई है. राज्य के सबसे अधिक जमीन के मालिक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हैं. उनके द्वारा आदिवासियों की जमीन पर कब्जा किया गया है. यह बात मैं नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री द्वारा न्यायालय में दिए गए शपथ में 108 संपत्ति का ब्यौरा दिया गया है. राज्य सरकार द्वारा केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद कर दिया गया है. इससे लोग परेशान है. भाजपा की सरकार आएगी तो राज्य में खुशहाली आएगी. लोगों को उनका हक और अधिकार मिलेगा. इसलिए आप लोग संकल्प लीजिए की राज्य और केंद्र में भाजपा की सरकार बनाएंगे.

#### झारखंड की पहचान को सीएम ने धूमिल किया : रघुवर दास

इससे पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि झारखंड की पहचान जल, जंगल, जमीन को राज्य के मुख्यमंत्री ने धूमिल किया है. राज्य में भ्रष्टाचारियों का बोलबाला है. चार साल में घोटाले की लंबी सूची है. पारा शिक्षक वेतन के लिए आंदोलनरत है. आगंनबाड़ी सेविकाओं को मानदेय नहीं मिल रहा है. राज्य में युवा सड़क पर हैं. भाजपा शासनकाल में राज्य को विकासशील से विकसित राज्य की सूची में हमने शामिल कराया था. तृतीय एवं चतुर्थ ग्रेड की नौकरी में स्थानीय लोगों के लिए आरक्षण लागू किया था. 1932 खतियान को लागू करने का वादा करके सत्ता में आए थे, लेकिन आज तक वादों को पूरा नहीं किया.

#### राज्य हर मोर्चे पर विफल है : विद्युतवरण

सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि राज्य हर मोर्चे पर विफल है. टाटा कमांड एरिया के बाहर गंदगी का अंबार लगा हुआ है. लोगों को पीने का पानी के लिए तरसना पड़ रहा है. सरकार में भ्रष्टाचारी हावी हैं. इस अवसर पर मंच पर प्रदेश के महामंत्री डॉ. प्रदीप यादव, मंत्री सुबोध सिंह गुड्डु, कुणाल षाड़ंगी, डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, पूर्व सांसद आभा महतो सहित अन्य उपस्थित थे.

### दुर्गा पूजा के मद्देनजर धनबाद में सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टी स्थगित, आदेश जारी

**धनबाद।** दुर्गा पूजा के मद्देनजर धनबाद में सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियों को स्थगित कर दिया गया है। इस बाबत धनबाद एसएसपी संजीव कुमार ने मंगलवार को सभी थानेदार, सार्जेंट, सिटी एसपी एवं पर्यवेक्षक को पत्र लिखकर आदेश जारी किया है। इस आदेश के मुताबिक दुर्गा पूजा पर्व के अवसर पर विधि-व्यवस्था के मद्देनजर सभी पुलिस पदाधिकारियों, पुलिसकर्मियों का सभी प्रकार का अवकाश तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाता है। सभी थाना, ओपी प्रभारी, पुलिस निरीक्षक, परिचारी प्रवर, डीएसपी, एसडीपीओ को निर्देश दिया जाता है कि पर्व के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण के लिए काफी संख्या में बलों की प्रतिनियुक्ति को दृष्टिगत रखते हुए किसी भी प्रकार का अवकाश स्वीकृत नहीं की जाएगी। साथ ही नौ अक्टूबर से स्वीकृत अवकाश में भी प्रस्थान नहीं देंगे। विशेष परिस्थिति में आरक्षी, हवलदार संवर्ग के कर्मियों का अवकाश संबंधित डीएसपी, एसडीपीओ एवं पुलिस पदाधिकारियों का अवकाश अधोहस्ताक्षरी के स्तर से स्वीकृत किया जायेगा। सभी पुलिस पदाधिकारी, कर्मी अपने-अपने कार्य क्षेत्र में मुस्तैदी से विधि-व्यवस्था संधारण का कार्य करेंगे। विधि व्यवस्था को देखते हुए श्रावणी मेला ड्यूटी के लिए पांच दिनों की अनुमति अवकाश लेकर समय पर योगदान नहीं करने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। अनुमति अवकाश पर गये पुलिसकर्मी को 11 अक्टूबर तक योगदान देना होगा।

### जमशेदपुर में फायरिंग कर भाग रहा अपराधी हुआ घायल, अस्पताल में भर्ती

**जमशेदपुर।** सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के उरांव बस्ती स्थित दुर्गा साहू घर के बाहर फायरिंग कर भाग रहे अपराधियों में एक घायल हो गया। जख्मी हालत में गोलमुरी थाना क्षेत्र स्थित 24 सिंधी रिफ्यूजी कॉलोनी निवासी मोनी मोहंती उर्फ चितरंजन मोहंती को पुलिस पकड़कर एमजीएम अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। इसके पास से घटना में प्रयुक्त एक लोडेड देसी पिस्टल, बाइक एवं घटनास्थल से खोखा बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार सोमवार देर रात उरांव बस्ती में दुर्गा साहू के घर के बाहर गोली चालन कि घटना की जानकारी मिल। वही घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार अपराधी भागने के क्रम में गिर कर जख्मी हो गया, जिसे पुलिस पकड़ कर जख्मी हालत में एमजीएम में भर्ती कराया गया। वही दुर्गा साहू के आवेदन के आधार पर तीन अपराधियों के विरुद्ध सीतारामडेरा थाना (काण्ड संख्या-176/2023) में मामला दर्ज किया गया। घटना में शामिल दो अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है।

### जमशेदपुर : भुइंयाडीह गैंगवार के आरोपी की मौत

**जमशेदपुर।** बागबेड़ा थाना अंतर्गत सिदो-कान्हू मैदान के पास रहने वाले सचिन सिंह का शव मंगलवार को उसके घर में पाया गया. सचिन का शरीर नीला पड़ गया था. इधर, परिजनों ने सचिन के हत्या की आशंका जताई है. मामले की सूचना पुलिस को दी गई. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. सचिन सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के भुइंयाडीह नीतीबाग कॉलोनी में हुए गैंगवार का भी आरोपी है. मामले को लेकर सचिन के पिता सुरेश सिंह ने बताया कि फिलहाल सचिन एक ट्रक की देखभाल करता था. वह रात को अपनी बाइक लेकर निकला था. वापस घर लौटने पर वह अपने कमरे में जाकर सो गया. वह रोजाना दोपहर 12 बजे के बाद ही सोकर उठता था. आज जब वह नहीं उठा तो वे उसे देखने कमरे में गए. इस दौरान पाया कि उसका शरीर ठंडा पड़ गया है. पिता ने बताया कि संभवतः उसे किसी ने कुछ खिला दिया है या शराब में कुछ मिलाकर पिला दिया है, जिससे उसकी मौत हो गई है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### चाकुलिया : माकड़ी और खाड़बांधा में जंगली हाथियों ने धान की फसल को रौंदा



**जमशेदपुर।** चाकुलिया प्रखंड स्थित बड़ामारा पंचायत के माकड़ी और लोधाशोली पंचायत के खाड़बांधा गांव में सोमवार की रात्रि 12 हाथियों के एक दल ने जमकर उत्पात मचाया. हाथियों ने लोधाशोली पंचायत स्थित खाड़बांधा गांव के गुरुचरण मांडी, लोबो गोप, मोतीलाल गोप, सुभाष गोप और बड़ामारा पंचायत स्थित माकड़ी गांव के मेघराय सोरन, फकीर सोरन, सोमाय सोरन, छाकु टुडू, उदय सोरन, सोमवारी सोरन समेत अनेक किसानों के खेत में खड़ी धान की फसल को खाकर और पैरों से रौंदकर बर्बाद कर दिया. इससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है. ग्रामीणों के मुताबिक आसपास के जंगल में जंगली हाथी डेरा डाले हुए हैं. जानकारी के मुताबिक हाथियों का एक झुंड चौठिया गांव के पास बुढ़ीशोल जंगल में और 12 हाथियों का एक झुंड माकड़ी गांव के पास लबाबांध जंगल में शरणागत है. जंगली हाथियों ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है. वहीं हाथियों के कारण ग्रामीण दहशत में हैं.

### महिला से आठ लाख के आभूषण की ठगी

**गिरिडीह।** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत तिरंगा चौक के समीप हंसा भारतिया से उनके पहने हुए आठ लाख के आभूषण बदमाशों ने ठग लिए। ठगी की शिकार महिला के पुत्र नील कमल भरतीया ने नगर थाने में मामला दर्ज कराया है। बताया गया कि महिला ई-रिक्शा से जा रही थी। इस बीच दो बाइक सवार बदमाशों ने रिक्शा को रोकते हुए कहा कि इतना जेवर पहन कर वह कहा जा रही है। जानती है कि शहर में घटना कितनी बढ़ गयी है। इसके बाद बदमाशों ने महिला के सारे जेवर की ठगी कर ली। ये घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद है। इस बाबत गिरिडीह पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की तलाश की जा रही है। उल्लेखनीय है कि बिहार के कटिहार जिले का कोढा गिरोह के अपराधी इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम देने के लिए कई तरह के हथकंडे अपनाते रहे हैं।

## भ्रष्टाचार | पत्रकारों-राजनेताओं की गिरफ्तारी पर वामपंथियों की प्रतिवाद सभा

# देश में अघोषित आपातकाल की स्थिति : सीटू




**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** प्रेस की आजादी पर हमला, वरिष्ठ पत्रकारों व नेताओं की गिरफ्तारी और अभिव्यक्ति की आजादी पर पहरा लगाने के खिलाफ वाम दलों ने मंगलवार स्थानीय धरना स्थल पर सीपीआई नेता महेंद्र राम की अध्यक्षता में प्रतिवाद सभा की. इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए सीपीएम नेता गणेश कुमार सीटू ने कहा कि देश की आम जनता कमर तोड़ महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रही है. वैसे समय में लोगों को इन बुनियादी मुद्दे से ध्यान हटाने के लिए सच दिखाने वाले न्यूज क्लिक से जुड़े कई पत्रकारों, लेखकों और वैज्ञानिकों के घरों में दिल्ली पुलिस ने छापामारी की ताकि आम जनता अपनी बुनियादी सवालों को भूल जाए. ऐसी खबर भारतीय लोकतंत्र को परेशान करने वाली है. देश के जाने माने वरिष्ठ पत्रकार उर्मिलेश, अभिसार शर्मा, भाषा सिंह, सोहेल हाशमी और इरफान जैसे लेखक व पत्रकार अपनी कलम और आवाज से सरकार से हमेशा सवाल करते रहते हैं. ऐसे में उनके घरों पर छापा मार कर लैपटॉप, मोबाइल फोन जब्त कर इन लोगों पर आतंकवाद से संबंधित यूएपीए के तहत मुकदमा दर्ज करना केंद्र सरकार की तानाशाही रवैए को दशार्ता है. इससे स्पष्ट होता है कि देश में अघोषित रूप से आपातकाल लगा दिया गया है. वहीं दूसरी तरफ केंद्र सरकार अपनी एजेंसियों के माध्यम से विपक्षी नेताओं को डराने-धमकाने के लिए उनके घरों में छापामारी कर गिरफ्तार कर रही है. अभी हाल ही में आम आदमी पार्टी के प्रखर सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार करना ये बताता है कि केंद्र सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार मुखर रहकर आवाज बुलंद करने वाले विपक्षी नेताओं और मीडिया को ईडी और सीबीआई से छापेमारी करवा गिरफ्तार करवाना आम बात हो गई है. केंद्र सरकार की गलत नीतियों की आलोचना करने वाले विपक्षी दलों के नेताओं, मीडिया कर्मियों और सामाजिक कार्यकताओं पर जिस प्रकार से हमले किए जा रहे हैं, वह इंदिरा गांधी शासन काल की आपातकाल को याद दिल रहा है. इन घटनाओं से वैश्विक स्तर पर देश की बदनामी हो रही है.

# पोषण माह के विभिन्न गतिविधियों में धनबाद ने हासिल किया तीसरा स्थान

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** एक से 30 सितंबर तक आयोजित पोषण माह के दौरान विभिन्न तरह की गतिविधियों के लिए धनबाद जिला पूरे राज्य में तीसरे स्थान पर रहा. इसकी जानकारी मंगलवार को निदेशक एनईपी इंदु रानी की अध्यक्षता में आयोजित समाज कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक में दी गई. जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप ने इसकी जानकारी दी. जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि पोषण माह के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों, प्रखंड एवं जिला स्तर पर जागरूकता के लिए धनबाद में चार लाख 23 हजार 87 गतिविधियों की गई. इसके लिए पूरे झारखंड में धनबाद ने तीसरा स्थान हासिल किया है. सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में निरसा एवं बाघमारा



प्रखंड ने शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है. जबकि धनबाद सदर ने 90.85%, झरिया 90.87%, तोपचांची 96.14%, बलियापुर 93.10%, टुंडी 99.42% और गोविंदपुर ने 89.15% लक्ष्य हासिल किया है. निदेशक एनईपी ने इन प्रखंड के सीडीपीओ एवं पर्यवेक्षिका को दो दिन में शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने का निर्देश दिया. मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में तोपचांची प्रखंड ने शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया है. निदेशक एनईपी ने अन्य प्रखंडों को कार्य में प्रगति लाकर शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया. बैठक में निदेशक एनईपी इंदु रानी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप, डीएमएफटी के सज्जाद अंसारी, सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षिका मौजूद थे.

## गागर में सागर

### बरकट्ठा के चेचकप्पी में किया गया वनाधिकार समिति का गठन



**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत चेचकपी के ग्राम सिजुआ, ग्राम पचरुखी तिलैया तथा ग्राम रोसा में वन अधिकार अधिनियम 2023 के अंतर्गत समिति का गठन किया गया। ग्राम पचरुखी तिलैया में अध्यक्ष सहदेव हंसदा, सचिव मणिलाल सिंह, सिजुआ में अध्यक्ष सुखदेव सिंह, सचिव बालेश्वर सिंह, ग्राम रोशा में अध्यक्ष बालेश्वर मेहता, सचिव महेश सिंह को सर्व समिति से मनोनीत किया गया। मौके पर उपस्थित ग्रामीण बाबूराम मांझी, तुलसी हसदा, शिकारी मांझी, विनोद सोरेन,विक्की सिंह, झंडू सिंह नरेश सिंह, मुरली सिंह, जेठू सिंह, मुकेश रविदास, कार्तिक सिंह प्रज्ञा सिंह, बालेश्वर मेहता, सरिता देवी, कंचन देवी समेत अन्य लोग थे।

### विधायक की प्रयास से मासीपीढ़ी और तुईयो सड़क की कराई गई मरम्मत



**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मासी पीढ़ी-तुईयो जानी वाली सड़क को विधायक अमित कुमार यादव के प्रयास से मरम्मत कराया गया। विदित हो कि बीते दिन मासीपीढ़ी - तुईयो जानी वाली सड़क का मुख्य मार्ग बारिश के कारण कीचड़ में तब्दीली को लेकर अखबारों व सोशल मीडिया में सुर्खियों में रहा। जिसके बाद स्थानीय विधायक की पहल पर मिट्टी मोरम भरकर सड़क को मरम्मत कराया गया। ज्ञात हो कि उक्त सड़क का टेंडर हो चुका है लेकिन टेक्निकल समस्या के कारण बंरवा से तुईयो रोड तक का निर्माण कार्य शुरू नही हुआ। इस नेक कार्य के लिए विधायक के प्रति लोगों ने आभार प्रकट किया। मौके पर समाजसेवी दिलीप प्रसाद, जागो रविदास, बैजनाथ मंडल, योगेश्वर चौधरी,सुनाल कुमार, महावीर मंडल, विश्वनाथ प्रसाद,वकील मंडल, बैजु प्रसाद, प्रवीन कुमार आदि दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### रामगढ़ में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक

**रामगढ़।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ प्रखंड कोर कमेटी का एक आवश्यक बैठक 10 अक्टूबर को रामगढ़ के माया टुंगरी में संपन्न हुई । बैठक की अध्यक्षता पवन महतो एवं संचालन सतेंद्र कुमार महतो ने किया। मौके पर झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति जिला रामगढ़ कोर कमेटी के सक्रिय सदस्य पानेश्वर कुमार महतो ने कहा कि जेबीकेएसएस सभी समुदाय के लोगों को एक साथ जोड़कर काम करने वाली पार्टी है. कहा की समाज के शोषित पीड़ित वंचित दवे कुचले की आवाज बनकर यह पार्टी आगे आ रही है। कहा की सभी को एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने की जरूरत है क्योंकि झारखंड का विकास जेबीकेएसएस के माध्यम से ही संभव है । बैठक में मुख्य रूप से पंचायत स्तरीय गठन पर विस्तार से चर्चा की गई । साथ ही टाइगर जयराम महतो के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया । बैठक में मुख्य रूप से पनेश्वर कुमार, देवानंद महतो, आनन्द केटिआर, लालू प्रसाद, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, प्रदीप महतो, अमरलाल महतो,देवेंद्र कुमार, मायाराम महतो, विशाल कु महतो, सूबेदार चौधरी आदि उपस्थित थे।

### रामगढ़ दौरे पर झारखंड विधानसभा की पुस्तकालय विकास समिति

**रामगढ़।** झारखंड विधानसभा की पुस्तकालय विकास समिति के रामगढ़ जिले के दौरे के दौरान मंगलवार को समिति कई सभापति अपर्णा सेन गुप्ता ने जिला समाहरणालय सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो सहित जिले के वरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान सर्वप्रथम उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो द्वारा सभापति अपर्णा सेन गुप्ता एवं विधायक बाघमारा ढुल्लू महतो का पौधा देकर रामगढ़ जिले में स्वागत किया गया। बैठक के दौरान सभापति द्वारा बताया गया कि साधारण वर्ग के बच्चों को शिक्षा से जोड़ते हुए उनके विकास में योगदान देने के उद्देश्य से सरकार पंचायत स्तर से जिला स्तर तक पुस्तकालय उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है। बैठक के दौरान ग्रामीण विकास विभाग के समीक्षा के क्रम में माननीय सभापति ने उप विकास आयुक्त से जिले में बाबा साहब अंबेडकर आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा सहित अन्य योजना की जानकारी ली। इस पर उप विकास आयुक्त द्वारा बताया गया कि अंबेडकर आवास योजना के तहत आवासों को स्वीकृति कर कार्य किये जा है। साथ ही मनरेगा के तहत जिले में कई कार्य किए जा रहे हैं।

# बरकट्ठा : मिट्टी उठा रहे मशीन और हाइवा पर पथराव ,दो पक्षों में मारपीट



- पत्रकार के साथ की बदसलूकी, पत्रकारों में आक्रोश
- पुलिस की शिथिलता के कारण आरोपियों के बढ़ रहा हौसला
- पुलिस की प्राथमिकी कार्रवाई या दिखावा लोगों में चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के कोनहरा कला स्थित पूरनाडीह में मिट्टी उठाव कर रहे पोकलेन मशीन और हाइवा वाहन पर पथराव में जहां हाइवा और मशीन के शीशे टुट गये वहीं नौ लोग महबूब अंसारी पिता मुस्लिम अंसारी,मंजुर अंसारी पिता सराफत अंसारी,राम अवतार यादव पिता चोलेश्वर यादव,सैरुना खातून पति छटु मियां , मुस्तकीम अंसारी पिता रमजु मियां, इसरैल अंसारी पिता रमजु मियां ,सैदुना खातून पति मुस्तकीम अंसारी,सहादत अंसारी पिता बंधन मियां और मुमताज अंसारी पिता अब्दुल वदुद चोटिल हो गए। लोगों ने बताया कि कोनहरा कला निवासी मकबूल अंसारी वगैरह के जमीन से मिट्टी उठा कर गांव के ही समीम अंसारी अपने खेत में मिट्टी भरा रहा था। इसी बीच बीते दिनों हुए पुलिस पर पथराव के मुख्य आरोपी मोहम्मद ताज के परिजनों ने आकर मशीन और हाइवा पर पथराव कर दी उसके बाद दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई।

#### समाचार संकलन करने गये पत्रकार से बदसलूकी

विवाद की सूचना पाकर स्थानीय दैनिक अखबार के रिपोर्टर जब उक्त स्थल पर पहुंच कर तस्वीर और विडियो लेने लगा इसी बीच मो ताज के परिजनों ने हाथ में डंडा लेकर पत्रकार के साथ बदसलूकी करते हुए तस्वीर लेने से मना किया। वहां उपस्थित लोगों ने दौड़कर आये पत्रकार को बचाने का प्रयास किया। विदित हो कि पुलिस पर पथराव के मुख्य आरोपी मोहम्मद ताज पर बरकट्ठा थाना में कई मामले दर्ज हैं। जिसको लेकर बरकट्ठा पुलिस 17 अगस्त को मो ताज को पुलिस गिरफ्तार करने गई थी और पुलिस पर पथराव किया गया जिसमें कई पुलिस कर्मी चोटिल हो गए। इस मामले को लेकर बरकट्ठा थाना कांड संख्या 157/23 के तहत सरकारी काम में बाधा डालने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने समेत अन्य धाराओं के तहत 130 नामजद और 100 से 150 अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। लेकिन आज तक पुलिसिया कार्रवाई नहीं होने से लोगों का हौसला बढ़ रहा है। लोगों के बीच यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि पुलिस की प्राथमिकी महज एक दिखावा है। या फिर कोई बडे ओहदेदार का हाथ है। जिससे पुलिस मौन रुप धारण कर ली है।

# बरही में अतिक्रमण के लिए 38 दुकानें चिह्नित

### एक बार फिर चलेगा प्रशासन का डंडा

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** शहर के प्रमुख मार्ग को अतिक्रमित कर सड़क बाधित करने वाले लोगों को एक बार फिर से प्रशासन का कोप भाजन बनना पड़ सकता है. मामले को लेकर सीओ रामनारायण खलखो ने बताया कि कई दुकानदार शहर के प्रमुख मार्ग पर स्थाई या अस्थाई संरचना बना कर अतिक्रमित किए हुए हैं. जिससे आए दिन ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती है. कुछ ही दिन बाद दुगार्पूजा, छठ इत्यादि जैसे त्योहार में ट्रैफिक सहित भीड होने की उम्मीद है. अतिक्रमण के कारण अप्रिय घटना की संभावना बढ़ती है. ऐसे में शहर के प्रमुख मार्गो पर किए गए



अतिक्रमण को हटाने के लिए सीआई की अगुवाई में स्थल चिन्हित किया जा रहा है. शीघ्र ही सभी चिन्हित लोगो को अंचल कार्यालय नोटिस जारी कर अतिक्रमित स्थल मुक्त करने का आदेश देगा. ऐसा नही करने पर नियमसंगत कारवाई करते हुए अतिक्रमित हिस्से को जबरन हटाया जायेगा. सीआई सतीश कुमार ने बताया कि मापी के दौरान धनबाद रोड में कुल 38 दुकानों को चिन्हित किया गया है. उन्होंने बताया कि डिवाइडर से 40 फीट की दूरी तक अतिक्रमण मुक्त रखना है.

### प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला बंद करो : माले

**रामगढ़।** भाकपा माले केंद्रीय कमिटी के आह्वान पर रामगढ़ जिला कमेटी के नेतृत्व में माले कार्यालय से सुभाष चौक तक नारे लगाते हुए प्रतिरोध मार्च निकाला गया. यह प्रतिरोध मार्च न्यूज क्लिक के पत्रकारों के खिलाफ मोदी सरकार की कार्रवाईयों और उनकी गिरफ्तारियों को लेकर निकाला गया. भाकपा माले के प्रवक्ताओं ने कहा कि स्वतंत्र पत्रकारिता पर लगाम लगाने की कोशिश की जा रही है. इन छापों और गिरफ्तारियों के खिलाफ भाकपा माले रामगढ़ जिला कमेटी के नेतृत्व में माले कार्यालय से सुभाष चौक तक नारे लगाते हुए प्रतिरोध मार्च निकाला गया. इस प्रतिरोध मार्च में भाकपा माले सचिव- भुनेश्वर बेदिया, अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हीरा गोप, जयनंदन गोप , झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा के नरेश बडाईक, बिगेन्द्र ठाकुर, दिलेश्वर महतो आदि मौजूद थे।

### चौकीदार आत्महत्या मामला

# बरही: प्राथमिकी दर्ज को लेकर गोलबंद हुए ग्रामीण



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** चौकीदार महादेव यादव आत्महत्या मामले में दर्ज प्राथमिक की को लेकर पंचमाधव के ग्रामीण गोलबंद हो चुके है. मामले को लेकर मंगलवार की सुबह पंचमाधव गांव से सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष एसडीपीओ से मिलने उनके आवास पहुंचे थे. एसडीपीओ की अनुपस्थिति में ग्रामीणों ने एसडीपीओ के नाम आवेदन देकर दर्ज झूठे प्राथमिकी को खारिज करने का मांग किया है. ग्रामीणों का कहना था कि चौकीदार व उसके परिवार को समाज के पंचायत ने दुष्कर्म के मामले में समाज से बहिष्कृत किया गया था. पीड़िता के पिता के आवेदन पर बरही थाना में पोक्सो एक्ट के तहत मामला भी दर्ज था. बीते चार महीने से वह व्यक्ति गांव में नहीं देखा जा रहा था. उसका पुत्र ही उसके स्थान पर ड्यूटी दे रहा था. बीते आठ अक्टूबर को अचानक फांसी लगाकर आत्महत्या का मामला सामने आया. जिसमे गांव के किसी भी व्यक्ति का कोई हाथ नही है और ना ही किसी भी प्रकार से प्रताड़ित किया गया है. पूर्वाग्रह से ग्रसीत होकर आत्महत्या को हत्या का रूप देते हुए मृतक के पुत्र ने कुछ निर्दोष ग्रामीणों को फंसाने का काम किया है, जो अनुचित है.

### चकमा देकर एटीएम चुराने वाला शातिर अपराधी गिरफ्तार

**रामगढ़।** पुलिस ने एक ऐसे शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है जो लोगों को चकमा देकर उनका एटीएम कार्ड चुराता था। चोरी किए गए एटीएम से अपराधी महंगे जेवर, ब्रांडेड घड़ियां, आई-फोन और कपड़े आदि खरीदना था। इस संबंध में मंगलवार को रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि शातिर अपराधी उत्तम कुमार सिंह को गिरफ्तार करने में कुजू पुलिस ने काफी मशक्कत की है। उन्होंने बताया कि उत्तम हजारीबाग जिले के इचाक थाना क्षेत्र के साढम गांव का रहने वाला है। उसके पास से विभिन्न बैंकों के 22 एटीएम कार्ड, आई-फोन, फास्ट्रेक की घड़ी के साथ-साथ फेविकोल और बिजली का टेस्टर बरामद हुआ है।

# फुटपाथ दुकानदारों पर चला बुलडोजर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर में बढ़ती ट्रैफिक समस्याएं एवं आने वाले त्योहारों को लेकर जिला प्रशासन द्वारा फुटपाथ दुकानों पर 10 अक्टूबर को बुलडोजर चलाया गया और उन्हें वहां से हटाया गया. साथ ही उनके सामानों को जब्त भी किया गया. इससे फुटपाथ दुकानदारों में हड़कंप मचा हुआ है. सभी अपने रोजी-रोजगार का रोना रो रहे हैं. इस कार्रवाई में जिला प्रशासन की ओर से रामगढ़ थाना पुलिस, रामगढ यातायात पुलिस, कंटोनमेंट के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा शहर के विभिन्न चौक चौराहा सुभाष चौक, थाना चौक, चट्टी बाजार, लोहार टोला की फुटपाथ



दुकानों पर बुलडोजर चलाया गया. जिला प्रशासन की मानें तो यह कार्रवाई त्योहारों और ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए की गई है. वहीं, फुटपाथ दुकानदारों की मानें तो त्योहार के सीजन में हम लोगों को बिना किसी जगह प्रशासन ने व्यवस्था दिए रोजी रोजगार छीन लिया है. हम लोगों की पेट पर लात मारा जा रहा है.

### सदस्यों को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर पूरी टीम प्रयासरत है: जगेश्वर प्रजापति

**रामगढ़ ।** मोतीराम कॉम्प्लेक्स बोंगावार फोरलेन में स्वंयसेवी संस्था उज्वला फाउंडेशन की मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता सांसद प्रतिनिधि सह फाउंडेशन के अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति व संचालन फाउंडेशन पदाधिकारी आशा कुमारी व शांति देवी ने संयुक्त रुप से किया । बैठक के दौरान फाउंडेशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने फाउंडेशन को आगे बढ़ाने समेत कई आवश्यक बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया। बैठक मे अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने फाउंडेशन द्वारा अब तक किए गए कार्यो को चर्चा करते हुए कहा कि फाउंडेशन से जुड़े सदस्यों को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर पूरी टीम प्रयासरत है। साथ ही महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत केंद्र में जल्द ही सिलाई - कढ़ाई प्रशिक्षण दिलाकर सदस्यों को आर्थिक सहयोग दिलाया जाएगा। इधर, आगामी नवरात्र पर्व को लेकर कुजू व बड़काचुम्बा पंचायत से जुड़े 41 सदस्यों के बीच साड़ी का वितरण किया गया। मौके पर प्रकाश केसरी, सुखदेव सोनी, मनसरी देवी, संगीता देवी, डिंपल प्रजापति, पिंटू प्रजापति, छोटन प्रजापति, सोनी कुमारी, सुनीता देवी, मानको देवी, शान्ति देवी, अनीता देवी, मंजू देवी, गीता देवी सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# सावित्री फ्यूल पेट्रोल पंप पर फायरिंग मामले में दो गिरफ्तार, उगले कई राज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** पतरातू थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते 5 अक्टूबर की रात्रि में करीब 8:30 बजे खैरमांझी स्थित सावित्री फ्यूल पेट्रोल पम्प पर गोलीबारी में शामिल दो अभियुक्तों को एसआईटी द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। एसआईटी द्वारा मामले में आदित्य सिंह उर्फ रिंकू और महेंद्र गंझू को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में पतरातू एसडीपीओ डॉ वीरेंद्र कुमार चौधरी ने दी। उन्होंने बताया की पेट्रोल पंप पर आपाची बैक पर सवार होकर तीन अपराधी पहुंचे थे और गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया था। एसडीपीओ ने बताया की गोलीबारी कांड को लेकर पेट्रोल पंप के मालिक पिंटू अग्रवाल के आवेदन के आधार पर पतरातू थाना कांड स 178/23, दिनांक 06/10/2023, धारा 385/387/ 120 (बी) भादवि एवं 27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। बताया की घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी पीयूष पांडे द्वारा एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआईटी का गठन जांच आरंभ किया गया। एसडीपीओ ने बताया की छापेमारी दल द्वारा कांड का उद्भेदन करते हुए यह पाया गया कि इस कांड को प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीपीसी के भरत जी द्वारा करवाया गया है तथा कांड के अनुसंधान के क्रम में छापेमारी दल द्वारा 10 अक्टूबर को गोलीबारी की घटना में शामिल दो अभियुक्तो आदित्य सिंह उर्फ रिंकू और महेंद्र गंझू को गिरफ्तार किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि अपराधी महेंद्र गझू पतरातू थाना कांड सं- 20/23, दिनांक 08/02/2023, धारा 25 ( 1-बी)ए / 26 / 35 आर्म्स एक्ट में आरोप पत्रित हैं । उन्होंने बताया की गिरफ्तार दोनो अभियुक्तों घटना में शामिल होने की बात स्वीकार की है। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर इस घटना में अपराधियों द्वारा फाइरिंग के दौरान इस्तेमाल किया गया सफेद रंग का अपाची बाइक और रेकी के लिए इस्तेमाल किया गया ब्लू रंग का अपाची बाइक को एसआइटी ने बरामद कर लिया है।

### वन अधिकार समिति का गठन, नाली का उद्घाटन

**हजारीबाग।** चौपारण पंचायत में अबुआ वीर दिशोम अभियान 2023 के तहत बिगहा और गुरुवाडीह में मुखिया पिंकी देवी की अध्यक्षता में सर्वसम्मति सेवन अधिकार अधिनियम समिति का गठन किया गया. इसमें बिगहा से अध्यक्ष घसिया मुंडा, सचिव नीलम देवी एवं गुरुवाडीह से अध्यक्ष शबनम खातून व सचिव साजिदा खातून को चुना गया. उसके बाद बिगहा में सुरेश भुइयां के घर से महरू रजक के घर तक नाली का उद्धघाटन कर कई विकास कार्यों पर चर्चा की गई. इस मौके पर उपस्थित लोगों में पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि बिनोद कुमार सिंह, पंचायत सेवक ममता कुमारी, सुमन सिंह, बबलू सिंह सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे.

### रामगढ़ में पूर्व छात्र सम्मेलन के लिए राप्रच सविमं के पूर्व छात्र परिषद की बैठक

**रामगढ़।** रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर रामगढ़ के पूर्व छात्र परिषद की बैठक विद्यालय परिसर में मंगलवार को आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता पूर्व छात्र परिषद के संयोजक प्रवीण कुमार सोनू एवं संचालन सह संयोजक आलोक कुमार अग्रवाल ने किया। बैठक में मुख्य रूप से आगामी 18 अक्टूबर को होने वाले कार्यक्रम हेतु विद्यालय के प्रधानाचार्य वरुण चौधरी , आचार्य दिनेश महतो एवं संचालन समिति के सभी सदस्य उपस्थित हुए। मौके पर प्रवीण कुमार ने बताया कि आगामी 18 अक्टूबर को 3:00 बजे से रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर रामगढ़ के पुरातन भैया बहनों का विद्यालय परिसर में सम्मेलन होना सुनिश्चित हुआ है। जिसमें मुख्य रूप से क्षेत्र संगठन मंत्री, विद्या भारती (उ.पूर्व क्षेत्र) के ख्यालीराम जी का सानिध्य प्राप्त होगा। इस कार्यक्रम के निमित पूर्व छात्र परिषद के द्वारा एक गूगल फॉर्म भी लॉन्च किया गया है। जिसमें पुरातन भैया बहन अपना पंजीकरण करके इस सम्मेलन में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर सकते हैं। आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु संचालन समिति के प्रमुख सदस्य भैया विशाल जयसवाल,आनंद बरेलिया, दिनेश कुमार, शुभम कुमार, सागर मेहता, बहन गीता कुमारी, अनिका कुमारी, भैया राजीव कुमार,तारा शंकर, आंनद कुशवाहा,अजय अग्रवाल,मोहन कुमार, शशि कुमार,शिवम कुमार ,अमन कुमार को महत्वपूर्ण जिम्मेवारियां दी गई।

**सलाह दी** | अदाणी फाउंडेशन ने किया चिकित्सा शिविर का आयोजन

# 10 गांव के 314 ग्रामीणों का हुआ मुफ्त इलाज

**नवीन मेल संवाददाता**

**बड़कागांव (हजारीबाग)।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फाउंडेशन ने पिछले दस दिनों में बड़कागांव प्रखंड के चार स्थलों पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया। इस दौरान प्रखंड के करीब दस गांव के 138 पुरुष और 131 महिलाओं समेत कुल 314 ग्रामीणों का इलाज किया गया। इन सभी को जरूरत के हिसाब से निःशुल्क दवाईयां भी प्रदान की गई। अधिकतर लोगों को अर्थराइटिस, एग्जीमा, कुपोषण और गैस्ट्रिसिस की बीमारी शिविर में मरीजों का इलाज कर रहे चिकित्सक डॉ बिजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि अधिकतर ग्रामीणों में स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न समस्याएं पाई गई है, जिसमें अर्थराइटिस, पॉली अर्थराइटिस, एग्जीमा, कुपोषण, सामान्य सर्दी,




गैस्ट्रिसिस, एनीमिया, डायरिया, आंखों की समस्याएं और सामान्य दर्द शामिल है। सभी मरीजों को डॉक्टर ने आवश्यक सलाह दी और उसे ईमानदारी से पालन करने की अपील की। जिन जगहों पर ये चिकित्सा शिविर लगाए गए उसमें ब्लॉक मोड़ हाई स्कूल मैदान, शिवाडीह, कुमारडीहा और पिपरडीह शामिल हैं। इस चिकित्सा दल में डॉक्टर के अलावा फार्मासिस्ट संगीता कुमारी, एसपीओ त्रिलोक कुमार झा और वाहन चालक ननकू प्रसाद दांगी शामिल थे। गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फाउंडेशन द्वारा बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न इलाकों में लगातार विभिन्न लाभकारी आयोजनों के जरिए सामाजिक दायित्वों का निर्वहन किया जा रहा है। हाल ही में अदाणी फाउंडेशन ने फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया था, जिसमें प्रखंड के 176 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। इससे पहले गोद लिए गए टीबी के 70 मरीजों के बीच निःशुल्क पोषण किट का वितरण और किसानों के बीच अच्छी फसल के लिए खाद का निःशुल्क वितरण भी अदाणी फाउंडेशन की ओर से किया गया था।

# प्लस टू हाई स्कूल में हिजाब पहनकर प्रार्थना सभा में शामिल हुईं तीन छात्राएं

### स्कूल की सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास न करें: प्राचार्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** 1968 से संचालित प्लस टू हाई स्कूल बरकट्ठा के इतिहास में पहली बार हिजाब पहनकर प्रार्थना सभा में तीन छात्राएं शामिल हुई। जिसे देख प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार पाण्डेय आश्चर्यचकित हो गये। उन्होंने तीनों छात्राओं को बुलाकर पूछताछ की तो छात्राओं ने बताया की मेरे अभिभावकों ने इसकी इजाजत दी है। वहीं प्रधानाचार्य ने तीनों के अभिभावकों समेत क्षेत्र के गणमान्य लोगों को बैठक कर इस समस्यायों से अवगत कराया। साथ ही विद्यालय की सौहार्द वातावरण को न बिगाड़ने की अपील की। वहीं पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि ने कहा कि विद्यालय शिक्षा की मंदिर है। इसे राजनीतिक अखाड़ा नहीं बनायें और शिक्षा को



बढ़ावा देने का प्रयास करें। वहीं बरकट्ठा दक्षिणी मुखिया अब्बास अंसारी ने कहा कि विद्यार्थियों को सरकारी गाइडलाइंस का पालन करते हुए शिक्षा ग्रहण करने पर ध्यान देने का प्रयास करना चाहिए। ऐसा कोई कार्य नहीं करें जिससे शांति माहौल बिगड़े। वहीं सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कोई भी छात्र छात्राएं हिजाब खोलकर स्कूल में प्रवेश करें ताकि सभी विद्यार्थियों में समानता बनी रहे। बैठक में मुखिया आबास अंसारी,पुर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, सांसद प्रतिनिधि केदार साव, पूर्व मुखिया मोइन अंसारी,पंसस प्रतिनिधि संजय गुप्ता, प्रबंधन समिति अध्यक्ष बंशी यादव, माले अंचल सचिव शेर मोहम्मद, विहिप प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव समेत आदि लोग उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### कोडरमा : सेक्रेड हार्ट स्कूल में पीटीएम का आयोजन

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में मंगलवार को पीटीएम का आयोजन किया गया. यह पीटीएम नर्सरी से 12वीं तक के बच्चों के लिए था. सुबह नौ बजे से बच्चे अपने पैरेंट्स के साथ स्कूल पहुंचे और टर्म वन तथा पीटी टू परीक्षा की मूल्यांकित कॉपियों को देखा. कॉपियों को देखकर बच्चे और अभिभावक काफी खुश दिखे. स्कूल के प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने बताया कि कॉपियों का मूल्यांकन त्रुटि रहित हुआ है. बच्चों ने काफी अच्छा किया है. परीक्षा और पीटीएम के सफल संचालन में एकेडमिक को-ऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार, दीपक सर्राफ, सुभय कुमार, आशुतोष गौतम, सीमा जैन, अलका सिंह, फैया कैशर, जेपी सिंह, रंजीत सिंह, संजय कुमार, चंदन पांडेय, अभिलाषा सिंह, पायल सिंह, शंकर कुमार, सतीश कुमार, विक्की कुमार, विशाल आनंद, राकेश पांडेय, अनमोल रतन, राहुल कमार, मनोज सिंह, सुनील पाठक, स्वीटी सिन्हा, सपना शर्मा, पवन ठाकुर, विक्रम कुमार, समेत अन्य शिक्षकों का योगदान रहा.

### मानसिक परेशानी होने पर डॉक्टर से करें संपर्क : डॉ. रमण कुमार

**कोडरमा।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल के ओपीडी प्रतिक्षालय में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परिचर्चा का आयोजन किया गया. इस अवसर पर राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला नोडल पदाधिकारी डॉ. रमण कुमार ने उपस्थित मरीजों एवं उनके परिजनों को बताया कि किसी भी व्यक्ति के लिए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों ही बहुत जरूरी है. अगर कोई व्यक्ति शारीरिक रूप से स्वस्थ है लेकिन उसका मानसिक स्वास्थ्य खराब है तो उसे अपने जीवन में कई प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. मानसिक स्वास्थ्य से व्यक्ति की अपनी क्षमताओं का पता चलता है, कि वह जीवन में तनाव का सामना कर सकते हैं. मानसिक विकार व्यक्ति के स्वास्थ्य-संबंधी व्यवहार, फैसले, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद, सुरक्षित यौन व्यवहार आदि को प्रभावित करता है और शारीरिक रोगों के खतरे को बढ़ाता है. इसलिए अगर आप अपने जीवन में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का अनुभव करते हैं तो इसके बारे में जानना, चिकित्सक की मदद लेना और इलाज करवाना बेहद जरूरी है, क्योंकि ये आपकी सोच, मनोदशा और व्यवहार को भी प्रभावित करता है.

### नगर परिषद के कार्यों की समीक्षा



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में नगर परिषद सिमडेगा की समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ।बैठक के दौरान उपायुक्त ने नगर परिषद अंतर्गत संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा किया। उन्होंने नागरिक सुविधा, शहरी परिवहन एवं 15 में वित्त आयोग अंतर्गत एच.एल.एम.सी में भेजी जाने वाली योजनाओं की सूची की समीक्षा कर योजनाओं के चयन हेतु गठित समिति को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। दुर्गा पूजा के दौरान शहर में विधि व्यवस्था बनी रहे साफ सफाई का विशेष ख्याल रखें ताकि त्यौहार के दौरान किसी प्रकार की कोई भी परेशानी उत्पन्न न हो।बैठक में विधायक प्रतिनिधि कोलेबिरा मो शमी आलम, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद सुमित कुमार महतो, सिटी मैनेजर आकाश, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता मुकेश कुमार, एवं अन्य उपस्थित थे।

### बीडीओ ने पीएम आवास को लेकर कर्मियों के साथ की समीक्षा बैठक



**बानो।** प्रखण्ड कार्यालय बानो के सभागार में बीडीओ नईमउद्दीन अंसारी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास को लेकर मुखिया व प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक हुई । बैठक में सर्वप्रथम सभी कर्मचारियों व प्रखण्ड बिभिन्न पंचायत के मुखिया से परिचय हुआ ।प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नईमउद्दीन अंसारी ने सभी पंचायत के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री आवास के लाभुकों से कहे कि प्रधानमंत्री आवास निर्माण जल्द पूर्ण कराये। कार्य पूर्ण होने पर ही गाँव के विकास कार्यो को गति दे सकते है। सभी प्रखण्ड कर्मियों से कहा कि समय पर कार्य पर पहुंचे तब ही पंचायत का बिकास हो सकेगा मनरेगा योजना को लेकर कहा कि इससे हर गाँव मे अधिक लोगो को जोड़े । आम बागवानी के लिये सभी राजस्व ग्राम में ग्राम सभा कर अधिक से अधिक लोगो को जोड़े।

### जीवोदया संस्थान में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन

# मानसिक रोगियों को दवा से ज्यादा प्यार की जरूरत : जज

नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा ने सोमवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर हॉली फैमिली स्थित जीवोदया संस्थान में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया. रोटरी क्लब ऑफ कोडरमा, हैंड इन हैंड इंडिया, इनरव्हील क्लब ऑफ कोडरमा, चिल्ड्रेन ऑफ इंडिया फाउंडेशन, लायंस क्लब कोडरमा एवं राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के संयुक्त तत्वावधान में जागरुकता शिविर का आयोजन हुआ. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार वीरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि मानसिक रोगियों के साथ सहानुभूति पूर्वक व्यवहार करना चाहिए, ताकि वे भी अपने आप को आम लोगों की तरह सरल व सहज समझ सकें. उन्होंने कहा कि मानसिक रोगियों को दवा से ज्यादा प्यार की जरूरत है. उन्होंने कहा कि मानसिक रोगियों सहित समाज के किसी भी पीड़ित व्यक्ति को मदद करने के प्रति जिला विधिक सेवा प्राधिकार कृत संकल्पित है. कोई भी व्यक्ति पैसे या साधन के अभाव में न्याय से वंचित नहीं रह सकता. जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के सचिव अभिषेक प्रसाद ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि मानसिक रोगियों के कारणों पर मंथन करने की जरूरत है. उन्होंने मोबाइल और टीवी से दूर रहने की लोगों से अपील की. हैंड इन हैंड इंडिया, के डीजीएम रवि रंजन ने कहा कि मानसिक रोगियों की सेवा कर जीवोदया ने समाज के सामने एक आदर्श प्रस्तुत किया है. जिससे हमें प्रेरणा लेने की जरूरत है. सिविल सर्जन कोडरमा डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग जीवोदया की मानसिक रोगियों के लिए दवा एवं अन्य संसाधन मुहैया कराने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा. चिल्ड्रेन ऑफ इंडिया फांउडेशन की प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर तबस्सुम परवीन ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि हमें एक दिन नहीं, बल्कि हमेशा जीवोदया आकर मानसिक रोगियों से प्रेम बांटने की जरूरत है. इससे इन्हें ज्यादा खुशी मिलती है. अपने संबोधन में जिला परिषद कोडरमा के सदस्य व समाजसेवी महेन्द्र यादव ने कहा कि मानसिक दिव्यांगों को समाज की मुख्यधारा में शामिल करने का प्रयास हम सबों को करनी चाहिए. यही आज के दिवस की प्रासंगिकता होगी. हॉली फैमिली नर्सिंग स्कूल की उप प्राचार्या सिस्टर सलोमी ने जीवोदया को सहयोग करने के लिए सभी संस्थाओं एवं प्राधिकार की भूरि-भूरि प्रशंसा की. कायर्क्रम के पूर्व हॉली फैमिली नर्सिंग स्कूल की छात्राओं ने स्वागत गान तथा जीवोदया के मानसिक दिव्यांगों की ओर से सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया. कायर्क्रम का संचालन न्यायालयकर्मी रंजीत कुमार सिंह ने किया. कायर्क्रम में लायंस क्लब के सुजीत कुमार अम्बष्ठा, गजेंद्र राम, जेएन झा, केके मजुमदार, सिस्टर सलोमी, सिस्टर फिलबी, सिस्टर लीला, सिस्टर माला, चिल्ड्रेन ऑफ इंडिया फाउंडेशन के दीनबंधु, तरनुम खातुन, हैंड इन हैंड इंडिया के राजन कुमार विश्वकर्मा व भोला पासवान, पुलिस अवर निरीक्षक प्रियंका कुमारी, न्यायालयकर्मी जेनीश कुमार, संतोष कुमार, पीएलभी पांडेय शेखर प्रसाद, सामाजसेवी प्रकाश कुमार, रंजीत यादव, सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे.



# एसपी ने मासिक क्राइम गोष्ठी का किया आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** एसपी सौरभ ने मंगलवार को आगामी पर्व त्यौहार को लेकर एसपी कार्यालय सभागार में मासिक क्राइम गोष्ठी का आयोजन किया। क्राइम गोष्ठी का आयोजन करते हुए उन्होंने विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने अपराध नियंत्रण अनुसंधान नियंत्रण आगामी पर्व त्यौहार को लेकर विधि व्यवस्था सहित कई बिंदुओं पर थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।एसपी सौरभ ने कहा दुर्गा पूजा को लेकर विभिन्न थाना प्रभारी को किसी प्रकार की समस्या में किस प्रकार से पहल करने पर चर्चा की। इसके अलावा अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों के सत्यापन जेल से छूटे हुए लोगों का सत्यापन एवं जमानतदारो का सत्यापन आदि चीजों को लेकर चर्चा हुई।उन्होंने बताया कि सिमडेगा पुलिस टेक्निकल आगे बढ़ने का प्रयास कर रही है ।और इसके लिए बीआइटी रांची की टीम यहां आकर काम कर रही है ताकि आने वाले दिनों में टेक्नोलॉजी के माध्यम से सिमडेगा पुलिस हर बिंदुओं पर बेहतर साबित हो सके। उन्होंने बताया कि दुर्गा पूजा को लेकर सिमडेगा पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। ड्रोन कैमरा एवं सादे निवास के माध्यम से चप्पे चप्पे पर नजर रखी जाएगी ।जो भी पूजा के दौरान किसी प्रकार की गलत कार्य करते हुए पाए जाएंगे । उनके विरुद्ध विभिन्न धाराओं के साथ कार्रवाई होगी। पिछले महीने किए गए दर्ज कांडों में अब तक किए गए निष्पादन ट्रायल एवं अन्य बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की मौके पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मी को सम्मानित किया।

## समूह की दीदी-आम जनों ने श्रमदान कर बनाया रास्ता



नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** प्रखंड अंतर्गत एडेगा पंचायत के पोगोलोया बरटोली से रामजड़ी बाजारटांड जाने वाली सड़क की स्थिति बहुत ही जर्जर हो गई थी जिसमे ग्रामीणों को आवागमन करने में बाधित हो रही थी। उसी रास्ते से होकर बच्चे स्कूल जाया करते हैं ।साग सब्जी बेचने वालो को भी इस रास्ता से होकर गुजरना पड़ता है, इस गांव में सड़क खराब होने की वजह से एम्बुलेंस सेवा तक इस गांव में नहीं पहुंच पाती है ।जिस वजह से कभी किसे के बीमार पड़ जाने से अभी गर्भवती महिला को रामजड़ी रास्ता तक पहुंचाना मुश्किल पड़ जाता है। लोगों को कई सारी समस्याओं का समाना करना पड़ता है ।लोग इस रास्ता की वस्तु स्थिति को गांव के मुखिया को भी अवगत कराया है। लेकिन इस रास्ता का हाल बेहाल है अन्ततः महिला समूह के दीदियों और ग्रामीणों ने मिलकर श्रमदान कर इस रास्ता को चलने युक्त बनाया। वहीं एडेगा मुखिया जीरेन डांग ने कहा की इस सड़क को जल्द से जल्द बनाने का कोशिश करूंगी,ताकि लोगों को सभी परेशानियों का निदान हो।

### दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक, बोले उपायुक्त

## अफवाह-अशांति फैलाने वाले पर होगी कड़ी करवाई

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगाः- उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलीस अधीक्षक सौरभ कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में मंगलवार को दशहरा पर्व 2023 को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन हुआ। जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में पूजा समितियों द्वारा बताया गया कि कलश स्थापना 15 अक्टूबर को होगा एवं विजयादशमी व रावण दहन 24 अक्टुबर 2023 को होगा, वहीं प्रतिमा विसर्जन 25 अक्टुबर को किया जाएगा। बताया गया कि सिमडेगा में 15, जलडेगा में 3, बानो में 4, कुरडेग में 6, केरसई में 5, कोलेबिरा मे 7, ठेठईटांगर में 4, पाकरटांड़ में 3 एवं बोलबा प्रखण्ड में 3 जगहों पर पूजा का आयोजन होता है ।बैठक में उपायुक्त ने कहा कि दशहरा पर्व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण एवं आपसी भाई-चारा के साथ मनाया जाए एवं अफवाह तथा अशांति फैलाने वाले व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखते हुए जिला प्रशासन को ससमय सूचना देने की बात कही। उन्होने सुप्रीम कोर्ट के गाईडलाइन के अनुसार डी.जे. साउण्ड प्रतिबंधित होने की बात कही। शोभा यात्रा में रूट चार्ट का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा मुर्तियां विसर्जन में भी निर्धारित समय का विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी से बारी-बारी दशहरा पर्व के मद्देनजर तैयारियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। पुजा के दौरान ट्रैफिक कन्ट्रोल की दिशा में भी चर्चा की गई। आग की रोकथाम एवं बचाव हेतु सभी पण्डालो मे फायर सुविधा एवं बाल्टी में बालू की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। शहर के झुले हुए सभी बिजली के तार को दुरूस्त करने का निर्देश दिया। नगर परिषद् एवं वन विभाग को पेड़ की टहनियों की कटनी-छटनी करने की बात कही। उन्होंने पुजा समिति को किसी भी तरह की समस्या एवं कठिनाई होने पर, अविलम्ब प्रशासन को सूचित करने का निर्देश दिया। उपायुक ने कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद् को त्यौहार के मध्य नजर शहर की साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी को दशहरा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी सौहार्द्रपूर्ण एवं शांतिपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाये।



## दुर्गापूजा को लेकर थाना प्रभारी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा।** तिलैया थाना परिसर में थाना प्रभारी विनोद कुमार की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा को लेकर के शांति समिति की बैठक हुई. बैठक में गणमान्य लोग और पूजा समितियों के प्रतिनिधि मौजूद थे. पूजा शांति एवं सौहार्दपूर्वक मनाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया. सभी लाइसेंसधारी समितियां को लाइसेंस रिन्यूअल करवाने को लेकर और जिनके पास लाइसेंस नहीं है उनको लाइसेंस लेने को कहा गया. सभी समितियों के अध्यक्ष, सचिव और कम से कम पंद्रह सदस्यों का लिस्ट मांगा गया. थाना प्रभारी ने सभी समितियों से कहा कि आप लोग पहचान के लिए अपने अपने वॉलिंटियर को आईडी कार्ड के साथ रखें. ताकि पहचान में किसी को परेशानी न हो. इस बैठक में चंदन चक्रवर्ती,प्रे म कुमार पांडेय, अनिल सिंह, अशोक पांडे, त्रिवेणी पांडेय, उपेंद्र प्रसाद सिंह, दीपक पांडेय, आलोक यादव, बबलू सोनार, गोविंद सिंह, रणधीर सिंह, तारकनाथ सिंह, विकास जोशी, अनिल यादव, दुर्गा प्रसाद शर्मा, राजेश पासवान, अरविंद सिंह, विजय बर्नवाल, बैजू यादव, अजय कुमार वर्मा, राजू साव, महेंद्र सिंह आदि लोग उपस्थित थे.



### विधायक को होमगार्ड जवानों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सिमडेगा ।** होमगार्ड संघ के सदस्यों ने विधायक भूषण बाड़ा को ज्ञापन देकर अपनी समस्याएं बताई। होमगार्ड जवानों कहा कि कुछ होमगार्ड जवानों को ही ड्यूटी पर लगाया गया है। जबकि बहुत से होमगार्ड जवानों को ड्यूटी नहीं लगाई गई है। जिन होमगार्ड जवानों की ड्यूटी नहीं लगी है। उन्हें मानदेय नहीं मिलता है। जिस कारण ऐसे होमगार्ड जवानों के समक्ष कई परेशानी उत्पन्न होती है। होमगार्ड जवानों ने अपनी नौकरी स्थाई कराने की भी मांग की। मौके पर विधायक ने कहा कि वे होमगार्ड जवानों के साथ है। पूर्व में भी होमगार्ड जवानों की समस्याओं को दूर कराया गया था। भविष्य में भी होमगार्ड जवानों की सभी समस्याओं को दूर किया जाएगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि शकिल अहमद, अख्तर खान, जिला सचिव महताब आलम आदि मौजूद थे।

## पाकरटांड़ में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन



**पाकरटांड।** भारतीय जनता पार्टी मंडल पाकरटांड में ₹मेरा माटी मेरा देश₹ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।भाजपा द्वारा जिले में चल रहे ₹मेरा माटी मेरा देश₹ कार्यक्रम के निमित्त जिला के सभी प्रखंडों में कलश एकत्रीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।प्रखंड अध्यक्ष मनिन्दर बिंझिया एवम कार्यक्रम प्रभारी सीताराम प्रसाद के नेतृत्व में पाकरटांड सामुदायिक भवन परिसर में एकत्रीकरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे मुख्य अतिथि श्रधानन्द बेसरा ,मण्डल संसद प्रति निधि दीपनरायन दास ,मण्डल महामंत्री बिरेन्दर पंडा , एसटी मोर्चा बसुदेव तिर्की , किसान मोर्चा बिजय सिंह, वरिष्ठ कार्यकर्ता निकुंज सिंह , दिलबर नाग आदि शामिल थे।

**जागरूक** | कांग्रेस पार्टी की खूंटी लोकसभा समन्वय समिति की बैठक

# आप बूथ समिति को मजबूत करें : बंधु



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा डाक बंगला में मंगलवार को सिमडेगा कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की के अध्यक्षता में खूंटी लोकसभा समन्वय समिति की संगठनात्मक संरचना की समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष सह खूंटी लोकसभा प्रभारी बंधु तिर्की जराष्ट्रीय आदिवासी कांग्रेस उपाध्यक्ष डॉ प्रदीप बालमुचू, खूंटी लोकसभा के संयोजक कालीचरण मुंडा ,सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ,कोलेबिरा विधायक विक्सल कौनगाड़ी ,जिला प्रभारी रंजन बोईपोई, विधानसभा प्रभारी रोशन बरवा, कोलिबीरा विधान सभा प्रभारी अखिल रहमान, एलडीएम संतोष गुप्ता एवं देवजीत देवघरिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। लोकसभा प्रभारी बंधु तिर्की ने सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं पंचायत अध्यक्ष को स्पष्ट रूप से कहा 2024 में देश में कोई भी आम चुनाव की तरह नहीं बल्कि संविधान बढ़ाने की लड़ाई है। जो साबित करेगा कि हम लोकतंत्र और संविधान को कैसे रक्षा करें ।लोकसभा की लड़ाई बहुत आसान नहीं है, लेकिन आप जैसे कार्यकर्ता मेहनत करेंगे तो खूंटी लोकसभा कांग्रेस जीत दर्ज करेगी ।आप बूथ समिति को मजबूत करें और सभी बुथो में 6 महिलाओं को शामिल करें। राहुल गांधी ने जितनी आबादी देश में उत्तराधिकार महिलाओं को देने की बात कही गई है। देश में 2014 से पहले क्या था और अब मंहगाई क्या है इन सभी चीजों को गांव-गांव तक जाकर बताने का प्रयास करें। उन्होंने आगे कहां की पंचायत कमेटी को मजबूत करने के लिए जिला कमेटी के महासचिव, उपाध्यक्ष प्रखंड प्रभारी एवं सचिव पंचायत प्रभारी जल्द से जल्द कार्य दिया जाएगा। बहुत जल्द जिले के 94 पंचायत के अध्यक्षों के साथ सम्मेलन होगी इसमें राष्ट्रीय स्तर के नेता शामिल होंगे। सिमडेगा विधायक ने कहा कि सिमडेगा विधानसभा में कार्यकताओं का उत्साह है क्योंकि सिमडेगा के कार्यकर्ता आने वाले चुनौती को मुकाबला के लिए तैयार हैं ।कोलेबिरा विधायक ने कहा पिछले कई महीनो से सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को जोड़ने का कार्य किया जा रहा है युवाओं को भी जोड़ा जा रहा है जिससे कि कांग्रेस मजबूत होगी।

# योजनाओं के संचालन में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतेंः डीसी

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा की अध्यक्षता में मंगलवार को सामुदायिक पुलिसिंग से संबंधित समीक्षा बैठक की गई।बैठक के दौरान उपायुक्त ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जन-कल्याणकारी योजनाओं का जानकारी जिले के सुदूरवर्ती व जंगलों, पहाड़ों में निवास करने वाले ग्रामीण जनों तक पहुंचने की दिशा में आवश्यक निर्देश। उन्होंने सामुदायिक पुलिसिंग के जरिए सरकार की विभिन्न महत्वपूर्ण योजना जैसे - सर्पदंश, वज्रपात, पानी में डुबने, सड़क दुर्घटना से मानव जीवन क्षति होने पर सरकार के द्वारा मिलने वाले लाभ की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाने की बात कहीं। साथ ही विभिन्न प्राकृतिक आपदा, हाथी आक्रमण, अतिवृष्टि सहित स्वास्थ्य, राजस्व, समाज कल्याण, कल्याण विभाग, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, बाल संरक्षण, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जे.एस.एल.पी.एस., श्रम विभाग एवं अन्य विभाग अंतर्गत लाभुकों को मिलने वाले लाभ की संपूर्ण जानकारी अपने क्षेत्र के ग्रामीणों को पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्देश दिए।बैठक में पुलिस अधीक्षक सौरभ अपर समाहर्ता अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र कुमार, नजारत उपसमाहर्ता राजेन्द्र प्रसाद सिंह सहित जिला स्तरीय पदाधिकारीगण, सभी थाना प्रभारी, सभी थाना इंस्पेक्टर सहित अन्य उपस्थित थे।



## गागर में सागर

### विद्यालयों में शैक्षणिक किट व बेंच-डेस्क की सप्लाई में अनियमितता की शिकायत

**केतार।** प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने मंगलवार को बीडीओ मुकेश मछुआ को पत्राचार कर सरकारी विद्यालयों में शैक्षणिक किट और बेंच-डेस्क की सप्लाई में अनियमितता बरतने की शिकायत की है। प्रमुख चंद्रावती देवी ने बताया कि नियम कानून को ताक पर रखकर शिक्षा विभाग के कर्मियों के मिलीभगत से विद्यालयों में किट सप्लाई कॉपी, कलम, पेंसिल, इंस्ट्रूमेंट बॉक्स, रबर, कटर एवं बेंच-डेस्क की सप्लाई प्रखंड के 44 विद्यालयों में की जा रही है, जबकि स्थानीय दुकानदारों द्वारा प्रबंधन समिति के निर्णय के बाद उक्त सामग्री का कार्य किया जाना है। विद्यालय में बेंच डेस्क और किट खरीदारी में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा जा रहा है। इसमें बड़े पैमाने पर कमीशनखोरी की बात सामने आ रही है। विद्यालयों में ज्यादा कमिशन देने वाले सप्लायरों से समाग्री खरीदी जा रही है। प्रमुख ने कमेटी बनाकर एक सप्ताह के भीतर इसकी जांच कराने और दोषी पाये जाने पर संबंधित सप्लायरों पर कार्रवाई करने की बात कही। प्रमुख ने इसकी प्रतिलिपि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, उप बिकास आयुक्त और उपायुक्त को भी भेजी है। उल्लेखनीय है की केतार प्रखंड के विद्यालयों में बेंच डेस्क की सप्लाई शिक्षा विभाग के जेई द्वारा ही की जा रही है।

### प्रतिष्ठित व्यापारी सुरेश की मां का निधन



**गढ़वा।** शहर के इंदिरा गांधी रोड निवासी स्व. गुप्तेश्वर प्रसाद की धर्मपत्नी व प्रतिष्ठित गल्ला व्यापारी सुरेश कुमार लालो की मां व श्री बंशीधर नगर के युवा पत्रकार शुभम जायसवाल की नानी पान कुंवर देवी का निधन हो गया। वे 93 वर्ष की थीं और कुछ दिनों से अस्वस्थ थीं। सोमवार की अहले सुबह अपने घर पर अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे दो पुत्र, एक पुत्री, पुत्रवधू, दामाद, नाती, पोता समेत भरा पूरा परिवार छोड़ कर गईं। उनके निधन की खबर मिलते ही गल्ला व्यापारीयों में शोक की लहर दौड़ गई। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह, शहर के सांसद प्रतिनिधि चंदन जयसवाल आदि उनके घर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। उनकी शव यात्रा में गाजे-बाजे के साथ निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। दिवंगत की बड़ी पुत्री मीना देवी ने कंधा दिया। उनका अंतिम संस्कार दानरो नदी के मुक्ति धाम पर किया गया। वही मुखाग्नि उनके छोटे पुत्र सुरेश कुमार लालो ने दी। शोक व्यक्त करने वालों में जोखू प्रसाद, रमेश प्रसाद, सुमित कुमार, आशुतोष कुमार, विकास जयसवाल, भरत प्रसाद, संजय कुमार, राजकुमार प्रसाद आदि शामिल हैं।

### 'जन आंदोलन तेज करने की जरूरत'

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत पुरनांनगर ग्राम में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नये सदस्यों की बैठक मजबुल्ला खां की अध्यक्षता में आयोजित कर पार्टी शाखा का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से पुरनांनगर शाखा के लिये परवेज अंसारी को सचिव व शंभूनाथ चेरो को सह सचिव बनाया गया। नये शाखा का गठन करते हुये जिला सचिव राजकुमार राम ने कहा कि देश की धर्मनिरपेक्ष, समाजवादी, गणतांत्रिक व्यवस्था को बदलने की कोशिश भारतीय जनता पार्टी द्वारा किया जा रहा है। हम सबों को देश की धर्मनिरपेक्षता, मिली जुली भाईचारे की परंपरा को बचाने की लड़ाई लड़नी होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार देश की जनता का ध्यान महंगाई, बेरोजगारी जैसी मूल समस्याओं से भटकाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जनता की मूल समस्याओं को लेकर आंदोलन तेज करने की जरूरत है। बैठक में गणेश सिंह, रामेश्वर प्रसाद अकेला, देवीदयाल मेहता, राजकुमार भुइयां, रामनाथ उरांव, अब्दुल खां, यूनुस खां, रेयाज अंसारी, सलमान खान आदि उपस्थित थे।

### 'मानसिक स्वास्थ्य को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता लाने की जरूरत'

**गढ़वा।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर स्वास्थ्य विभाग के एनसीडी सेल की ओर से सदर अस्पताल के सभागार में मंगलवार को सेमिनार का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ.अवधेश सिंह ने की। इसमें जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. कौशल लाल सहगल, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ.हरेन चंद्र महतो, मेडिकल आफिसर डॉ.कुमार पीयूष प्रमोद भी उपस्थित थे। मौके पर सिविल सर्जन ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों में जागरुकता लाना आवश्यक है। इसके लिए स्वास्थ्य सहिया के माध्यम से गांव में मानसिक रुप से अस्वस्थ लोगों की पहचान करने एवं मानसिक तनाव मुक्ति शिविर में उन्हें भेजा जाना चाहिए। कहा कि अभी पिछले महीने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मानसिक तनाव मुक्ति शिविर का आयोजन किया गया था। इसका बेहतर परिणाम सामने आया है। ऐसे शिविरों के आयोजन को आगे भी जारी रखा जाएगा। कहा कि सदर अस्पताल में प्रत्येक शुक्रवार को मानसिक स्वास्थ्य जांच की जाती है। मौके पर डॉ. भरत भूषण, डॉ. विकास केशरी, सुजीत कुमार मुंडा, कुमार संजीव शरण, राजकुमार वर्मा, विनय शर्मा, प्रेममणि सुधांशु आदि उपस्थित थे।

## डंडा प्रखंड को मिलेगी निर्बाध बिजली आपूर्ति, मंत्री ने किया 33 केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र का शिलान्यास

# संपूर्ण रूप से विकसित राज्य बनेगा झारखंड : मिथिलेश

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के डंडा प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को झारखंड संपूर्ण बिजली आच्छादन योजना के तहत 33/11 केवी के विद्युत शक्ति उपकेंद्र का शिलान्यास किया गया। इसका शिलान्यास गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने विधिवत पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इसका निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने से संपूर्ण डंडा प्रखंड को निर्बाध बिजली उपलब्ध होगी।

मौके पर मंत्री ने कहा कि डंडा प्रखंड पहले बिजली के लिए दूसरे ग्रिड पर निर्भर था, जिससे पावर कट की समस्या बनी रहती थी। इस समस्या को देखते हुए 2/5 एमवीए क्षमता की 10 किलोमीटर लंबी 33 केवी लाईन का डंडा ग्राम में विद्युत शक्ति उपकेंद्र का निर्माण किया जा रहा है। यहां बी मोड़ ग्रिड से फरठिया शक्ति उपकेंद्र, फरठिया शक्ति उपकेंद्र से कुंडी शक्ति उपकेंद्र तथा कुंडी शक्ति उपकेंद्र से डंडा शक्ति उपकेंद्र को 33 केवी लाईन की आपूर्ति की जाएगी। इस ग्रिड के निर्माण से डंडा प्रखंड के तीनों पंचायत के सभी सात गावों की लगभत 22 हजार की आबादी लाभान्वित होगी। अब संपूर्ण डंडा प्रखंड में निर्बाध रूप से बिजली की आपूर्ति की जा सकेगी। मंत्री ने कहा कि गढ़वा जिला का प्रत्येक गांव बिजली से रौशन होगा। सिंचाई, उद्योग आदि



कार्यों में सुविधा होगी। सरकार जनता को 100 यूनिट बिजली फ्री दे रही है। उन्होंने कहा कि सड़क, बिजली, पानी, चिकित्सा, शिक्षा के बिना विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है। इस दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। मंत्री ने कहा की आने वाले समय में गढ़वा सहित झारखंड संपूर्ण विकसित राज्य के रूप में प्रस्तुत होगा। उन्होंने कहा कि पूर्व के जनप्रतिनिधि ने विकास के क्षेत्र में कोई ध्यान नहीं दिया। उन्होंने जनता को सिर्फ वोट का मशीन समझा।

मंत्री ने कहा कि वे उच्च विद्यालय डंडा को प्लस टू करने के लिए प्रयासरत हैं। डंडा सहित संपूर्ण गढ़वा में शिक्षा का अलख जगेगा। मंत्री ने कहा कि हेमंत सरकार राज्य के गांव-गांव में सभी आवश्यक मूलभूत सुविधा पहुंचाने के लिए दृढ़ संकलिप्त है। मुख्यमंत्री की यह सोच है कि जब तक प्रत्येक गांव, टोला विकसित नहीं होगा, सभी गरीब, गुरबों को हक अधिकार नहीं मिलेगा तब तक विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है। मंत्री ने कहा कि पूरे राज्य में हो रहे बेहतर विकास कार्यों से विपक्षियों की नींद उड़ गई है। मौके पर मुख्य रूप से विद्युत अधीक्षण अभियंता असगर अली अंसारी, विद्युत कार्यपालक अभियंता, डंडा बीडीओ, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, जिला बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, चंदा देवी, पूर्व जिप अध्यक्ष सुषमा मेहता, बिजली विभाग के विधायक प्रतिनिधि नसीम अख्तर, संजय चौधरी, उप प्रमुख नंदू चौधरी, डंडा मुखिया रूपा देवी, वीरेंद्र चौधरी, नारद तिवारी, विजय चौधरी, कामेश्वर चौधरी, तौकीर अंसारी, पार्वती देवी, अनिल चौधरी, दशरथ ठाकुर, उदय मेहता, चंदन चौधरी, बिंदेश्वर चौधरी, नंददेव शर्मा, नरेश विश्वकर्मा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# त्योहार के दौरान मांस-मछली शराब पर रोक लगाने की मांग

## दुर्गा पूजा भाईचारे व सादगी से मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक की गई आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

थाना प्रभारी शाबाज अंसारी की अध्यक्षता में मंगलवार को दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में आयोजित बैठक में प्रमुख रूप से प्रखंड के नवनियुक्त बीडियो राहुल कुमार सानू, अंचलाधिकारी चुनाराम हेंब्रम, थाना के जेसआई संतोष कुमार, बसंत तिर्की के साथ विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधियों के अलावा भारी संख्या में प्रखंड के ग्रामीणों ने भाग लिया। बैठक के दौरान भाईचारा व सादगी से दुर्गा पूजा मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इस बीच विभिन्न पंचायत से आए जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्ध ग्रामीणों ने मुख्य रूप से दुर्गा पूजा से लेकर छठ महापर्व तक शराब पर पूर्ण रोक लगाने, बाजारों में बिक्री हो रहे मांस, मछली व अंडा पर भी रोक लगाने की मांग की। उसके अलावा जुगाड़ियों पर भी विशेषरूप से नजर रखने की बात ग्रामीणों ने कही। वहीं दुर्गा उत्सव कार्यक्रम के शुभारंभ से अंत तक पूरी रात व दिन के लगभग सभी समय पेट्रोलियम अभियान चलाने की मांग की रखी गई। मौके पर अपने संबोधन में बीडीओ राहुल कुमार सानू ने कहा कि दुर्गा पूजा सनातन धर्म का एक





बहुत ही बड़ा पर्व है। इसे सभी लोगों को धूमधाम से मनाने की जरूरत है। अंचलाधिकारी चोनाराम हेंब्रम ने कहा कि दुर्गा पूजा आपसी भाईचारा और सौहार्द का पर्व है। सभी लोगों को आपसी मतभेद व द्वेष को भूलकर उक्त पर्व को मनाने की आवश्यकता है। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि बैठक में भाग लिए लोगों के द्वारा जो सुझाव दिया गया है उस पर पुलिस प्रशासन सख्त रहेगी। साथ ही लोगों को उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि कहीं भी अप्रिय घटना की जानकारी मिलती है तो उसे तत्काल पुलिस प्रशासन तक पहुंचाएं ताकि उस पर त्वरित कार्रवाई किया जा सके। उन्होंने विभिन्न गांव में बने पूजा कमेटियों को आई कार्ड बनाने की भी बात कही। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर राम, कृष्णकांत सिंह, 20 सुत्री सदस्य दीनानाथ पांडे, जफर इकबाल, अलख निरंजन प्रसाद, अनिल प्रसाद, सूर्यदेव चौधरी, राजेश गुप्ता, कन्हाई प्रजापति, जय राम चौधरी, मुस्ताक अंसारी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### दुर्गा पूजा को लेकर दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश

**चिनिया।** चिनिया थाना परिसर में मंगलवार को दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख सुनैना देवी ने की। बैठक में मुख्य रूप से अंचलाधिकारी निषाद अंजुम व रांका अनुमंडल पुलिस इंस्पेक्टर रामजी महतो, थानाध्यक्ष सहित कई जनप्रतिनिधि एवं दुर्गा पूजा समिति के सदस्य मौजूद रहे। इंस्पेक्टर ने शांतिपूर्ण तरीके से दुर्गा पूजा समारोह आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान पंडाल में किसी प्रकार की तीव्र ध्वनि बजाने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। भीड़ भाड़ वाली जगह पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। पूजा समिति को भी इस बात का ख्याल रखना होगा कि पूजा पंडाल में किसी प्रकार की भगदड़ न हो। कार्यक्रम स्थल के समीप लाइटिंग की व्यवस्था पूर्ण हो एवं किसी भी परिस्थिति में अश्लील गाने नहीं बजाए जाएंगे। वहीं सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। कहीं भी किसी भी अप्रिय घटना की कोई सूचना हो तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।

# शांति समिति की बैठक में उठा अतिक्रमण का मुद्दा

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

थाना स्वागत कक्ष में मंगलवार को दोपहर दो बजे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केशरी, प्रमुख करुणा सोनी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी वासुदेवाय राय, थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा, जनप्रतिनिधियों, एवं पूजा कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। इसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी ने की। इसमें ग्रामीणों ने मुख्य रूप से सड़कों पर मवेशी बांधने का मुद्दा उठाया। वहीं समाजसेवी अजय कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने मूर्ति विसर्जन से होने वाले जलप्रदूषण को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि मूर्ति को चमकीला और शानदार बनाने के लिए कारीगर रसायनिक पदार्थ मिलाते हैं। मूर्ति का विसर्जन नदी या तालाबों में किया जाता है तो उक्त रसायनिक पदार्थ पानी में घुल कर पानी को दूषित करता है, जिससे पशु, पक्षियों को बीमारी होने की प्रबल संभावना होती है। बहियार मोड़ और बिवाटिकर में गैर मजरुआ जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने का मामला भी ग्रामीणों ने उठाया। अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी वासुदेव राय ने मूर्ति विसर्जन से होने वाले जल प्रदूषण के लिए मूर्ति कारीगरो को जल दूषित करने वाले रसायनिक पदार्थ मूर्ति निर्माण में

**दुर्गा पूजा को लेकर हुई शांति समिति की बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बीडीओ सह अंचलाधिकारी, प्रमुख थाना प्रभारी, जन प्रतिनिधियों व पूजा कमेटी सदस्यों की रही उपस्थिति**

इस्तेमाल नहीं करने का आदेश दिया। साथ ही निर्देश दिये कि बिना बिजली कनेक्शन के कोई भी पूजा समिति बिजली का उपयोग न करें। कोई भी ऐसा गाना नहीं बजायें जो शांति व्यवस्था को भंग करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद केशरी ने बताया कि पाल्हे में हो रहे यज्ञ को लेकर 23 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक बड़ी मालवाहक गाड़ियां थाना मोड़ से बिसुनपुरा थाना होते हुए उत्तर प्रदेश जायेंगे। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा ने कहा कि विधि व्यवस्था संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत तुरंत करें। यदि कोई भी व्यक्ति सड़क पर मवेशी बांधते हुए पाया जाता है तो उसपर कानूनी कारवाई की जाएगी। बैठक में सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, बीससूत्री क्रियान्वयन अध्यक्ष, सिलिदाग पंचायत मुखिया अनीता देवी, रमना मुखिया दुलारी देवी, बुल्का मुखिया अनीता देवी, बहियार खुर्द मुखिया सोनी देवी और अन्य लोग उपस्थित थे।

# नेतरहाट आवासीय विद्यालय के दो छात्र राष्ट्रीय स्तर पर चयनित



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

जमशेदपुर में आयोजित राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में नेतरहाट आवासीय विद्यालय के दो छात्र अंकित कुमार एवं दिलीप गंझू का राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। ज्ञातव्य हो कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय के सात छात्र राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में लातेहार जिला की तरफ से सम्मिलित हुए थे। इनमें से दो छात्रों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चुना गया है। यह दोनों छात्र अब राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयनित होने वाले दोनों छात्रों को आज सम्मेलन में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रसाद पासवान ने प्रमाण पत्र एवं मैडल से सम्मानित किया। साथ ही अन्य छात्रों का भी प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। उन्हें भी प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। विद्यालय के योग प्रशिक्षक बसंत तिर्की को भी प्राचार्य ने सम्मानित किया गया। योग दल के छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन में बसंत तिर्की जी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रांची जिले का प्रथम स्थान रहा। वहीं लातेहार जिला तृतीय स्थान पर रहा। अंकित एवं दिलीप के चयन होने पर विद्यालय में हर्ष एवं खुशी का माहौल है।

### दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर, 3 घायल

**बारियातु।** थाना क्षेत्र के टोंटी पंचायत अंतर्गत इटके ग्राम स्थित मध्य विद्यालय के समीप ग्रामीण पक्की सड़क पर दो बाइकों की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई, जिससे बच्चा सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को बालुमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। बरवाडीह निवासी नितेश कुमार, शंति देवी पति संतोष यादव, व गोपाल कुमार, पिता संतोष यादव बालूमाथ से इलाज करा कर बाइक से अपने घर जा रहे थे। इसी दौरासन विपरीत दिशा से साल्वे के गुरुसालवे ग्राम निवासी प्रदुम्न उरांव, दस वर्षीय पुत्र गुड्डू उरांव के साथ टंडवा के मासीलॉग अपने रिशतेदार के घर से बाइक से घर लौट रहे थे कि इटके मध्य विद्यालय के समीप दोनों बाइकों की टक्कर हो गई।

# मोरवाई पंचायतवासियों ने दिया 'रोड नहीं तो वोट नहीं' का नारा

## बरवाडीह मंडल मार्ग का निर्माण नहीं होने पर नाराजगी जताई

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

मोरवाई पंचायत के लोगों ने ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में बैठक करते हुए प्रखंड के बरवाडीह मंडल मार्ग का निर्माण नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया कि जब तक उक्त मार्ग के निर्माण की प्रक्रिया शुरू नहीं होती तब तक पंचायत के ग्रामीण किसी भी चुनाव में वोट नहीं करेंगे।



वहीं पूरे मामले को लेकर विभिन्न ग्राम प्रधानों ने पंचायत के मुखिया मोरवाई आशीष सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद आदि को मांगपत्र सौंप कर बताया कि यह सड़क 1972 में बनाई गई थी। इसके बाद एक बार भी सड़क की मररमती और निर्माण नहीं कराया गया, जिससे सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। अब तक इस सड़क के निर्माण कार्य को लेकर किसी जनप्रतिनिधि ने कोई सार्थक पहल नहीं की है। इससे नाराज होकर सभी पंचायत वासियों ने आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान वोट नहीं करने का फैसला लिया है। मुखिया आशीष सिंह ने कहा जब तक इस सड़क के निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू नहीं होती तब तक वोट बहिष्कार रहेगा। मौके पर ग्राम प्रधान रामावतार सिंह, अमीन सिंह, रामदेव सिंह, शिवनारायण सिंह, जोसेफ सुरीन, सदमू सिंह आदि मौजूद रहे।


## धर्म-कर्म

## दया चाहते हो, पर करते नहीं तो यह अन्याय है : जीयर स्वामी महाराज

# ईश्वर की दया चाहते हो तो अपने से छोटों पर दया करो

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के दौरान जीयर स्वामी ने कहा कि सत्य के बिना असत्य को देख नहीं सकते और असत्य के बिना वर्णन नहीं कर सकते। परमात्मतत्त्व का वर्णन नहीं होता, प्रत्युत अनुभव होता है। परमात्मतत्त्व के सिवाय अन्य की जितनी भी स्वीकृति है, उतना ही अज्ञान है। जगन्नाथ भगवान के रहते हुए अपने को अनाथ मानना भूल है। मनुष्य को ईश्वर में केवल विश्वास ही करना चाहिये। अगर वह संसार में विश्वास और ईश्वर में विवेक लगायेगा तो नास्तिक हो जायेगा। साधक को पहले भगवान दूर दिखते हैं, फिर नजदीक दिखते फिर अपने में दिखते हैं, फिर केवल भगवान ही दिखते हैं। परमात्मा में जीव है और जीव में जगत है। अतः परमात्मा की तो स्वतंत्र सत्ता है, पर जीव और जगत की स्वतंत्र सत्ता नहीं है। संपूर्ण देश,



काल, क्रिया, वस्तु, व्यक्ति, अवस्था, परिस्थिति, घटना आदि का अभाव होने पर भी जो शेष रहता है। वहीं परमात्मतत्त्व है। जैसे गाय का दूध गाय के लिये नहीं है, प्रत्युत दूसरों के लिये ही है, ऐसे ही भगवान की कृपा भगवान के लिये नहीं है, प्रत्युत दूसरों (हम सभी) के लिये ही है। अगर भगवान की दया चाहते हो तो अपने से छोटों पर दया करो, तब भगवान दया करेंगे। दया चाहते हो, पर करते नहीं तो यह अन्याय है, अपने ज्ञानका तिरस्कार है। जो गीता अर्जुन को भी दुबारा सुनने को नहीं मिली, वह हमें प्रतिदिन पढ़ने-सुनने को मिल रही है - यह भगवान की कितनी विलक्षण कृपा है। आज तक जितने भी महात्मा हुए हैं, वे भगवत्कृपा से ही जीवन्मुक्त, तत्त्वज्ञ तथा भगवत्प्रेमी हुए हैं, अपने उद्योगसे नहीं। स्वतः सिद्ध परमपद की प्राप्ति अपने कर्मों से, अपने पुरुषार्थ से अथवा अपने साधनसे नहीं होती। यह तो केवल भगवत्कृपा से ही होती है।

स्वामीजी ने कहा कि भगवत्प्राप्त साधक संसार से कभी आशा न रखे; क्योंकि वह सदा नहीं रहता और परमात्मा से कभी निराश न हो; क्योंकि उनका कभी अभाव नहीं होता। सच्चे हृदय से भगवान को चाहनेवाला मनुष्य किसी भी वर्ण, आश्रम, सम्प्रदाय, परिस्थिति आदि में क्यों न हो और कितना ही पापी, दुराचारी क्यों न हो, वह भगवत्प्राप्तिका पूर्ण अधिकारी है। भगवान के विषय में संतोष करना और संसार के विषय में असंतोष करना महान हानिकारक है। भगवान की प्राप्ति होने पर फिर कुछ भी करना, जानना और पाना शेष नहीं रहता। इसी में मनुष्य जीवन की पूर्णता, सफलता है। साधक को विचार करना चाहिये कि भगवान सब देश में हैं, इसलिये यहां भी हैं; सब काल में हैं, इसलिये अब भी हैं; सब में हैं, इसलिये अपने में भी हैं; सबके हैं, इसलिये मेरे भी हैं। भगवत प्राप्ति में व्याकुलता से जितना जल्दी लाभ होता है, उतना जल्दी लाभ विचारपूर्वक किये गये साधन से नहीं होता। स्वयं में तीव्र उत्कण्ठा न होने के कारण ही भगवत्प्राप्ति में देर हो रही है। खेल में छिपे हुए बालक को दूसरा बालक देख ले तो वह सामने आ जाता है कि अब तो इसने मुझे देख लिया, अब क्या छिपना! ऐसे ही भगवान सब जगह छिपे हुए हैं। अगर साधक सब जगह भगवान को देखे तो फिर भगवान उससे छिपे नहीं रहेंगे, सामने आ जायंगे।

# नवनियुक्त बीडीओ के पहले दिन की कार्रवाई से प्रखंड कर्मियों में दहशत

## बैठक में भाग नहीं लेने वाले कर्मियों के खिलाफ शोकॉज जारी

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

प्रखंड के नवनियुक्त वीडियो राहुल कुमार सानू पदभार के दूसरे दिन मंगलवार को प्रखंड कार्यालय पहुंचे। नियत समय पर कार्यालय पहुंचे बीडीओ ने जो कार्य विगत 4 वर्षों के बीच नहीं हुआ उसे उन्होंने कर दिखाया।

इस दौरान उनके द्वारा परिचय प्राप्त को लेकर बुलाई गई बैठक में भाग नहीं लेने वाले कई कर्मियों का एक दिन का मानदेय कटौती करते हुए उनके खिलाफ शोकॉज जारी कर दिया। जिन कर्मियों के खिलाफ शोकॉज जारी किया गया है उनमें एई राहुल कुमार, जेई मुकेश दुबे, मनरेगा सहायक टीपू विश्वकर्मा, रोजगार सेवक दिनेश



कुमार, बृजमोहन कुमार इत्यादि शामिल हैं। नवनियुक्त बीडीओ के पहले दिन की कार्रवाई से प्रखंड कर्मियों के बीच दहशत का माहौल बन गया है। वहीं अन्य कर्मियों को बीडीओ ने खूब हड़काया और कहा कि जो हुआ सो हुआ। अब भ्रष्टाचार के आरोप में पकड़े जाने पर नियम संगत कार्रवाई कर दी जाएगी। साथ ही कहा कि प्रखंड के जितने भी कर्मी हैं उन्हें प्रत्येक दिन नियत समय पर कार्यालय आना होगा। कार्यालय छोड़ने की जानकारी भी हम तक उन्हें पहुंचानी होगी। बीडीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि आज कर्मियों के साथ सिर्फ शिष्टाचार बैठक थी। बैठक में भाग नहीं लेने वाले कई कर्मियों के खिलाफ शोकॉज जारी किया गया है।

जीवन में इतने व्यस्त हो जाएं, की पछतावा, दुःख, डर और नफरत के लिए समय ही ना बचे, याद रखें जीवन में खाली व्यक्ति ही सबसे ज्यादा दुःखी रहता है!

– अज्ञात



# मुख्य धारा में शामिल हों

***समाज*** में कई ऐसी चीजे हैं जो हैरान करती हैं। मसलन हमारा समाज कई जातियों में विभक्त है। उन जातियों की सम्यता और संस्कृति कुछ अलग हट कर हैं। हम बात कर रहे हैं आदिम जनजाति की है। इस समूह के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। इन्हीं में से एक है बिरहोर जनजाति। बिरहोर जनजाति का मुख्य रूप से झारखंड में ही निवास है, हालांकि इस समाज के लोगों की कुछ संख्या छत्तीसगढ़, बंगाल ओडिशा और बिहार में भी मिलती है। इनकी कई परंपरा-संस्कृति अब भी अन्य समाज के लिए हैरान करने वाली है। ये घने जंगल में फटे-पुराने और अर्द्धनग्न अवस्था में शिकार करते बिरहोर आदिम जनजाति समूह की छोटी टोली को देखकर कोई भी चौंक जायेगा। कारण आजादी के इतने वर्षों बाद भी इनका मुख्य पेशा शिकार करना है और रस्सी बनाना ही हैं। समाज के साथ मिलने में इनकी झिझक और अपनी सभ्यता-संस्कृति-परंपरा के कारण अब भी ये सुदूरवर्ती जंगल के किनारे बसे गांवों में ही रहना पसंद करते हैं। बिरहोर समुदाय के सदस्यों की संख्या में निरंतर कमी आ रही है। विलुप्त होती जा रही बिरहोर आदिम जनजाति समाज के सदस्य मुख्य रूप से रांची, गुमला, हजारीबाग और चतरा जिले में निवास करते हैं। लेकिन एक घुमन्तु जाति होने के कारण समूह के कई सदस्य अचानक गायब हो जाते हैं, फिर इनके बारे में कुछ भी जानकारी नहीं मिल पाती हैं। बिरहोर आदिम जनजाति सदस्यों का मुख्य पेशा अब भी रस्सी बनाना, बंदर पकड़ना और शिकार करना ही है। बिरहोर समाज में पुरुष और महिलाओं के अलावा महिलाएं भी रस्सी बनाने में माहिर होते हैं। हालांकि ये रस्सी बनाकर बाजार में बेच कर कमाई की कोशिश करते हैं, लेकिन ज्यादातर मौके पर ये रस्सी अपने लिए जाल बनाने में ही इस्तेमाल करते हैं। फिर जंगल में जाल लगाते हैं और शिकार करते हैं। बिरहोर जनजाति के सदस्य बंदर और खरगोश पकड़ने में भी काफी निपुण होते हैं। इस समुदाय के सदस्यों को देखकर आदम सभ्यता का भी एहसास होता है। मिट्टी के नीचे छुपे कई कीड़े-मकोड़े को निकाल कर बिरहोर समुदाय के एकत्रित कर लेते हैं, फिर उसे अपने तरीके से पका कर खाते हैं। बिरहोर समुदाय के सदस्य चीटिंयों की चटनी बनाकर भी बड़े ही चाव से खाते हैं। हालांकि चीटियां खाने की परंपरा कई अन्य आदिवासी समाज में भी है। जानकार बताते है कि इन्हें जड़ी-बुटियों की अच्छी पहचान होती है। आज से चार-पांच दशक पहले के तहत बिरहोर आदिम जनजाति समाज के सदस्य मुख्य रूप से घास से बनाये झोपड़ी में ही रहते थे। जिस पेशा में सदियों से लगे थे, अब भी उसी सभ्यता-संस्कृति और परंपरा को अटल मान कर जीवन व्यतीत कर रहे हैं। बिरहोर समाज के सदस्य खटिया और मचिया बनाने में भी काफी निपुण होते हैं। बहरहाल बिरहोर समाज के विकास के लिए सरकार की ओर से कई योजनाएं शुरू की गई है। बिरहोर बच्चों के लिए सरकार की ओर से एक स्कूल भी खोल रखा गया है। लेकिन शिक्षा के महत्व से अनजान बिरहोर समुदाय के बच्चों को घर से पकड़ कर लाने के लिए हर दिन सुबह-सुबह स्कूल के शिक्षकों को जाना पड़ता है। बच्चे स्कूल में मिलने वाले मध्याह्न भोजन खाने की लालच में कुछ देर के लिए जरूर विद्यालय आ जाते हैं, लेकिन खाने के बाद फिर वे स्कूल छोड़ कर खेलने भाग जाते हैं। ऐसे में आज जरूरत है कि इस विलुप्त जाति को समाज के मुख्यधारा में शामिल करने के लिए सरकार के साथ स्वंयसेवी संस्थाओं को भी आगे आने की जरूरत है।

**बिरहोर समुदाय के सदस्यों की संख्या में निरंतर कमी आ रही है। विलुप्त होती जा रही बिरहोर आदिम जनजाति समाज के सदस्य मुख्य रूप से रांची, गुमला, हजारीबाग और चतरा जिले में निवास करते हैं। लेकिन एक घुमन्तु जाति होने के कारण समूह के कई सदस्य अचानक गायब हो जाते हैं, फिर इनके बारे में कुछ भी जानकारी नहीं मिल पाती हैं।**

# सर्वोदय के लिए संपूर्ण क्रांति व ग्रामोदय





प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल

***सर्वोदय*** 20वीं शताब्दी के भारत के सामाजिक चिंतन की केंद्रीय अवधारणा है। गांधी द्वारा विकसित यह सिद्धांत वर्गमूलक पश्चिम, समाजवाद एवं पूंजीवाद का भारतीय विकल्प था। यद्यपि रस्किन की रचना 'अन टू दिस लास्ट' का प्रभाव गांधी ने भी स्वीकार किया है, परंतु सर्वोदय की जो अवधारणा गांधी प्रस्तावित करते हैं, वह रस्किन और उसके बाद भी पश्चिम में कहीं पल्लवित होती हुई दिखाई नहीं देती। इसलिए कि सर्वोदय अपने मूल और प्रकृति, दोनों में विशुद्ध भारतीय अवधारणा है, जो 'सर्वे भवंतु सुखिनः' और 'मा कश्चिद् दुःखभाग्भवेत' पर आधारित है। पश्चिम के विचार का विकल्प मानकर इसे पश्चिमी विचारों के प्रत्युत्तर के रूप में नहीं देखा जा सकता। ऐसा करना भूल होगी क्योंकि यह प्रत्युत्तर नहीं, समावेशी वैकल्पिक सभ्यता का प्रस्ताव है। यह भारत की चिरंतन राजनीतिक एवं सामाजिक विचारसरणी का समकालीन आख्यान है। गांधी के विचारों का यह प्रवाह स्वातंत्र्योत्तर भारत में अंतिम आदमी के उत्थान या अंत्योदय की अवधारणा में दिखाई देता है। दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय को एकात्म मानव दर्शन की सभ्यता की प्राप्ति के साधन के रूप में देखते हैं। गांधी और दीनदयाल के इस चिंतन को लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने समग्र क्रांति के रूप में व्याख्यायित किया। राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख ने संपूर्ण क्रांति के प्रारंभ के बिंदु को पहचानकर ग्रामोदय की अवधारणा प्रस्तुत की और यह प्रतिपादित किया कि ग्रामोदय ही अंत्योदय का साधन एवं सर्वोदय के साध्य की प्राप्ति का एकमात्र रास्ता है। ग्रामोदय का विचार एक ऐसी समरस सामाजिक स्थिति की प्राप्ति है, जिसमें जाति के होते हुए भी जातिविहीन समाज का निर्माण संभव है। जिसमें हजारों वर्षों से वर्ण और जाति ने जो सगुण शक्ति शिल्प, कौशल एवं व्यापार के अनुभव से अर्जित की है, उसे ग्रामोत्थान के सामूहिक प्रयास के रूप में रूपांतरित किया जाय तो गांव एक ऐसी सुगठित इकाई की स्थिति प्राप्त करे, जिसमें सहयोग, सहकार, क्षमता के साथ समरसतापूर्ण जीवन सहज ही अभिव्यंजित होगा। इस सुविचार का आधार गांधी का सर्वोदय और दीनदयाल का अंत्योदय है और इसकी गति-शक्ति जयप्रकाश नारायण की संपूर्ण क्रांति है। पटना के गांधी मैदान में जयप्रकाश ने यह ऐतिहासिक नारा दिया था कि 'जात पात को तोड़ दो, तिलक दहेज छोड़ दो। समाज के प्रवाह को नई दिशा में मोड़ दो।' तो यह आवाज केवल राजनीतिक आजादी के लिए आपातकाल के विरुद्ध संघर्ष का बिगुल नहीं था, अपित संपूर्ण क्रांति की पीठिका थी। संपूर्ण क्रांति को अंत्योदय के रूप में परिभाषित करते हुए जेपी ने कहा था कि संपूर्ण क्रांति से मेरा तात्पर्य समाज के सबसे दबे-कुचले व्यक्ति को सत्ता के शिखर पर देखना है। उन्होंने इस समय कहा कि यही संपूर्ण क्रांति है। विधानसभा का विघटन इस क्रांति का उद्देश्य नहीं है। यह तो महज एक मील का पत्थर है। हमारी मंजिल तो बहुत दूर है और हमें अभी बहुत दूर तक जाना है। जयप्रकाश ने जब यह हुंकार भरी थी तो उनके पीछे जो चट्टान की भांति अडिग खड़ा व्यक्ति था, वह नानाजी देशमुख थे। उन्होंने जयप्रकाश के आंदोलन को केवल सत्ता परिवर्तन तक सीमित नहीं होने दिया और संपूर्ण क्रांति को समग्र व्यवस्था परिवर्तन माना। जेपी ने समग्र व्यवस्था परिवर्तन के जो प्रमुख बिंदु गिनाये थे, उनमें भ्रष्टाचार का खात्मा, बेरोजगारी का समापन, शिक्षा में समग्र परिवर्तन आदि थे। निस्संदेह इस संपूर्ण जड़ता, गुलामी तथा क्लेश का कारण राजसत्ता थी, जिसमें एक सघन संघर्ष के बाद परिवर्तन हुआ। 1977 में राजसत्ता परिवर्तन के बाद जेपी के आंदोलन के सिपाही जब सत्ता में हिस्सेदारी के लिए व्यस्त हो गये, तब नानाजी देशमुख ने मंत्री पद के निमंत्रण को ठुकराते हुए समाज जीवन में प्रत्यक्ष कार्य करने का निर्णय लिया। संपूर्ण क्रांति को केंद्रित कर किये जाने वाले कार्यों की शुरूआत दिल्ली से नहीं, भारत के सबसे उपेक्षित और वंचित भाग के गरीबों की स्थिति परिवर्तन से होगी। इस दृढ़ मान्यता के साथ उन्होंने उत्तर प्रदेश के अत्यंत पिछड़े जिले गोंडा से ग्रामोत्थान अभियान का प्रारंभ करने का निश्चय किया। संपूर्ण क्रांति, समग्र क्रांति या सर्वोदय को साकार करने के लिए पांच बिंदुओं पर केंद्रित कर वास्तविक परिवर्तन का यत्न प्रारंभ किया। 1. कोई बेकार न रहे, 2. कोई गरीब न रहे 3. कोई बीमार न रहे 4. कोई अशिक्षित न रहे, और 5. हरगांव हरा-भरा और विवाद मुक्त हो। सर्वोदय की अवधारणा इन पांच बिंदुओं में ही समाहित है। सर्वोदय तभी है, जब भय, भूख, अशिक्षा, रोग और बेकारी न हो। सभी समर्थ हो, सबको जीवनयापन के लिए काम मिले। जीवनयापन की व्यवस्था पारस्परिक सहयोग एवं सहकार से निर्मित हो। जिस सामुदायिक जीवन में विवादों से मुक्ति के लिए न्यायालय की आवश्यकता न हो, वही सर्वोदय है। यह स्थिति प्राप्त हो तो गांधी का रामराज्य साकार होता है। यही विनोबा का सर्वोदय है। गोलवलकर का धर्मराज्य और जयप्रकाश नारायण की समग्र क्रांति है। आदर्श समाज, समर्थ मनुष्य और संपन्न गांव निर्माण के विविध प्रयोगों को अनुष्ठित करते हुए नानाजी ने गोंडा के जयप्रभा ग्राम से लेकर चित्रकूट के ग्रामोदय प्रकल्प तक इसको व्यावहारिक रूप से सफल करके दिखाया। नानाजी ने यह सिद्ध कर दिया कि व्यक्ति निर्माण, अंत्योदय और ग्रामोदय विविक्त प्रयोगभूमियाँ नहीं हैं। इनमें संसक्तता और इसको राज्य का सहकार प्राप्त हो तो भारत में आर्थिक, सामाजिक परिवर्तन की गति को तीव्रतर करके भव्य भारत बनाया जा सकता है। भारत निर्माण के इन दोनों महान शिल्पकारों, जयप्रकाश नारायण और नानाजी देशमुख ने सर्वोदय के लिए अंत्योदय, अंत्योदय के लिए ग्रामोदय, ग्रामोदय के लिए जड़ व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन करने वाली संपूर्ण क्रांति, जो भारत के आध्यात्मिक मूल्यों पर आधारित होगी, उसका अनुपम पथ प्रशस्त किया। यह रास्ता गांधी और गोलवलकर, सावरकर और आंबेडकर, सबके श्रेष्ठ चिंतन से प्रेरित था। नानाजी के सफल प्रयोगों ने नये भारत की निर्मिति पर व्यापक प्रभाव डाला है। आत्मनिर्भर भारत का आह्वान हो या आयुष्मान भारत का मिशन या राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से सबके लिए शिक्षा का लक्ष्य हो, सबको काम, सबको शिक्षा, सबका स्वास्थ्य और सबकी गरीबी का उन्मूलन पर जोर देने वाली नीति, संपूर्ण क्रांति अथवा समग्र व्यवस्था परिवर्तन के व्यापक परिप्रेक्ष्य में किया जा रहा यत्न है। कोई गरीब न रहे, इसके लिए हर गांव को समर्थ एवं संपन्न बनाना होगा। गांव समर्थ हो, इसके लिए गांव को कृषि के साथ-साथ उत्पादन का केंद्र भी बनाना होगा। कोई बेकार न हो, इसके लिए प्रत्येक कार्य को गौरवशाली एवं व्यक्ति को कौशल संपन्न भी बनाना होगा। भारत में कौशल एवं ज्ञान के बीच का रिश्ता समाप्त हो गया है। उसे जोड़ना होगा। श्रम का कार्य भी बुद्धि के कार्य के समान ही महत्त्वपूर्ण एवं सम्मानजनक है, इस भाव से युक्त समाज का निर्माण करना होगा। निस्संदेह भारत में इस दिशा में व्यापक परिवर्तन दृष्टिगोचर हो रहा है।

**गांधी के विचारों का यह प्रवाह स्वातंत्र्योत्तर भारत में अंतिम आदमी के उत्थान या अंत्योदय की अवधारणा में दिखाई देता है। दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय को एकात्म मानव दर्शन की सभ्यता की प्राप्ति के साधन के रूप में देखते हैं।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुनें धर्मराज व चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी*

***अर्थ*** :- कबीर परमेश्वर जी कहा करते थे कि धर्मराज (यम) के दरबार में किसी को विशेष अधिकार नहीं है अर्थात वहां किसी की सिफारिश काम नहीं आती। कर्मों के आधार पर ही सारे निर्णय लिए जाते हैं। वहां आत्मा द्वारा मनुष्य जन्म में किये गये पुण्य-पापों का सारा लेखा-जोखा लिया जाता है। हिंदू और मुसलमान दोनों ही गलत आचरण करते हैं। उन्हें ईश्वर/अल्लाह का आशीर्वाद नहीं मिल सकता। दोनों की पूजा का तरीका पवित्र शास्त्रों के विरूद्ध है। उन्हें भगवान के दरबार में दंडित किया जायेगा। 12 करोड़ यमदूत हैं जो आत्मा पर अत्याचार करते हैं और मृत्यु के बाद उसे धर्मराज (यम) के दरबार में पेश करते हैं। आदरणीय गरीबदास जी हिंदुओं और मुसलमानों दोनों से कहते हैं कि ईश्वर की सच्ची पूजा करें और अपने मानव जन्म को सफल बनायें।

**कबीर परमेश्वर मुस्लिम धर्मगुरु काजियों को बताते थे कि काशी जोरा दीन का, ये काजी खिलास करंत गरीबदास हम साड़ी में ये झगड़े आन पदंते सुन काजी राजी नहीं आप आले खुदा गरीबदास किस हुकम से तेने पकाड़ पचड़ी गये**

**अर्थ :** सर्वशक्तिमान कबीर जी अपनी अमृत वाणी में कहते हैं कि धर्मराज के दरबार में कोई दया नहीं है। वह पृथ्वी पर किये गये प्रत्येक कार्य का लेखा-जोखा रखता है। कबीर परमेश्वर उन मुसलमानों को फटकार लगाते हैं कि आप लोग जो ऊँची आवाज में अजान की घोषणा करते हैं 'क्या तुम्हारा अल्लाह बहरा है? तुम इतनी जोर से क्यों चिल्ला रहे हो? पूरी श्रद्धा के साथ सामान्य तरीके से पूजा करनी चाहिए। एक तरफ आप रमजान के दौरान तीस दिनों तक रोजा रखते हो ।

*(क्रमशः)*

# वो गुरु जिसने तराशा अमिताभ बच्चन को



आर.के.सिन्हा

***अमिताभ*** बच्चन ने जब अपने फिल्मी करियर का श्रीगणेश किया तब 1970 के दशक का आरंभ हो रहा था। तब भारत में श्रीमती इंदिरा गांधी प्रधनामंत्री थीं और अमेरिका के राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन थे। वो आधी सदी पहले की दुनिया आज से हर मायने में अलग थी। पर इन पचास सालों में बहुत कुछ बदला, पर अमिताभ बच्चन अब भी करोडों सिने प्रेमियों की पसंद बने हुए हैं। उन्होंने इस दौरान ना जाने कितनी सुपर हिट फिल्में दीं, टीवी पर अपनी धाक जमाई और विज्ञापन संसार के शिखर पर रहे। कुछ समय तक राजनीति करने के बाद उसे इस तरह से छोड़ा कि फिर मुड़कर नहीं देखा। उन्हें भारतीय सिनेमा का सार्वकालिक महानतम अभिनेता माना जा सकता है। अमिताभ ने अनेक पुरस्कार जीते हैं, जिनमें दादा साहेब फाल्के पुरस्कार, तीन राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और बारह फिल्म फेयर पुरस्कार सम्मिलित हैं। उनके नाम सर्वाधिक सर्वश्रेष्ठ अभिनेता फिल्म फेयर अवार्ड का रिकार्ड है। अभिनय के अलावा बच्चन ने पार्श्वगायक, फिल्म निर्माता, टीवी प्रस्तोता के रूप में भी अपनी छाप छोड़ी है। वे लोकप्रिय टीवी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' में कई वर्षों से मेजबान की भूमिका भी निभाते आये हैं। इस शो में उनके द्वारा किया गया 'देवियों और सज्जनों' संबोधन बहुचर्चित रहा। अमिताभ बच्चन की शख्सियत से आप प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकते। आज (11 अक्टूबर) को उनके जन्मदिन पर हम उस शख्स की बात करना चाहेंगे जिन्होंने उनकी प्रतिभा को पहचाना और फिर गढ़ा भी। बेशक, वे भी इस मौके पर उन शख्सियतों को जरूर याद करेंगे जिनके मार्गदर्शन के चलते उन्होंने शिखर को छुआ। वे दिल्ली के किरोड़ीमल कॉलेज (केएम कॉलेज) के अपने गुरु फ्रेंक ठाकुर दास को नहीं भूल सकते। वहां पर फ्रेंक ठाकुर दास सभागार मिलेगा। अमिताभ बच्चन 1962 में केएम कॉलेज में बीएससी के छात्र थे। तब तक उनका एक्टिंग या रंगमंच की तरफ कोई विशेष रुझान नहीं था। पर एक दिन फ्रेंक ठाकुर दास ने उन्हें अपने पास बुलाकर कहा कि वे कॉलेज की रंगमंच की गतिविधियों से जुड़ें। यह बात अमिताभ बच्चन ने केएम कॉलेज के एक कार्यक्रम में खुद बताई थी। उसके बाद फ्रेंक ठाकुर दास ने उन्हें कॉलेज की ड्रामा सोसायटी की तरफ से होने वाले अंग्रेजी और हिन्दी के नाटकों से जोड़ा। उन्होंने ही अमिताभ बच्चन को अभिनय की तमाम बारीकियों से रूबरू भी करवाया। दिल्ली विश्वविद्यालय और केएम कॉलेज बिरादरी फ्रेंक ठाकुर दास को अपने संरक्षक और मार्गदर्शक के रूप में याद करती है। फ्रेंक ठाकुर दास केएम कॉलेज में पॉलिटिकल साइंस साइंस के प्रोफेसर थे। उन्हें रंगमंच की दुनिया की भी गहरी समझ थी। वे खुद भी रंगकर्मी थे। केएम कॉलेज में होने वाले नाटक, डिबेट और अन्य खास कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेते थे। अमिताभ बच्चन ने अभिनय और रंगमंच का पहला पाठ फ्रेंक ठाकुर दास से सीखा था। फ्रेंक ठाकुर दास पंजाबी ईसाई थे। उन्होंने अपने कॉलेज में ड्रामा सोसायटी की स्थापना की थी। वे केएम कॉलेज से लगभग चार दशकों तक जुड़े रहे। फ्रेंक ठाकुर दास अपनी कक्षाएं समाप्त करने के बाद अपने ड्रामा क्लब की गतिविधियों में व्यस्त हो जाते थे। सुबह से देरशाम तक छात्रों के बीच में रहा करते। फ्रेंक ठाकुर दास के कृतज्ञ छात्रों ने कुछ समय पहले उनके नाम पर बन रहे सभागार के निर्माण के लिए दिल खोलकर सहयोग दिया था। अमिताभ बच्चन ने खुद इस नेक काम के लिए 51 लाख रुपये की सहयोग राशि दी थी। फ्रेंक ठाकुर दास के खास शार्गिदों में सतीश कौशिक, कुलभूषण खरबंदा, शक्ति कपूर, दिनेश ठाकुर जैसे बॉलीवुड के बड़े नाम भी रहे। ये सब भी केएम कॉलेज में ही थे। उन्होंने इन सबको भी अभिनय, निर्देशन, मंच सज्जा आदि की जानकारी दी। फ्रेंक ठाकुर दास की शख्सियत बहुआयामी थी। वे इंग्लिश के भी विद्वान।

**अमिताभ ने अनेक पुरस्कार जीते हैं, जिनमें दादा साहेब फाल्के पुरस्कार, तीन राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार व बारह फिल्म फेयर पुरस्कार सम्मिलित हैं। उनके नाम सर्वाधिक सर्वश्रेष्ठ अभिनेता फिल्म फेयर अवार्ड का रिकार्ड है।**

**अमिताभ बच्चन**

**फोटो की दुनिया**




**फेसबुक वॉल से**

**कर्म वो आईना है जो हमारा स्वरूप हमें दिखा देता है।**

# इंदिरा का आपातकाल व लोकनायक जेपी



मृत्युंजय दीक्षित

***भारतीय*** लोकतंत्र के महानायक जयप्रकाश नारायण का जन्म 11 अक्टूबर, 1902 को बिहार के सिताबदियारा गांव में हुआ था। उनका जन्म ऐसे समय में हुआ जब देश विदेशी सत्ता के अधीन था और स्वतंत्रता के लिए छटपटा रहा था। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा सारन और पटना जिले में हुई। वे विद्यार्थी जीवन से ही स्वतंत्रता के प्रेमी थे और पटना में बिहार विद्यापीठ में उच्च शिक्षा के लिए प्रवेश लेने के साथ ही स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने लगे। वे 1922 में उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका चले गये। जहां उन्होंने 1922 से 1929 तक कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय व विसकांसन विवि में अध्ययन किया। वहां पर अपने खर्चे को पूरा व नियंत्रित करने के लिए खेतों व रेस्टोरेंट में काम किया। वे मार्क्स के समाजवाद से प्रभावित हुए। उन्होंने एमए की डिग्री प्राप्त की। इसी बीच उनकी माता जी का स्वास्थ्य काफी बिगड़ने लगा जिसके कारण वे अपनी पढ़ाई को छोड़कर स्वदेश वापस आ गये। भारत वापस आने पर उनका विवाह प्रसिद्ध गांधीवादी बृजकिशोर प्रसाद की पुत्री प्रभावती के साथ हुआ। जब वे अमेरिका से वापस लौटे तब भारत में स्वतंत्रता आंदोलन चरम सीमा पर था। वे भी भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन का हिस्सा बने। 1932 में गांधी तथा सहित अन्य नेताओं के जेल जाने के बाद उन्होंने इस आन्दोलन का नेतृत्व किया। अंततः उन्हें भी 1932 में जेल में डाल दिया गया। नासिक जेल में उनकी मुलाकात मीनू मसानी ,अच्युत पटवर्धन ,सी के नारायणस्वामी सरीखे कांग्रेसी नेताओं के साथ हुई। जेल में चर्चाओं के बाद कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी का जन्म हुआ। यह पार्टी समाजवाद में विश्वास रखती थी। 1939 में उन्होंने अंग्रेज सरकार के खिलाफ लोक आंदोलन का नेतृत्व किया। सबसे बड़ी बात यह है कि जेपी स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलन में हथियार उठाने के पक्षधर थे। उन्होंने सरकार को किराया और राजस्व को रोकने का अभियान चलाया। टाटा स्टील कंपनी में हड़ताल करवाकर यह प्रयास किया कि अंग्रेजों को स्टील, इस्पात आदि न पहुंच सके। जिसके कारण उन्हें फिर हिरासत में ले लिया गया। उन्हें नौ माह तक जेल की सजा सुनायी गयी। आजादी के बाद जयप्रकाश नारायण ने 19 अप्रैल 1954 को बिहार के गया में विनोबा भावे के सर्वोदय आंदोलन के लिए जीवन समर्पित कर दिया। 1959 में उन्होंने लोकनीति के पक्ष में राजनीति करने की घोषणा की। 1974 में उन्होंने बिहार में किसान आंदोलन का नेतृत्व किया और तत्कालीन बिहार सरकार के इस्तीफे की मांग की। जेपी प्रारम्भ से ही कांग्रेसी शासन विशेषकर इंदिरा गांधी की राजनीतिक शैली के प्रखर विरोधी थे। 1975 में इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता को बचाकर रखने के लिए आपातकाल लगा दिया। आपातकाल के दौरान देश के विपक्षी दलों के नेताओं को जेलों में डाल दिया गया । लगभग 600 से अधिक नेताओं को जेल में डाला गया तथा उन पर जेलों में अमानवीय अत्याचार किया गया। जनता पर प्रतिबंध लगाये गये। आपातकाल में अत्याचारों से परेशान जनता कांग्रेस से बदला लेने के लिए उतावली हो रही थी। जनता व नेताओं को अत्याचारों से मुक्ति दिलाने के लिए जेपी ने अथक प्रयासों से विपक्ष को एक किया और 15 जून 1975 को पटना में ऐतिहासिक रैली में जेपी ने सम्पूर्ण क्रांति का आह्वान किया। 1977 के चुनाव में देश को पहली बार कांग्रेस से मुक्ति मिली। लेकिन भारत के दुर्भाग्यवश जेपी का यह अथक प्रयास बीच में ही टूट गया और उनके प्रयासों से बनी पहली गैर कांग्रेसी सरकार बीच में ही बिखर गयी। इससे उनको मानसिक दुःख पहुंचा। लोकनायक जयप्रकाश नारायाण सम्पूर्ण क्रांति में विश्वास रखते थे। उन्होंने बिहार से ही सम्पूर्ण क्रांति का आरम्भ किया था । वे घर- घर क्रांति का दीया जलाना चाह रहे थे।

**1932 में गांधी तथा सहित अन्य नेताओं के जेल जाने के बाद उन्होंने इस आन्दोलन का नेतृत्व किया। नासिक जेल में उनकी मुलाकात मीनू मसानी ,अच्युत पटवर्धन ,सी के नारायणस्वामी सरीखे कांग्रेसी नेताओं के साथ हुई।**

**आपातकाल**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

## गागर में सागर

### नाबालिग से यौन शोषण के आरोप में बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**कोलकाता।** कोलकाता के बाहरी इलाके में 14 वर्षीय लड़की के यौन शोषण के आरोप में एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया गया है।
बांग्लादेश के कोमिला जिले के गाजीपुर इलाके के निवासी आरोपी सोहेल राणा को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के बारासात में जिला अदालत में पेश किया जाएगा, जहां सरकारी अभियोजक उसकी पुलिस हिरासत की मांग करेंगे। किसी काम के लिए कोलकाता आया आरोपी सोहेल राणा कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके में न्यू टाउन - बालीगुड़ी इलाके में किराए के मकान में रहता था। राणा जिस घर में किराएदार था, उसके मालिक की नाबालिग लड़की के साथ यौन शोषण करता था और घटना के बारे में अपने माता-पिता को बताने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देता था। शुरूआत में पीड़िता ने मामले का खुलासा नहीं किया। हालांकि, सोमवार को उसने अपने माता-पिता को पूरा मामला बताया, जिन्होंने तुरंत स्थानीय टेक्नोलॉजी सिटी पुलिस स्टेशन से संपर्क किया। 7 अक्टूबर को उसी पुलिस स्टेशन की पुलिस ने एक रात पहले एक पॉश आवासीय परिसर में देर रात की पार्टी में एक आईटी पेशेवर के साथ बलात्कार के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। मामले में पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि उसे एक पार्टी में आमंत्रित किया गया था, जहां उसके पेय में कुछ नशीला पदार्थ मिलाया गया था और बाद में उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया गया।

### छत्तीसगढ़ के पुलिस आरक्षक की कार खाई में गिरी, बेटे की मौत, चार घायल

**मंडला।** जिले के टिकरिया थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर छत्तीसगढ़ के रायपुर पुलिस विभाग के आरक्षक का परिवार दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सोमवार देर रात उनकी तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हादसे में कार में आरक्षक के 11 वर्षीय बेटे की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया और मामले की जांच शुरू की।
टिकरिया थाना प्रभारी प्रताप सिंह मरकाम ने बताया कि रायपुर पुलिस विभाग में आरक्षक- चालक के पद पर पदस्थ सुनील कुमार शर्मा का परिवार रायपुर से ग्वालियर जा रहा था। मंडला-जबलपुर मार्ग पर टिकरिया थाना से लगभग एक किलोमीटर पहले किसी अन्य वाहन को ओवरटेक करने के प्रयास में उनकी कार क्रमांक सीजी 04 एच एम 0029 अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे एक खाई में जा गिरी।
मंडला पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने बताया कि कार में सुनील कुमार शर्मा पुत्र राजेंद्र प्रसाद शर्मा, उनकी पत्नी शांति शर्मा उम्र 42 वर्ष, 16 वर्षीय पायल शर्मा, 18 वर्षीय पुत्री तुलसी शर्मा और लव शर्मा पुत्र 11 वर्ष सवार थे। दुर्घटना में लव शर्मा की मौत हो गई एवं अन्य सभी घायल हैं।

### यू-ट्यूबर फरमानी नाज के पिता और भाई ने की थी खुर्शीद की हत्या

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर जनपद में यू-ट्यूबर फरमानी नाज के चचेरे भाई खुर्शीद की हत्या का मंगलवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया। फरमानी के पिता, भाई और जीजा ने मिलकर खुर्शीद की हत्या की थी। खुर्शीद के फरमानी की सगी भाभी से अवैध संबंध थे। पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।
मुजफ्फरनगर जनपद के रतनपुरी थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर माफी गांव निवासी यू-ट्यूबर फरमानी नाज के चचेरे भाई खुर्शीद की अगस्त 2023 की तीन बदमाशों ने हत्या कर दी थी। इसके बाद से ही पुलिस खुर्शीद के हत्यारों की तलाश में जुटी थी। मंगलवार को एसपी देहात अतुल कुमार श्रीवास्तव ने प्रेस वार्ता करके खुर्शीद हत्याकांड का खुलासा किया। खुर्शीद की हत्या अवैध संबंधों के चलते हुई। खुर्शीद के अवैध संबंध फरमानी के भाई फरमान की पत्नी के साथ थे। इसकी जानकारी मिलने पर फरमानी नाज के पिता आरिफ, भाई फरमान निवासी मोहम्मदपुर माफी ने खुर्शीद की हत्या करा दी। पुलिस ने आरिफ, फरमान, फरियाद निवासी पूठखास मेरठ, जाकिर निवासी जानी खुर्द को गिरफ्तार कर लिया। जबकि एक आरोपित शकीर निवासी जानी खुर्द मेरठ फरार चल रहा है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपितों से हत्या में प्रयोग किया गया चाकू, बाइक बरामद कर ली।

### ब्राउन शुगर के साथ महिला गिरफ्तार

**सिलीगुड़ी।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप और माटीगाड़ा थाने की पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर बीती रात सिलीगुड़ी से एक महिल को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला का नाम लक्ष्मी मंडल है। वह मालदा की निवासी है। सूत्रों के अनुसार, लक्ष्मी मंडल सोमवार रात एक हैंड बैंग में ब्राउन शुगर लेकर माटीगाड़ा विश्वास कॉलोनी पहुंची थी। इसकी गुप्त सूचना पर एसओजी ने माटीगाड़ा थाना की पुलिस की मदद से बाईपास मोड़ में

# छह वर्ष में 6 लाख से अधिक युवाओं को मिली नौकरी : मुख्यमंत्री योगी

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारी सरकार 6 वर्ष में छह लाख से अधिक नौजवानों को सरकारी नौकरी देने में सफल रही है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी ने मंगलवार को लोकभवन में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित 393 होम्योपैथिक फार्मासिस्ट को नियुक्ति पत्र वितरित किया।
उन्होंने कहा कि ट्रेडिशनल मेडिसिन के क्षेत्र में भारत ने एक लंबी छलांग लगाई है। पहले उत्तर प्रदेश में लोक सेवा आयोग के परिणाम आने में डेढ़ से 2 साल लग जाते थे, लेकिन अब अधीनस्थ सेवा चयन आयोग निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से 6 महीने से 9 महीने के अंदर परिणाम दे रहा है। फरवरी 2023 में उत्तर प्रदेश में ग्लोबल इन्वेटर्स समिट का आयोजन



हुआ। इससे प्रदेश को 38 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इससे एक करोड़ से अधिक नौजवानों को नौकरी मिलेगी। योगी ने कहा कि आयुर्वेद हमेशा से हमारे जीवन का हिस्सा रहा है। योग प्राचीन काल से भारत की परंपरा के साथ जुड़ा रहा है। होम्योपैथ का उपयोग गांवों में लोग किसी न किसी रूप में करते रहे हैं। लेकिन पहली बार आयुर्वेद, योग, प्रकृति चिकित्सा, सिद्धा और होम्योपैथ को मिलाकर आयुष मंत्रालय का गठन होता है तो इससे भारत की ट्रेडिशनल मेडिसिन को एक नई पहचान मिलती है।
सीएम योगी ने कहा कि पहले आयुर्वेद के लिए चयनित फार्मासिस्ट को सरकारी नौकरी नहीं दी जाती थी, लेकिन आज यह सरकारी व्यवस्था का हिस्सा बन गया है। हमारी सरकार आयुष की सभी विधाओं को प्रोत्साहित कर रही है। हम पांच हजार की आबादी पर योग और वेलनेस सेंटर के लिए युद्धस्तर पर आगे बढ़ रहे हैं। भारत के अंदर हेल्थ टूरिज्म की सबसे ज्यादा संभावना आयुष में है। आज दुनिया इस तरफ देख रही है। इस वजह से हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम हेल्थ टूरिज्म के लिए आने वाले लोगों को वैश्विक स्तर का वातावरण दें। कार्यक्रम में सीएम योगी ने चयनित कुछ होम्योपैथिक फार्मासिस्ट से संवाद भी किया। हरदोई के मोहम्मद आरिफ ने अपने चयन पर बताया कि वह अपने परिवार के पहले व्यक्ति हैं, जिनका चयन सरकारी सेवा में हुआ है। प्रयागराज के विवेक मिश्र ने कहा कि उनका चयन निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत हुआ है। देवरिया की संजना भारती ने कहा कि सीएम योगी द्वारा नियुक्ति पत्र प्राप्त करना उनके लिए सौभाग्य की बात है।

# ईडी के स्पेशल डायरेक्टर ने संभाला जांच का जिम्मा

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में शिक्षक नियुक्ति, नगर पालिकाओं की नियुक्ति समेत अन्य भ्रष्टाचार के मामलों की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और तेज गति से करवाई करेगा। इसकी वजह है कि ईडी के सहायक निदेशक मुकेश कुमार ने पश्चिम बंगाल में एजेंसियों द्वारा संभाले जा रहे मनी लॉन्ड्रिंग मामलों की कमान संभाल ली है। उन्होंने अपने पूर्ववर्ती मिथिलेश कुमार मिश्रा का स्थान लिया, जिन्हें 29 सितंबर को कलकत्ता उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा की एकल-न्यायाधीश पीठ ने ईडी द्वारा संभाले जा रहे किसी भी मामले से संबंधित जांच के प्रभार से हटा दिया था। उन्हें हटाने का आदेश देते हुए, न्यायमूर्ति सिन्हा ने कहा कि अदालत ने स्कूल नौकरी मामले में जांच की सुचारू प्रगति को आगे बढ़ाने में




संबंधित ईडी अधिकारी की दक्षता पर विश्वास खो दिया है।
न्यायाधीश ने हाल ही में मिश्रा द्वारा की गई जांच के तरीके पर असंतोष व्यक्त किया और उनसे यह भी पूछा कि क्या वह जांच से राहत चाहते हैं। नए सहायक निदेशक के अधिकार क्षेत्र में पश्चिम बंगाल में मनी लॉन्ड्रिंग से संबंधित हाई-प्रोफाइल मामले शामिल होंगे जैसे स्कूल की नौकरी के लिए नकद, नगर पालिकाओं की नौकरी के लिए नकद, कोयला और मवेशी तस्करी आदि। सूत्रों ने बताया कि पहले ही ऐसे मामलों से संबंधित केस डायरी नये सहायक निदेशक को सौंप दी गयी है।

# विस चुनाव: बसपा ने जारी की 29 उम्मीदवारों की तीसरी सूची

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के बाद राजनीतिक दल उम्मीदवारों के नामों घोषित करने के साथ ही प्रचार अभियान की तैयारियों में जुट गए हैं। इसी क्रम में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने अपने उम्मीदवारों की तीसरी सूची भी जारी की है, जिसमें 29 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए हैं। बसपा ने दमोह जिले की पथरिया सीट से मौजूद पार्टी विधायक रामबाई को उम्मीदवार बनाया गया है। इसके अलावा अन्य सीटों पर पार्टी ने जातिगत समीकरणों को देखते हुए सामान्य, ओबीसी अनुसूचित जाति (अजा) और अनुसूचित जनजाति (अजजा) वर्ग के लोगों को टिकट दिया है। गौरतलब है कि बसपा प्रदेश में पहली बार गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) के साथ गठबंधन कर चुनाव मैदान में उतरी है। प्रदेश की 230 सीटों में 178 सीटों पर बसपा और 52 पर (गोंगपा) चुनाव लड़ेगी। बसपा इसके पहले जारी दो सूचियों में 16 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। अब तीसरी सूची में बसपा ने 29



उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष इंजी. रमाकांत पिप्पल द्वारा सोमवार देर रात यह सूची जारी की गई है। जारी सूची के अनुसार, बसपा ने दमोह जिले की पथरिया सीट से रामबाई सिंह परिहार, मुरैना जिले के जौरा से सोनेराम कुशवाह, सबलगढ़ से सोनेराम धाकड़ उर्फ सोनी, अंबाह से रामवरन सिंह, श्योपुर जिले विजयपुर से महेश कुशवाह, दतिया जिले के भांडेर से राजू चौधरी, टीकमगढ़ जिले के खरगापुर से हृदेश कुशवाह, छतरपुर जिले राजनगर से घासीराम पटेल, छतरपुर से डीलमणी सिंह उर्फ बब्बू राजा और बिजावर से महेन्द्र गुप्ता को उम्मीदवार बनाया है।

# सभी सरकारी संस्थानों में नियमित रूप से बिजली आपूर्ति की व्यवस्था करें: सीएम नीतीश

**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को मुख्य सचिवालय स्थित सभा कक्ष में लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के माध्यम से प्राप्त सुझावों को लेकर समीक्षा बैठक की। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी सरकारी संस्थानों में नियमित रूप से विद्युत की आपूर्ति की व्यवस्था करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने देश में सबसे पहले बिहार में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की योजना प्रारंभ की। सबके घर में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लग जाएगा तो बिजली के त्रुटिपूर्ण बिल की समस्या खत्म हो जाएगी। लोग अपनी खपत के अनुसार बिजली बिल का भुगतान करेंगे। ये लोगों के हित में है। हम सब के हित में लगातार काम करते रहते हैं। बचे हुए सभी घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर



लगाने का काम जल्द पूरा करें। इससे सभी को फायदा होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल-जीवन-हरियाली अभियान के अंतर्गत सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने का अभियान चलाया गया है। सभी सरकारी भवनों की छत पर सोलर प्लेट्स लगाए जाने का निर्णय लिया गया है ताकि उस भवन में बिजली की आवश्यकता की पूर्ति सौर ऊर्जा से हो जाए। जिन जगहों पर यह काम अभी बाकी है उस काम में तेजी लाएं।सीएम ने कहा कि सौर ऊर्जा असली ऊर्जा है। एक बार हम जहानाबाद जिले के एक गांव में गए थे, जहां पर ग्रामीणों ने बिजली की मांग की थी। हमने सौर ऊर्जा की बात कही तो उन्होंने कहा कि यह नकली बिजली है। हमको असली वाली बिजली चाहिए। जब ग्रामीणों को हमने सौर ऊर्जा के बारे में विस्तृत ढंग से समझाया तब वे माने कि सौर ऊर्जा ही असली ऊर्जा है। उन्होंने कहा कि पंचायत सरकार भवन के ऊपर भी सोलर प्लेट लगाएं। शहरों में जो भी सरकारी/सार्वजनिक भवन बनाए जा रहे हैं, उसपर भी सोलर प्लेट लगाएं। सभी सरकारी संस्थानों में सोलर प्लेट (सौर ऊर्जा) लगाने के साथ लोगों को उनके घरों में भी सोलर प्लेट लगाने के लिए प्रेरित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सात निश्चय-2 के अंतर्गत सभी पंचायतों के सभी वार्डों में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई जा रही है, इस काम में तेजी लाएं। सोलर स्ट्रीट लाइट से रात में लोगों को काफी सहूलियत होगी और बिजली का दुरुपयोग नहीं होगा। आवागमन के स्थलों और अन्य सार्वजनिक जगहों पर जहां और जरूरत हो वहां सोलर स्ट्रीट लाइट लगाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर घर नल का जल योजना का कार्यान्वयन एवं अनुरक्षण ठीक ढंग से करें। अब इस योजना का कार्यान्वयन लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा किया जा रहा है।

# भाजपा ने बस्तर के 12 सीटों पर तीन पूर्व मंत्री एक पूर्व सांसद व 8 नये चेहरे उतारे

**एजेंसी। जदगलपुर**

बस्तर संभाग के 12 विधानसभा सीटों पर पहले चरण में 7 नवंबर को मतदान की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। 9 अक्टूबर से छत्तीसगढ़ में आचार संहिता भी लागू हो गई है। इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी ने अपने प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर दी। इन दोनों लिस्ट में बस्तर संभाग के 12 विधानसभा के प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी गई है। भाजपा ने पहले जारी किए गए सूची में बस्तर संभाग के 12 विधानसभा में से कांकेर और बस्तर के दो प्रत्याशियों का नाम की घोषणा की थी, लेकिन आज 9 अक्टूबर को जारी किए गए लिस्ट में बाकी बचे 10 प्रत्याशियों का नाम भी जारी कर दिया गया। बस्तर संभाग के 12 विधानसभा सीटों में भारतीय जनता पार्टी ने 8 नए चेहरे को मैदान में उतारा है। वहीं 04 सीटों



पर तीन पूर्व मंत्री केदार कश्यप को नारायणपुर, लता उसेंडी को कोंड़ागांव एवं महेश गागड़ा को बीजापुर से प्रत्याशी बनाया है, वहीं एक पूर्व सांसद विक्रम उसेंडी को अंतागढ़ से मैदान में उतारा है।
बस्तर संभाग के अंतिम छोर में बसे बीजापुर विधानसभा सीट से भाजपा ने महेश गागड़ा को अपना प्रत्याशी बनाया है। जो छत्तीसगढ़ शासन में 2013 के भाजपा कार्यकाल में वन मंत्री रहे। वहीं नारायणपुर से केदार कश्यप को अपना उम्मीदवार बनाया है, जो भाजपा के कार्यकाल में स्कूल शिक्षा मंत्री थे। वहीं कोंडगाव से लता उसेंडी को उम्मीदवार बनाया गया है, जो भाजपा कार्यकाल में महिला बाल विकास की मंत्री थी। वहीं अंतागढ़ से विक्रम उसेंडी पूर्व सांसद थे। बस्तर की चार सीटों के अलावा बाकी बचे 08 विधानसभा सीटों पर भाजपा ने नए उम्मीदवार उतारे हैं, जिसमें कोंटा से सोयम मुक्का, दंतेवाड़ा से चैतराम अरामी, चित्रकोट से विनायक गोयल, एक मात्र जगदलपुर सामान्य सीट से किरण देव, केशकाल से पूर्व कलेक्टर रहे नीलकंठ टेकाम, भानुप्रतापपुर से गौतम उइके, बस्तर से मनीराम कश्यप व कांकेर से आशाराम नेताम को अपना प्रत्याशी बनाया है। अब देखना होगा कि भारतीय जनता पार्टी बस्तर की 12 विधानसभा सीटों पर कितने सीटो पर जीत दर्ज कर पाती है। विदित हो कि वर्तमान में बस्तर संभाग के 12 विधानसभा सीटों पर कांग्रेस का कब्जा है।

# सोनभद्र: महिलाओं की तस्करी मामले में 13 लोग गिरफ्तार

**एजेंसी। सोनभद्र**

राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र में पुलिस और जिला प्रोबेशन की टीम ने राजस्थान व हरियाणा में शादी कराने का प्रलोभन व मोटी रकम देकर लड़कियों व शादीशुदा महिलाओं की तस्करी में संलिप्त 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में तीन राजस्थान के रहने वाले हैं, जो शादी के नाम पर तीन लाख रुपये में एक लड़की का सौदा करने आये थे।
पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने इस संबंध में मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया की लड़कियों एवं शादीशुदा महिलाओं की तस्करी करने के मामले में चार महिलाओं सहित 13 लोगों को सोमवार की शाम चण्डी तिराहे से गिरफ्तार किया गया है। इनमें तीन लोग मौके से भीड़ का फायदा उठाकर भाग निकले।
एसपी ने बताया की एक गैंग सुनियोजित तरीके से राजस्थान व अन्य प्रदेशों में शादी कराने के नाम पर मोटी रकम देकर सोनभद्र की लड़कियों को अन्य प्रदेशों में ले जाकर बेचते और मोटा मुनाफा कमाते हैं। यह लोग शादीशुदा महिलाओं के पति व परिजनों को मोटी रकम देकर राजस्थान ले जाकर बेचते हैं। इनमें कुछ महिलाएं कुछ समय बीत जाने पर भागकर वापस सोनभद्र लौटी हैं। कभी-कभी यह गैंग अधेड़ व्यक्ति की शादी बहुत कम उम्र की नाबालिग लड़कियों से भी करवा देते हैं। इस मामले में जिला प्रोबेशन व राबर्ट्सगंज पुलिस को सूचना मिली कि राजस्थान से कुछ लोग आये हैं और यहां के विजय, प्रशांत, मुन्नी देवी और मीरदेवी से तीन लाख रुपये में एक लड़की का सौदा कर रहे हैं। इस मामले में लड़की की मां रुपयेका लेन-देन करने के लिए व राजस्थान से आये कुछ लोग और गैंग के अन्य साथी चण्डी तिराहे के पास मौजूद हैं।

## पहल

### आईआईटी कानपुर नेक्स्ट जेनरेशन वायरलेस टेक्नोलॉजीज में ई-मास्टर डिग्री करने का अवसर

# भविष्य को ध्यान में रखकर बनाया गया है कोर्स

**एजेंसी। कानपुर**

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर ने नेक्स्ट जेनरेशन वायरलेस टेक्नोलॉजीज में ई मास्टर्स डिग्री के लिए जनवरी वर्ष 2024 हेतु 31 अक्टूबर तक पात्र छात्र आवेदन कर सकते हैं। इस कोर्स में आवेदन करने के लिए जीएटीई स्कोर की आवश्यकता नहीं है। यह जानकारी मंगलवार को आईआईटी कानपुर के निदेशक अभय करंदीकर ने दी। उन्होंने बताया कि आईआईटी कानपुर में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा डिजाइन किया गया यह व्यापक कार्यक्रम उपकरण और डिवाइस प्रौद्योगिकी में पेशेवरों को प्रशिक्षित करेगा जो वॉयस, डेटा और मल्टीमीडिया जानकारी में विशेषज्ञता प्रदान करने में सहायता करता है। पेशेवरों को विभिन्न उद्योग आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अगली पीढ़ी की वायरलेस प्रौद्योगिकियों के डिजाइन, संचालन, स्थापना और अभ्यास में प्रशिक्षण भी प्राप्त होगा। यह कार्यकारी-अनुकूल कार्यक्रम जो प्रौद्योगिकी व्यवधान की गहन समझ प्रदान करता है। इसमें आवेदन करने के लिए गेट स्कोर की आवश्यकता नहीं है। इसके अलावा, यह प्रतिभागियों को कार्यक्रम को 1-3 वर्षों में पूरा करने की सुविधा प्रदान करता है। कार्यक्रम को आईआईटी कानपुर के विश्व स्तरीय संकाय और शोधकर्ताओं ने केवल सप्ताहांत लाइव इंटरैक्टिव कक्षाओं के माध्यम से सेल्फ-लर्निंग से सीखने के माध्यम से पढ़ाया जाता है।कार्यक्रम को आधुनिक




डिजिटल नेक्स्ट जेनरेशन वायरलेस टेक्नोलॉजीज के आगमन को संबोधित करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें अत्यधिक कुशल कार्यबल की सख्त आवश्यकता पैदा की है। जबकि कई देश 5जी का सफलतापूर्वक उपयोग कर रहे हैं। अगली बड़ी 6जी दूरसंचार लहर के आने की तैयारी कर रहे हैं। भारत उद्योग प्रतिभा की कमी, पूंजी की कमी और उन्नति रोडमैप के कारण पिछड़ गया है। आज, भारत को संचार और संबद्ध प्रौद्योगिकियों से सुसज्जित कुशल पेशेवरों की आवश्यकता है। जो पेशेवर आधुनिक डिजिटल नेक्स्ट जेनरेशन वायरलेस टेक्नोलॉजीज को डिजाइन, निर्माण और तैनात कर सकते हैं, वे ही प्रासंगिक और भविष्य के लिए उपयुक्त बने रहेंगे। हालाँकि, व्यावहारिक ज्ञान और वैचारिक समझ की कमी ने इस क्षेत्र को विकसित होने में अवरोध पैदा किया है। इस पाठ्यक्रम को वायरलेस संचार, संभाव्यता और यादृच्छिक प्रक्रियाओं, वायरलेस संचार के लिए एप्लाइड रैखिक बीजगणित और डिजिटल संचार प्रणालियों जैसे मुख्य मॉड्यूल के साथ संरचित किया गया है जो वर्तमान पेशेवर की आवश्यकताओं को संबोधित करता है। कार्यक्रम में 60-क्रेडिट, 12-मॉड्यूल उद्योग-केंद्रित पाठ्यक्रम शामिल हैं। यह आईआईटी कानपुर में प्लेसमेंट सेल, इनक्यूबेशन सेल और पूर्व छात्र नेटवर्क तक पहुंच भी प्रदान करता है। इससे सफल कॅरियर उन्नति और नेटवर्किंग अनुभव प्राप्त होता है। इमर्सिव लर्निंग फॉर्मेट पेशेवरों को प्रतिष्ठित संकाय से मिलने और अनुभवी पेशेवरों के साथ नेटवर्क बनाने के लिए आईआईटी कानपुर परिसर का दौरा करने की अनुमति देता है। इसके अतिरिक्त, ई मास्टर्स डिग्री प्रोग्राम में दाखिला लेने वाले पेशेवर देश के संचार भविष्य को आकार देने और निर्माण करने के लिए बहुआयामी विशेषज्ञता प्राप्त करेंगे। नामांकन के चार सफल चक्र पूरे करने के बाद, कार्यक्रम में नए बैच के लिए बड़ी संख्या में आवेदन आ रहे हैं। 600 से अधिक पेशेवरों ने पहले ही आईआईटी कानपुर से ई-मास्टर डिग्री कार्यक्रमों के लिए शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा कर लिया है। आईआईटी कानपुर के 56वें दीक्षांत समारोह के दौरान स्नातक करने वाले पहले बैच को उनकी डिग्री प्राप्त हुई। जनवरी 2024 से शुरू होने वाले नए बैचों के लिए आवेदन 31 अक्टूबर 2023 तक खुले हैं।

### ट्रेन की चपेट में आने से तीरंदाजी कोच के दोनों पैर कटे, गंभीर

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन पर सोमवार रात ट्रेन की चपेट में आने से तीरंदाजी कोच के दोनों पैर कट गए। वे तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए खरगोन से नर्मदापुरम टीम लेकर आए थे। इस दौरान ओवरनाइट एक्सप्रेस ट्रेन से उतरते वक्त उनका पैर फिसल गया और उनके दोनों पैर कट गए। तीरंदाजी कोच को गंभीर हालत में शहर के नर्मदा अपना अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार खरगोन के मोहम्मदपुर तहसील गोगांव निवासी तीरंदाजी कोच मुसर्लिन शेख पुत्र गुलाम हुसैन मोहम्मद राज्यस्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए टीम लेकर खरगोन से नर्मदापुरम आए थे। सोमवार रात कोच ओवरनाइट एक्सप्रेस से टीम के साथ नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। ट्रेन से बैग उतारते समय उनका पैर फिसल गया, जिसके कारण वो प्लेटफार्म से नीचे गिर गए और ट्रेन की चपेट में आ गए।




## गागर में सागर

### राष्ट्रपति आज से जम्मू-कश्मीर के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज से जम्मू-कश्मीर के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगी। राष्ट्रपति भवन ने मंगलवार को बताया कि राष्ट्रपति 11 से 12 अक्टूबर तक जम्मू-कश्मीर का दौरा करेंगी। राष्ट्रपति 11 अक्टूबर को श्रीनगर में कश्मीर विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह में भाग लेंगी। उसी दिन, वह राजभवन, श्रीनगर में स्थानीय आदिवासी समूहों और महिला स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के साथ बातचीत करेंगी। राष्ट्रपति राजभवन में उनके सम्मान में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में भी शामिल होंगी। 12 अक्टूबर को राष्ट्रपति श्री माता वैष्णों देवी तीर्थ का दौरा करेंगी, जहां वह पुनर्निर्मित पार्वती भवन और स्काई वॉक का उद्घाटन करेंगी।

### मोदी-नेतन्याहू में हुई बात, पीएम ने कहा भारत के लोग इजरायल के साथ खड़े

**नई दिल्ली।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी को टेलीफोन कर उन्हें गाजा पट्टी से हमास आतंकियों के हमले के बाद छिड़े युद्ध से जुड़े वर्तमान हालात से अवगत कराया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने इजरायली प्रधानमंत्री को आश्वासन दिया कि भारत के लोग इस मुश्किल घड़ी में इजराइल के साथ मजबूती से खड़े हैं। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि वे प्रधानमंत्री नेतन्याहू को उनके फोन कॉल और मौजूदा हालात से अवगत कराने के लिए धन्यवाद देते हैं। भारत के लोग इस मुश्किल घड़ी में इजरायल के साथ मजबूती से खड़े हैं। भारत आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की कड़ी और स्पष्ट रूप से निंदा करता है।

### आईओआरए मंत्रिपरिषद की बैठक में भाग लेने श्रीलंका जाएंगे विदेश मंत्री

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर 10-12 अक्टूबर को श्रीलंका का दौरा करेंगे। इस साल विदेश मंत्री की यह दूसरी श्रीलंका यात्रा है। विदेश मंत्रालय के अनुसार कोलंबो में विदेश मंत्री 11 अक्टूबर को वर्तमान आईओआरए अध्यक्ष श्रीलंका द्वारा आयोजित हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (आईओआरए) की 23वीं मंत्रिपरिषद (सीओएम) बैठक में भाग लेंगे। इस बैठक में भारत 2023-25 के लिए आईओआरए के उपाध्यक्ष की भूमिका निभाएगा और आगे 2025-27 में अध्यक्षता करेगा। सीओएम आईओआरए की हालिया गतिविधियों की समीक्षा करेगा और भविष्य के सहयोग की रूपरेखा तैयार करेगा। आईओआरए के अलावा विदेश मंत्री कोलंबो में द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। उल्लेखनीय है कि श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए जुलाई में भारत आए थे।

### मद्रास हाईकोर्ट 11 को सेंथिल बालाजी की बेल याचिका पर करेगा सुनवाई

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय मंगलवार को तमिलनाडु के बिना विभाग के मंत्री सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका पर बुधवार को सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया। मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति जी. जयचंद्रन ने मंत्री के वकील एन.आर. एलांगो की याचिका पर सहमति व्यक्त की। अदालत ने याचिका को बुधवार के लिए सूचीबद्ध करने का आदेश दिया। चेन्नई की प्रधान सत्र अदालत ने अपराध की गंभीरता और मंत्री सेंथिल बालाजी के खिलाफ उपलब्ध सामग्री को देखते हुए 20 सितंबर को जमानत के लिए उनकी याचिका खारिज कर दी थी। वह चार महीनों से स्टालिन कैबिनेट में बिना विभाग के मंत्री हैं।

### दूसरे दिन भी कश्मीर घाटी में आयकर विभाग की कई स्थानों पर छापेमारी

**श्रीनगर।** मंगलवार को लगातार दूसरे दिन भी कश्मीर घाटी में कई स्थानों पर कुछ व्यापारिक समूहों से संबंधित आयकर के छापे जारी हैं। छापेमारी के दौरान नकदी, संपत्ति निवेश के सबूत और अन्य दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि यह छापेमारी श्रीनगर, सोपोर, सोनमर्ग, खीव, बडगाम, हुमहामा, लाल मंडी और हैदरपोरा में की जा रही है। उन्होंने कहा कि एआरसीओ ग्रुप के कारोबार से संबंधित छापेमारी कल से इन ठिकानों पर की जा रही है। उन्होंने कहा कि चल रही छापेमारी के दौरान नकदी, संपत्ति निवेश के सबूत और अन्य दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। अधिकारी ने कहा कि हैदरपोरा में शाह अनवर कॉलोनी में छापेमारी के दौरान लगभग दो करोड़ नकद भी बरामद किए गए।

### राजनाथ सिंह ने इतालवी रक्षा मंत्री के साथ की बैठक, बोले

# दोनों देश रक्षा साझेदारी और मजबूत करने के लिए तत्पर

**यात्रा के अगले चरण में फ्रांस जाएंगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, 5वीं वार्षिक रक्षा वार्ता करेंगे**

**भारतीय नौसेना के लिए 26 राफेल-एम लड़ाकू विमान खरीदने के सौदे पर भी होगी चर्चा**



**एजेंसी। नई दिल्ली**

इटली और फ्रांस के दौरे पर गए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रोम में अपने इतालवी समकक्ष गुइडो क्रोसेटो के साथ बैठक की। उन्होंने भारत और इटली के बीच रक्षा सहयोग के समझौते पर हस्ताक्षर किए। राजनाथ सिंह के साथ प्रशिक्षण, सूचना साझाकरण और समुद्री सुरक्षा सहित रक्षा सहयोग से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, रोम में इतालवी रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेटो के साथ गर्मजोशी भरी और सार्थक बैठक हुई। हमने रक्षा सहयोग से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें प्रशिक्षण, सूचना साझा करना और समुद्री सुरक्षा शामिल था। उन्होंने कहा कि दोनों देश रक्षा साझेदारी और मजबूत करने के लिए तत्पर हैं। उन्होंने कहा, भारत और इटली के बीच रक्षा सहयोग पर एक समझौते पर भी हस्ताक्षर किए गए। हम अपनी रक्षा साझेदारी को और मजबूत करने के लिए तत्पर हैं।

राजनाथ सिंह की दो देशों की यात्रा के पहले चरण के दौरान उनका रोम में इतालवी रक्षा मंत्री गुइडो क्रिसेटो से मिलने का कार्यक्रम था। इतालवी प्रधानमंत्री की मार्च, 2023 में भारत यात्रा के दौरान भारत और इटली के बीच संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया था। दोनों देशों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध हैं। दोनों देशों के बीच राजनीतिक और आधिकारिक स्तर पर यात्राओं का नियमित आदान-प्रदान होता रहा है। वह औद्योगिक सहयोग के संभावित अवसरों पर चर्चा करने के लिए फ्रांसीसी रक्षा उद्योग के सीईओ और वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ भी बातचीत करेंगे। राजनाथ सिंह यात्रा के दूसरे और अंतिम चरण में अपने समकक्ष फ्रांसीसी सशस्त्र बल मंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू के साथ 5वीं वार्षिक रक्षा वार्ता का संचालन करेंगे। भारत और फ्रांस ने हाल ही में रणनीतिक साझेदारी के 25 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया। दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण औद्योगिक सहयोग सहित गहरे और व्यापक द्विपक्षीय रक्षा संबंध हैं। रक्षा मंत्री की फ्रांस यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब भारत भारतीय नौसेना के लिए 26 राफेल-एम लड़ाकू विमान खरीदने पर विचार कर रहा है।

फ्रांसीसी डसॉल्ट एविएशन के सीईओ एरिक ट्रैपियर 26 अत्याधुनिक राफेल-एम फाइटर जेट खरीदने के लिए भारतीय नौसेना सौदे पर आगे की बातचीत के लिए भारत पहुंचे। भारतीय नौसेना वाहक आईएनएस विक्रांत पर तैनात करने के लिए भारत और फ्रांस सरकार से सरकार मार्ग से इस बहु अरब डॉलर के सौदे पर हस्ताक्षर करना चाह रहे हैं। भारतीय नौसेना ने अमेरिकी जेट एफ/ए-18 सुपर हॉर्नेट को खारिज करके फ्रांसीसी राफेल एम का सौदा करने का विकल्प चुना है।

## चीन के भारत की जमीन पर कब्जा जमाने को लेकर स्वामी की याचिका पर केंद्र को नोटिस

**आरएनएम। नई दिल्ली**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व भाजपा नेता डा.सुब्रमण्यम स्वामी का कहना है कि चीन ने हमारी 4 हजार वर्ग किमी जमीन पर कब्जा जमा रखा है। फिर भी पीएम मोदी उसके बारे में एक शब्द तक नहीं बोल रहे हैं। डा.स्वामी ने इस मुद्दे को लेकर दिल्ली उच्च न्यायालय में एक याचिका भी दायर कर रखी है। जिसमें उनका आरोप है कि 4 हजार वर्ग किमी जमीन पर कब्जा कर लिया है। उनकी याचिका पर उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से जवाब भी मांगा है।

सरकार इस मसले पर उलझती दिखाई दे रही है। डा.सुब्रमण्यम स्वामी इस मुद्दे पर विदेश मंत्री एस जयशंकर से इस कदर नाराज हैं कि उनको वेटर तक कहते हैं।

उनका कहना है कि विदेश मंत्री किसी काम के नहीं हैं। जो चीन पर कुछ नहीं बोलते हैं और उसके लिए चीन के सामने भारत को कमजोर होने का तर्क देते हैं। विदेश मंत्री केवल अपने आकाओं की भाषा बोलते हैं।

### चुनावी बांड योजना के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई 31 को

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह चुनावी बांड योजना के खिलाफ याचिकाओं पर 31 अक्टूबर को सुनवाई करेगा। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने मंगलवार को प्रारंभिक दलीलें सुनीं।

## खिलाड़ियों के मार्ग में पैसे को बाधा नहीं बनने देंगे : मोदी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री ने मंगलवार को एशियाई खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों से संवाद करते हुए कहा कि भारत सरकार खिलाड़ियों को सभी प्रकार की सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आश्वस्त किया कि खिलाड़ियों के मार्ग में पैसों की कमी को कभी बाधा नहीं बनने देंगे। प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में एशियाई खेलों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों से बातचीत कर रहे थे। भारत ने इन खेलों में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 107 मेडल जीते हैं। भारत इन खेलों में चौथे स्थान पर रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए 2014 से पहले और बाद में देश के खेल इको सिस्टम में आए बदलाव का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पहले भी देश में योग्यता और जीत के जज्बे की कमी नहीं थी लेकिन खिलाड़ियों को कई अन्य चुनौतियों का सामना करना पड़ता था। सरकार देश के सपोर्ट इको सिस्टम का कायाकल्प करने में जुटी है। हमारा प्रयास खिलाड़ियों को दुनिया की बेस्ट ट्रेनिंग देना और यह सुनिश्चित करना है कि उन्हें देश और विदेश में ज्यादा से ज्यादा अवसर मिले। इसके अलावा चयन में पारदर्शिता का ध्यान रखा जा रहा है ताकि किसी के साथ भेदभाव ना हो। गांव-देहात में रहने वाले सपोर्ट टैलेंट को भी ज्यादा से ज्यादा अवसर मिलें, यह सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि आज देश के खेल बजट को तीन गुना बढ़ाया गया है। टॉप और खेलो इंडिया जैसी योजनाएं गेम चेंजर साबित हुई हैं। इन खेल अभियानों की वजह से कई प्रतिभाएं खोजी गई हैं और इनमें से 40 से ज्यादा ने ही इन एशियाई खेलों में मेडल जीता है। इससे साबित होता है कि यह अभियान सही दिशा में है। इसके तहत 3000 प्रतिभाओं को ट्रेनिंग, कोचिंग, मेडिकल, डाइट और 6 लाख स्कॉलरशिप दी जा रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले 5 सालों में देश खेल इंफ्रास्ट्रक्चर पर 3 हजार करोड़ से ज्यादा खर्च करेगा। इस दौरान प्रधानमंत्री ने महिला खिलाड़ियों के प्रदर्शन की विशेष सराहना की। उन्होंने कहा कि उनका जज्बा दर्शाता है कि भारत के बेटियों का सामर्थ्य क्या है। इन खेलों में आधे से ज्यादा पदक महिलाओं ने जीते हैं। इसके अलावा उन्होंने कम उम्र के खिलाड़ियों के प्रदर्शन की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि कम उम्र के खिलाड़ियों से एक्सपोर्टिंग नेशन की पहचान बनती है। इससे वह लंबे समय तक देश की सेवा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज देश का खिलाड़ी केवल अच्छे प्रदर्शन तक नहीं बल्कि जीत चाहता है। इसके लिए उन्होंने एक शब्द गोट (जीओएटी) का भी प्रयोग किया, जिसका अर्थ होता है। प्रधानमंत्री ने इस दौरान जीतने वाले खिलाड़ियों से अपने प्रभाव का उपयोग कर ड्रग्स और डाइट के कुप्रभावों के बारे में युवा खिलाड़ियों को जागरूक करने की बात कही।

## अंडमान-निकोबार द्वीप से सेना ने दागी ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय सेना ने अंडमान और निकोबार द्वीप में मंगलवार को नई रेंज की ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल प्रक्षेपण किया। विस्तारित रेंज वाली ब्रह्मोस 450 किलोमीटर तक लक्ष्य को भेद सकती है। यह सफल परीक्षण सेना की ब्रह्मोस मिसाइल रेजिमेंट ने पिन प्वाइंट सटीकता के साथ किया। इसके लिए एक अन्य द्वीप पर लक्ष्य रखा गया था, जिसे मिसाइल ने सटीक निशाना बनाया। इस सफल मिसाइल परीक्षण से भारतीय सेना के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। साथ ही दुश्मनों के लिए भारत और अधिक मजबूत हो गया है। इस महीने की शुरूआत में भारत ने एयरमेन को एक नोटम में कहा था कि 10 अक्टूबर को 450 किमी. या उससे अधिक की दूरी पर लक्ष्य को मारने वाली ब्रह्मोस के संस्करण का परीक्षण कर सकता है। परीक्षण के लिए अधिसूचित नो-फ्लाई जोन में सुझाव दिया गया था कि मंगलवार को क्रूज मिसाइल का विस्तारित संस्करण 450 किमी. या उससे अधिक की दूरी पर लक्ष्य को मार सकता है। नोटम एक तरह का नोटिस है, जो विमान पायलटों को हवाई मिशनों को सूचना देने के लिए जारी किया जाता है, ताकि उड़ान मार्ग या संभावित खतरों के बारे में सचेत किया जा सके। भारत के लगातार सफल परीक्षण किये जाने से विरोधियों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। दुनिया की सबसे तेज ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल के भूमि हमले संस्करण का पहला परीक्षण 24 नवम्बर, 2020 को भारतीय सेना ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह से ही किया था। ब्रह्मोस लैंड-अटैक मिसाइल को चीन के खिलाफ लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में तैनात किया गया है। ब्रह्मोस मिसाइलों से लैस कुछ सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान वास्तविक नियंत्रण रेखा के करीब एयरबेस में तैनात हैं। भारत और रूस के संयुक्त प्रयास से विकसित की गई ब्रह्मोस अब तक की सबसे आधुनिक प्रक्षेपास्त्र प्रणाली है, जिसने भारत को मिसाइल तकनीक में अग्रणी बना दिया है।

### शोपियां मुठभेड़ में लश्कर के दो आतंकवादी ढेर

**शोपियां।** सुरक्षाबलों ने जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले के अलशिपोरा में आज सुबह मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों को मार गिराया। इस क्षेत्र में कई आतंकियों के छुपे होने की आशंका है। सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान तेज कर दिया है। पुलिस, सेना और सीआरपीएफ ने अलशिपोरा इलाके में आतंकवादियों के छुपे होने की सूचना पर सोमवार देररात इलाके में अभियान शुरू किया था। मारे गए आतंकवादियों की पहचान आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के मोरीफत मकबूल और जाजिम फारूक उर्फ अबरार के रूप में हुई है। पुलिस महानिदेशक (कश्मीर जोन) विजय कुमार ने एक्स पर कहा है कि आतंकवादी अबरार, कश्मीरी पंडित एटीएम गार्ड संजय शर्मा की हत्या में शामिल था। संजय शर्मा की इसी साल फरवरी में पुलवामा के अचन इलाके में उनके घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।




### नवरात्र से पहले रितेश पांडेय का देवी गीत 'आदि भवानी' रिलीज



**भोजपुरी** सुपर स्टार सिंगर और एक्टर रितेश पांडेय का नवरात्र स्पेशल देवी गीत 'आदि भवानी' सोमवार को रिलीज हो गया है। इस गाने में रितेश पांडेय ने शक्ति की देवी दुर्गा की आराधना को पिरो कर प्रस्तुत किया है। शारदीय नवरात्र शुरू होने में अब कुछ ही दिन बाकी हैं, उससे पहले रितेश पांडेय का यह गाना ऋद्धि म्यूजिक वर्ल्ड से रिलीज हुआ है और देवी भक्तों को यह गीत बेहद पसंद आ रहा है। इस गाने को लेकर रितेश पांडेय ने कहा कि शारदीय नवरात्र में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा करने से माता रानी की कृपा प्राप्त होती है और घर में सुख-समृद्धि का आगमन होता है। नवरात्र उत्सव रंग, परंपरा, संगीत और नृत्य का उत्सव है। सब समय अपने अंतरंग में उतरने का और अपनी ऊर्जा के स्तर में वृद्धि करने का है। कहा जाता है कि माता का पूजन जो भी सच्चे मन से करता है, उसकी सारी मनोकामना पूर्ण होती है। इसलिए हमने अपने इस गीत से माता की स्तुति को खास बनाने का प्रयास किया है।

### शहनाज गिल अस्पताल में भर्ती, मिलने पहुंची निर्माता रिया कपूर



**एक्ट्रेस** शहनाज गिल फूड पॉइजनिंग के बाद अस्पताल में भर्ती हैं। निर्माता रिया कपूर ने सोमवार रात उनसे मुलाकात की। यह उनकी लेटेस्ट रिलीज के प्रमोशन के दौरान था, जब वह बीमार पड़ गईं और उन्हें मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में भर्ती कराया गया। सेलिब्रिटी पैपराजी विरल भयानी ने इंस्टाग्राम पर अस्पताल से एक वीडियो साझा किया। रिया को शहनाज से मिलने के बाद अस्पताल से बाहर निकलते और कार में बैठते देखा गया। इससे पहले शहनाज ने एक इंस्टाग्राम लाइव के दौरान अस्पताल से अपडेट दिया था, जहां वह बिस्तर पर लेटी हुई नजर आ रही थीं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह अब ठीक हैं लेकिन पहले ठीक नहीं थीं।

**अनूठी पहल**

### बंगाल के रसगुल्ले को विदेश भेजने की तैयारी

# भारतीय डाक ने शुरू की स्पेशल कुरियर सर्विस



**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के प्रसिद्ध रसगुल्ले और अन्य मिठाइयों को विदेश भेजने के लिए भारतीय डाक ने विशेष पहल की है। इसके लिए स्पेशल कुरियर सर्विस की शुरूआत की गई है। भारतीय डाक विभाग के पश्चिम बंगाल सर्कल द्वारा शुरू की गई विशेष कुरियर सेवा का लाभ उठाकर अब पश्चिम बंगाल के लोग अपने प्रियजनों को विदेशों में पसंदीदा मिठाई भेज सकेंगे। 'पैक्ड रसगुल्ले' भेजने के लिए पैकेजिंग की जिम्मेदारी भेजने वाले की होगी। विभाग के पश्चिम बंगाल सर्कल के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कुछ निजी कुरियर सेवा कंपनियां पहले से ही पैक्ड मिठाइयों की खेप विदेश भेजने के लिए सेवा की पेशकश कर रही हैं। हालांकि, उनके द्वारा ली जाने वाली दरें काफी अधिक हैं। भारतीय डाक विभाग के पश्चिम बंगाल सर्कल द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाएं निजी संस्थाओं द्वारा दी जाने वाली दरों की तुलना में काफी सस्ती होंगी।

उन्होंने दावा किया कि विभाग इस परियोजना को 'रसगुल्लों' के साथ जोड़ कर लोकप्रिय बना रहा है, लेकिन इस पसंदीदा बंगाली मिठाई को मिली वैश्विक प्रशंसा को देखते हुए कोई भी राज्य से अन्य लोकप्रिय मिठाइयां अपने प्रियजनों को भेज सकता है।

डाक विभाग के अधिकारी ने कहा कि यहां तक कि घर की बनी मिठाइयां, जो त्योहारी सीजन के दौरान काफी आम हैं, उन्हें भी इस विशेष सेवा के माध्यम से विदेश भेजा जा सकता है। एकमात्र शर्त यह है कि भेजने वाले को इसकी पेशेवर पैकेजिंग की व्यवस्था करनी होगी। उल्लेखनीय है कि पहले भी कई ऐसे उदाहरण सामने आए हैं, जब भारतीय डाक विभाग ने खुद को रसगुल्ले की वैश्विक लोकप्रियता से जोड़ा था। जनवरी 2018 में विभाग ने पश्चिम बंगाल के प्रतिष्ठित मिठाई निमार्ता नबीन चंद्र दास को 1868 में एक टिकट और विशेष कवर के साथ रसगुल्ला निमार्ता के रूप में स्वीकार किया था।

## टाइगर-3 में जोया का किरदार निभाना एक अविश्वसनीय जर्नी : कैटरीना कैफ




**टाइगर-3** में कैटरीना जोया का किरदार निभाती है। जो वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पहली महिला जासूस का रोल है। फिलम में वह लड़ाई या रणनीति में टाइगर उर्फ सलमान खान से बराबरी करती हैं। कैटरीना के जोया के किरदार को एक था टाइगर और टाइगर जिंदा है में उन्हें खूब प्यार मिला है। उन्होंने दिखाया है कि वह अपने दम पर अविश्वसनीय एक्शन सीक्वेंस कर सकती हैं। यशराज फिल्म्स ने मंगलवार को जोया के रूप में कैटरीना के सोलो पोस्टर का अनावरण किया गया। इस मौके पर लोगों ने उनके अभिनय की सराहना की। लोगों का कहना है कि टाइगर-वर्स कैटरीना कैफ के अलावा कोई भी जोया की भूमिका नहीं निभा सकता है। इस मौके पर कैटरीना ने खुलासा किया कि टाइगर-3 के शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण एक्शन दृश्यों को निभाने के लिए उन्होंने अपने बॉडी को 'ब्रेकिंग पॉइंट' तक धकेल दिया। कैटरीना कहती हैं, 'जोया वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पहली महिला जासूस हैं और मुझे उनके जैसा किरदार पाकर बहुत गर्व है। वह उग्र है, वह साहसी है, वह पूरी तरह से समर्पित, वफादार है और सबसे बढ़कर वह हर समय मानवता के लिए खड़ी रहती है।' उन्होंने कहा कि, वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में जोया का किरदार निभाना एक अविश्वसनीय जर्नी रही है और मैंने हर फिल्म में खुद को परखा है। टाइगर-3 कोई अपवाद नहीं है। हम इस बार एक्शन दृश्यों को अगले स्तर पर ले जाना चाहते थे और मैंने फिल्म के लिए अपने बॉडी को ढाला है।

## गागर में सागर

### वेदांता की सहायक कंपनी हिंदुस्तान जिंक पर 1.81 करोड़ का जुर्माना



**नई दिल्ली।** बहुराष्ट्रीय खनन कंपनी वेदांता लिमिटेड ने कहा कि कर अधिकारियों ने उसकी सहायक कंपनी हिंदुस्तान जिंक पर 1.81 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। वेदांता लिमिटेड ने शेयर बाजारों को सूचित किया कि यह आदेश रविवार आठ अक्तूबर को प्राप्त हुआ। वेदांता ने एक बयान में कहा, कंपनी को सहायक आयुक्त, डिवीजन-ए, केंद्रीय जीएसटी ऑडिट सर्कल, सीजीएसटी, उदयपुर से एक आदेश प्राप्त हुआ है, जिसमें जुलाई 2017 से मार्च 2018 की अवधि के लिए एसजीएसटी अधिनियम, 2017 के संबंधित प्रावधानों और आईजीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 20, जीसीएसटी अधिनियम 2017 की धारा 74 (9) के तहत 1,81,06,073 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। बयान में कहा गया है कि यह आदेश इस तर्क पर पारित किया गया है कि कंपनी ने गलत तरीके से इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ उठाया था। कंपनी ने आगे कहा कि उसे अपीलीय स्तर पर अनुकूल परिणाम की उम्मीद है और उसे नहीं लगता कि इस आदेश का कंपनी पर कोई वित्तीय प्रभाव पड़ेगा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि उसने प्रमुख हैचरी कंपनी 'वेंकटेश्वर हैचरीज प्राइवेट लिमिटेड' की 24 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति को जब्त करने का नया आदेश जारी किया है। एजेंसी ने कहा कि उसने यह आदेश विदेशी मुद्रा कानून के कथित उल्लंघन से संबंधित जांच के तहत दिया है।

### वित्त मंत्री मोरक्को हुई रवानाआईएमएफ की वार्षिक बैठक में लेंगी भाग



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण विश्व बैंक-अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठक के साथ जी-20 के वित्त मंत्रियों एवं केंद्रीय बैंक के गवर्नरों (एफएमबीसीबीजी) की बैठक में शामिल होने के लिए मंगलवार को छह-दिवसीय दौरे पर मोरक्को रवाना हुई। इसके अलावा, सीतारमण मराकेश में 11 से 15 अक्टूबर तक इंडोनेशिया, मोरक्को, ब्राजील, स्विट्जरलैंड, जर्मनी और फ्रांस के प्रतिनिधियों के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगी। एक आधिकारिक बयान में दी गई जानकारी के मुताबिक, वार्षिक बैठकों में शामिल होने जा रहे प्रतिनिधिमंडल में वित्त मंत्रालय एवं भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अधिकारी शामिल हैं। इस प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई सीतारमण करेंगी। बयान के अनुसार, सीतारमण और आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास भारत की अध्यक्षता में जी-20 एफएमसीबीजी की चौथी बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। भारत की अध्यक्षता में जी-20 एफएमसीबीजी की बैठक में जी-20 देशों, आमंत्रित देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के 65 प्रतिनिधि महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर व्यापक चर्चा करेंगे।

### तंजानिया के साथ मुद्रा व्यापार के मूड में भारत, रुपए में कारोबार पर दिया जोर



**नई दिल्ली।** भारत संबंधों को रणनीतिक साझेदारी स्तर तक बढ़ाने के तहत तंजानिया के साथ स्थानीय मुद्रा में व्यापार पर चर्चा कर रहा है। विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने सोमवार को कहा कि नई दिल्ली ने रुपए में व्यापार पर जोर दिया है। विदेश मंत्रालय के सचिव दम्मू रवि ने तंजानिया के राष्ट्रपति सामिया सुलुहु हसन की यात्रा पर एक ब्रीफिंग में संवाददाताओं से कहा, तंजानिया ने रक्षा और अन्य क्षेत्रों में भारत से अतिरिक्त ऋण की भी मांग की है, जो भारत द्वारा पहले की गई 1.1 अरब डॉलर की पेशकश से अधिक है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन के बीच वार्ता के बाद दोनों देशों ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढाने की घोषणा की और रक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए पंचवर्षीय रूपरेखा पर सहमति जताई। दोनों देशों ने डिजिटल, संस्कृति, खेल, समुद्री उद्योग और वाणिज्यिक असैन्य व्यापारी जहाजों की गतिविधि और पहचान पर पूर्व सूचना साझा करने के क्षेत्र में सहयोग मुहैया कराने के लिए छह समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

### इस्राइल-हमासः युद्ध लंबा खिंचा तो भारत में बढ़ेगी महंगाई

# संघर्ष की शुरूआत होते ही 4 फीसदी महंगा हुआ कच्चा तेल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इस्राइल व हमास के बीच युद्ध का असर कच्चे तेल की कीमतों से लेकर दुनियाभर के शेयर बाजारों पर दिखने लगा है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट के साथ युद्ध का असर दिखने की शुरूआत हो गई है। इस्राइस-हमास युद्ध लंबा खींचा तो भारत पर इसका चौतरफा असर पड़ सकता है। सबसे बड़ी चिंता कच्चे तेल को लेकर है, जो दोनों देशों में संघर्ष की शुरूआत के बाद से 4 फीसदी से अधिक महंगा हो गया है। क्रूड में उछाल से देश में न सिर्फ महंगाई बढ़ेगी बल्कि चालू खाता घाटे पर भी असर पड़ेगा। भारत अपनी जरूरतों का 85 फीसदी तेल आयात करता है। ब्लूमबर्ग मुताबिक,



रैपिडन एनर्जी समूह के अध्यक्ष एवं व्हाइट हाउस के पूर्व अधिकारी बॉब मैकनेली ने कहा कि अगर इस्राइल किसी भी ईरानी बुनियादी ढांचे पर हमला कर जवाब देता है तो क्रूड के दाम तत्काल बढ़ जाएंगे। उधर, सोमवार को वैश्विक बाजार में कच्चा तेल 3 फीसदी तक उछल गया। ब्रेंट क्रूड 2.28 फीसदी चढ़कर 86.86 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। डब्ल्यूटीआई में 3 फीसदी तेजी रही। विशेषज्ञों की मानें तो इस्राइल और हमास के बीच युद्ध का लंबा चलना चिंताजनक है। इससे कच्चे तेल की कीमतें तिहाई अंकों में पहुंच सकती है।

हालांकि, क्रूड की बढ़ती कीमतों से निपटने के लिए भारत अच्छी स्थिति में है। फिर भी, इसकी कीमतों का 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे बने रहना जरूरी है। इस्राइल-हमास संघर्ष पर पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा, भारत स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए है। जहां तक ऊर्जा का सवाल है तो हमें यह बिल्कुल स्पष्ट कर देना चाहिए कि जिस स्थान पर यह सब जारी है, वह कई मायनों में वैश्विक ऊर्जा केंद्र है। हम इस पर करीबी नजर रखेंगे और देखेंगे कि अपना आगे का रास्ता कैसे तय कर सकते हैं। अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड ने सोमवार को कहा, इस्राइल में स्थित हाइफा बंदरगाह पर उसके सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं।

### भारत में बेरोजगारी दर छह साल के निचले स्तर पर

## एनएसएसओ की वार्षिक रिपोर्ट जारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) द्वारा सोमवार को जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण वार्षिक रिपोर्ट 2022-2023 के अनुसार, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए भारत में बेरोजगारी दर जुलाई 2022 से जून 2023 के दौरान छह साल के निचले स्तर 3.2 प्रतिशत पर दर्ज की गई। बेरोजगारी या बेरोजगारी दर को श्रम -बल में बेरोजगार व्यक्तियों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया गया है। अधिक लगातार समय अंतराल पर श्रम बल डेटा की उपलब्धता के महत्व को ध्यान में रखते हुए, एनएसएसओ ने अप्रैल 2017 में आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) शुरू किया। यहां संदर्भ अवधि जुलाई 2022 से जून 2023 तक है। अखिल भारतीय स्तर पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए सामान्य स्थिति में बेरोजगारी दर (यूआर) 2022-23 में 4.1 प्रतिशत से घटकर 2021-22. में 3.2 प्रतिशत हो गई। देश में इस साल अप्रैल-जून तिमाही में शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों की बेरोजगारी दर सालाना आधार पर एक फीसदी घटकर 6.6 फीसदी रही।?राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) के मुताबिक, एक साल पहले की समान अवधि में यह 7.6 फीसदी रही थी। अप्रैल-जून, 2022 में बेरोजगारी दर इसलिए अधिक थी, क्योंकि देश में कोरोना के कारण ?पाबंदियां थीं।?जनवरी-मार्च, 2023 में बेरोजगारी दर 6.8 फीसदी और 2022 की जुलाई-सितंबर व अक्तूबर-दिसंबर में यह 7.2% रही थी। शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए वर्तमान साप्ताहिक स्थिति में श्रमबल भागीदारी अप्रैल-जून, 2023 में बढ़कर 48.8 फीसदी पहुंच गई।

## त्योहारी सीजन में हाउसिंग सेक्टर के लिए शानदार रहने की उम्मीद

**एजेंसी। नई दिल्ली**

15 अक्टूबर 2023 से नवरात्र के त्योहार के साथ त्योहारी सीजन का आगाज होने जा रहा है। ये फेस्टिव सीजन हाउसिंग सेक्टर के लिए शानदार रहने की उम्मीद जाहिर की जा रही है। तो रियल एस्टेट कंपनियां हाउसिंग डिमांड में जबरदस्त तेजी के टलते मौजूदा वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में शानदार नतीजों का ऐलान कर सकती हैं। इन वजहों के चलते मंगलवार 10 अक्टूबर 2023 को शेयर बाजार में रियल एस्टेट सेक्टर के स्टॉक्स में जोरदार तेजी देखने को मिल रही है। दिग्गज रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ हो या गोदरेज प्रॉपर्टीज या फिर छोटी कंपनियां सभी के शेयरों में निवेशकों की ओर से जोरदार खरीदारी देखने को मिल रही है। सबसे बड़ी तेजी अजमेरा रिएल्टी एंड इंफ्रा लिमिटेड के स्टॉक में है जो करीब 15 फीसदी के उछाल के साथ कारोबार कर रहा है। प्रेस्टीज एस्टेट्स में 12.50 फीसदी और पूर्वांकरा के शेयर में 12 फीसदी का उछाल है। पेनिनसुला लैंड का स्टॉक 9.97 फीसदी, ओमैक्स 10 फीसदी, कोल्टे पाटिल 7.68 फीसदी के उछाल के साथ कारोबार कर रहा है। दिग्गज रियल एस्टेट कंपनियों के शेयरों में भी भारी खरीदारी देखी जा रही है। डीएलएफ 4 फीसदी, गोदरेज प्रॉपर्टीज 6.20 फीसदी, ब्रिगेड एंटरप्राइजेज 2.93 फीसदी और मैक्रोटेक डेवलपर्स 3.63 फीसदी की तेजी के साथ ट्रेड कर रहा है। रियल एस्टेट शेयरों की खरीदारी के चलते निफ्टी का रियल एस्टेट इंडेक्स 4.50 फीसदी के उछाल के साथ कारोबार कर रहा है। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली छमाही में प्रेस्टिज एस्टेट्स ने रिकॉर्ड 11007 करोड़ रुपये का सेल्स दर्ज किया है जो कि 69 फीसदी ज्यादा है। शोभा डेवलपर्स का 1724 करोड़ रुपये का सेल्स रहा है जो कि पिछली तिमाही से 48 फीसदी ज्यादा है। बाकी रियल एस्टेट कंपनियों का भी सेल्स का आंकड़ा शानदार रहने वाला है जिसके चलते स्टॉक में तेजी है।



### कनाडा में चीन के एजेंटों ने की निज्जर की हत्या यूएस में बनाया था प्लान

**नई दिल्ली।** एक चीनी ब्लॉगर ने कनाडा में खालिस्तानी आंतकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर चौंकान वाला खुलासा किया है। स्वतंत्र ब्लॉगर जेनिफर जेंग का आरोप है कि निज्जर की हत्या में चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (उउढ) के एजेंटों का हाथ है। जेनिफर जेंग ने दावा किया कि भारत और पश्चिमी देशों में फूट पैदा करने के लिए चीन ने यह गंदा खेल खेला है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग की सैन्य रणनीति के मुताबिक यह ताइवान के संबंध में पश्चिमी देशों को रोकने के लिए चीन का भयावह ₹इग्निशन प्लान₹ का एक हिस्सा था। जेंग ने आरोप लगाया कि निज्जर की हत्या करने वाले चीनी एजेंटों ने भारतीयों के द्वारा बोले जाने वाली अंग्रेजी का लहजा सीखा था। हालांकि अब तक जेनिफर जेंग के आरोपों पर चीन को कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है और न ही भारत ने भी इस पर कोई प्रतिक्रिया जाहिर की है।

## बीएसएच होम एप्लायंसेस ने रांची में निःशुल्क सर्विस कैंप की शुरूआत की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

होम एप्लायंसेस इंडस्ट्री में वैश्विक प्रमुख, बीएसएच हॉसगेरेट जीएमबीएच की सहायक कंपनी, बीएसएच होम एप्लायंसेस प्राइवेट लिमिटेड ग्राहकों के लिए अपनी प्रतिबद्धता को प्रखर रखते हुए, बॉश एप्लायंसेस के लिए भारत के बाजारों में निःशुल्क सर्विस कैंप का आयोजन करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस सर्विस कैंप की शुरूआत 9 अक्टूबर को हुई, जो कि 14 अक्टूबर, 2023 को सम्पन्न होगा। इस कैंप के दौरान ग्राहकों को विभिन्न लाभ प्राप्त होंगे, जिसमें विस्तारित वॉरंटी, स्पेयर पार्ट्स, एक्सेसरीज और अन्य वस्तुओं पर विशेष छूट, और साथ ही बॉश एवं सीमेंस एप्लायंसेस के लिए यात्रा और श्रम शुल्क पर पूर्ण छूट शामिल है। बीएसएच कस्टमर सर्विस, सामग्रियों और एक्सेसरीज की एक विविध श्रृंखला प्रदान करती है, जिसमें डीस्केलर्स, डिटर्जेंट्स, डिशवॉशर टेबलेट्स, डस्ट कवर्स और पेडेस्टल्स आदि शामिल हैं। यह कैंप ग्राहकों को अपने बॉश और सीमेंस एप्लायंसेस का पेशेवर रूप से निरीक्षण, सेवा और मरम्मत करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगा, जिससे सर्वोत्तम प्रदर्शन सुनिश्चित होगा और उनके प्रोडक्ट्स का जीवनकाल भी बढ़ेगा। इस सर्विस कैंपेन पर अपने विचार साझा करते हुए, सत्यनारायणन विश्वनाथन, चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर और हेड- बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, बीएसएच हाउसहोल्ड एप्लायंसेस इंडिया, ने कहा, ₹बीएसएच होम एप्लायंसेस में, हम ग्राहक-प्रथम दृष्टिकोण का पालन करते हैं और हमारे तमाम प्रोडक्ट्स और सर्विसेस ग्राहकों को खुश करने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने पर ध्यान क्रेन्द्रित करते हैं। हमें मौजूदा त्योहारी सीजन के अनुरूप भारत के तमाम बाजारों में इस निःशुल्क सर्विस कैंप का आयोजन करते हुए खुशी हो रही है। यह हमारे मूल्यवान ग्राहकों के प्रति आभार व्यक्त करने और उन्हें अद्वितीय सेवा अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है।



## विदेश

### महात्मा गांधी ने जहां से शुरू की थी वकालत

## अब उसी जगह उनकी प्रतिमा का हुआ अनावरण




**यह प्रतिमा महात्मा गांधी के जीवन के उस समय की याद दिलाती है, जब वह दक्षिण अफ्रीका छोड़कर गए थे। यह टॉलस्टॉय फार्म के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी**

**एजेंसी। जोहानेसबर्ग**

दक्षिण अफ्रीका के जोहानेसबर्ग में महात्मा गांधी की आठ फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया गया है। इस प्रतिमा का अनावरण टॉलस्टॉय फॉर्म में हुआ। गौरतलब है कि 20वीं सदी की शुरूआत में जोहानेसबर्ग की इसी जगह से महात्मा गांधी ने अपने वकालत के करियर की शुरूआत की थी। महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण दक्षिण अफ्रीका में भारत के राजदूत प्रभात कुमार ने किया। महात्मा गांधी की प्रतिमा के अनावरण के मौके पर भारतीय राजदूत प्रभात कुमार ने कहा कि यह प्रतिमा महात्मा गांधी के जीवन के उस समय की याद दिलाती है, जब वह दक्षिण अफ्रीका छोड़कर गए थे। यह टॉलस्टॉय फार्म के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी, जहां महात्मा गांधी पांच-छह साल रहे। बता दें कि महात्मा गांधी साल 1910 से लेकर 1914 के बीच टॉलस्टॉय फार्म इलाके में रहे थे। साल 1990 तक यह जगह तबाह हो चुकी थी और यहां मौजूद मकान क्षतिग्रस्त हो गए थे और यहां बड़ी-बड़ी घास उगी हुई थी। महात्मा गांधी रिमेंबरेंस ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष मोहन हीरा (84 वर्षीय) ने टॉलस्टॉय फार्म को फिर से पुनर्उद्धार किया। मोहन हीरा को उनके प्रयासों के लिए इस साल जनवरी में प्रवासी भारतीय अवार्ड से भी सम्मानित किया गया। मोहन हीरा का कहना है कि अब महात्मा गांधी की प्रतिमा के अनावरण के बाद उनकी अगली कोशिश इस जगह को आत्मनिर्भर बनाने की होगी ताकि यहां के लोग आत्मनिर्भर बनकर गरीबी से निकल सकें।

### सरकार ने एफएम चैनलों की विज्ञापन दरों में किया बदलाव, 8 साल बदले रेट

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को अपनी नीतियों और कार्यक्रमों के लिए निजी एफएम रेडियो स्टेशनों पर विज्ञापनों की दरों में भारी वृद्धि को मंजूरी दे दी। इस कदम से देशभर में स्थित 400 से अधिक रेडियो स्टेशनों को फायदा होगा। आठ साल बाद नई दरों की घोषणा की गई है। आखिरी बढ़ोतरी 2015 में की गई थी। सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि विज्ञापन दरों को अंतिम रूप देने के लिए मूल्य निर्धारण फॉमूर्ला 2019 के इंडिया रीडरशिप सर्वे (आईआरएस) से शहर की आबादी और श्रोताओं के डेटा जैसे विभिन्न कारकों को ध्यान में रखता है। सरकार द्वारा जारी बयान में कहा गया है, ₹सितंबर, 2023 के महीने में मंत्रालय द्वारा अनुमोदित नई दरों में दिसंबर 2015 से मार्च 2023 की अवधि के लिए बढ़ती लागत की गतिशीलता को ध्यान में रखते हुए आधार दर में 43 प्रतिशत की वृद्धि शामिल है।

## हमास के हवाई हमले में बाल-बाल बची अमेरिकी पत्रकार की जान

**एजेंसी। येरूशलम**

अमेरिकी न्यूज चैनल सीएनएन की मुख्य अंतर्राष्ट्रीय संवाददाता क्लेरिसा वार्ड एक लाइव सेगमेंट के बीच थी, तभी उन्होंने रॉकेटों की तेज आवाज सुनी। आवाज सुनते ही वह अपनी तीन साथियों के साथ सड़क किनारे जाकर छिप गई। इस्राइल में घुसकर फलस्तीन की आतंकी संगठन हमास ने खुलेआम सड़कों पर गोलीबारी करने के साथ हवाई हमले भी किए, जिसमें अबतक 900 के करीब इस्राइली नागरिकों की मौत हो चुकी है। जहां इस हमले से डरकर लोग अपने घरों में छिपने के लिए मजबूर हो गए हैं, तो वहीं अमेरिकी न्यूज चैनल की रिपोर्टर और उनकी टीम ने इस हमले को काफी करीब से देखा है। उन्होंने हमास द्वारा किए गए इस हमले का जिक्र करते हुए अपनी दास्तां बताई हैं। अमेरिकी न्यूज चैनल सीएनएन की मुख्य अंतर्राष्ट्रीय संवाददाता क्लेरिसा वार्ड एक लाइव सेगमेंट के बीच थी, तभी उन्होंने रॉकेटों की तेज आवाज सुनी। आवाज सुनते ही वह अपनी तीन साथियों के साथ सड़क किनारे जाकर छिप गई। इस दौरान कैमरामैन को बोलते सुना गया, 'ठीक है, ठीक है। संवाददाता वर्ड ने इस दौरान अपनी स्थिति के लिए सीएनएन टीम से माफी मांगी और वहां के दृश्य का वर्णन किया। उन्होंने बताया, 'हम यहां भारी मात्रा में रॉकेट आते हुए देख रहे हैं। यह हमसे ज्यादा दूर नहीं है।

**जान की तबाही** | **इजरायली एक्शन से गाजा में तबाही, 1.87 लाख लोगों ने छोड़ा घर**

# हमास के 1700 ठिकाने नेस्तनाबूत व 700 की हुई मौतें

**एजेंसी। तेल अवीव**

हमास द्वारा इजरायल पर किए गए हमले के बाद पिछले 72 घंटे से इजरायली सेना की बमबारी ने गाजा पट्टी में भारी तबाही मचाई है। इजरायल की एयर फोर्स ने गाजा पर ऐसा हमला बोला है, जिसके बाद हमास आतंकी थर्रा उठे हैं। इजरायल ने गाजा में हमास के 1700 से अधिक ठिकानों को नेस्तनाबूत कर दिया है। इनमें हमास के 475 रॉकेट सिस्टम, 73 कमांड सेंटर शामिल हैं। विगत सोमवार को तो तीन घंटे के भीतर 130 टारगेट फिक्स करके इजरायल की एयरफोर्स ने इन्हें तबाह कर दिया। इजरायल ने 23 ऐसी इमारतों पर भी हमला किया, जिनका इस्तेमाल हमास के आतंकी करते हैं। इसके अलावा 22 अंडरग्राउंड ठिकानों को भी तबाह कर दिया गया। फिलिस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि गाजा में इजरायली बम विस्फोटों में इमारतें मलबों के ढेर में तब्दील हो गई हैं। 704 फिलिस्तीनी मारे गए, जिनमें 143 बच्चे और 105 महिलाएं शामिल हैं जबकि 4,000 लोग घायल हुए हैं । संघर्ष शुरू होने के बाद से तीन दिन में गाजा में कम से कम लाखों लोग आंतरिक रूप से विस्थापित हो चुके हैं पिछले घंटों के दौरान पूरे गाजा पट्टी में बड़े पैमाने पर विस्थापन बढ़ गया है, और घर छोड़ने वाले लोगों का आंकड़ा 1.87 हजार के पार पहुंच गया है। इजरायल के रक्षामंत्री ने गाजा पट्टी की पूर्ण घेराबंदी के आदेश दिए हैं व बिजली, भोजन, पानी सहित जरूरी सप्लाई बंद कर दिए हैं। इजरायल ने 3 लाख सैनिकों को गाजा बॉर्डर पर तैनात किया है। बता दें कि पिछले कुछ बरसों में जब भी इजरायल और फिलीस्तीन के बीच टकराव होता रहा है, तब गाजा हा ही घमासान का केंद्र बनता रहा है. गजा पट्टी एक जमाने में इजरायल के नियंत्रण में था लेकिन पिछले एक दशक से कहीं ज्यादा समय से यहां पर फिलीस्तीन अथारिटी का शासन है। बता दें कि हमले की शुरूआत गाजा पट्टी की तरफ से हुई और अब इजरायल इसका कड़ा जवाब दे रहा है। ऑपरेशन अल अक्सा की घोषणा के बाद सिर्फ 20 मिनट में हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल की तरफ 3 हजार से ज्यादा रॉकेट दागे तो वहां चहुं ओर तबाही मच गई। इजरायल का सबसे ताकतवर एयर डिफेंस सिस्टम आयरन डोम भी हमास के हमले को रोक नहीं पाया इस हमले में अब तक इजरायल के 900 लोग मारे जा चुके हैं।



**सिर्फ 20 मिनट में हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल की तरफ 3 हजार से ज्यादा रॉकेट दागे तो वहां चहुं ओर तबाही मच गई**

## पेज एक के शेष

### बच्चों में कुपोषण के

कि तीन महीने के अंदर पोषण ट्रैकर तैयार कर इसे देशभर में लागू किया गया। इस ट्रैकर के माध्यम से देश में 10.11 करोड़ लाभार्थियों में से 9.50 करोड़ लाभार्थियों का आधार वेरिफिकेशन भी किया जा चुका है। देश के आंगनबाड़ी केन्द्रों का उन्नयन करने के साथ सरकार ने इनमें निर्माण कार्यों के फंड को 7 लाख से बढ़ाकर 12 लाख रुपये, शौचालयों के लिए 12 हजार से बढ़ा कर 36 हजार रुपये कर दिया गया है। पानी के लिए 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 17 हजार रुपये कर दिया गया है। आंकाक्षी जिलों में 40 हजार से अधिक आंगनबाड़ी केन्द्रों में एलईडी टीवी स्क्रीन लगाने पर भी काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 1.16 हजार मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों में से 42000 को अपग्रेड किया जा चुका है। आंगनबाड़ी कार्यकताओं की ट्रेनिंग के लिए 900 करोड़ रुपए सुनिश्चित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकताओं को निगरानी के लिए जल्दी ही 5जी फोन दिए जाएंगे और ऐसी व्यवस्था की गई है कि हर चार साल में इन उपकरणों को बदला जा सके। पोषण ट्रैकर के माध्यम से देश में 1.2 लाख लाभार्थियों को माइग्रेशन के बाद भी सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। महिला एवं बाल विकास सचिव इंदेवर पांडे ने बच्चों में कुपोषण को कम करने के लिए किशोरियों में कुपोषण को कम करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएसएच) के दिशा-निर्देश में बदलाव होने के बाद पोषण ट्रैकर के तहत 7 करोड़ बच्चों के स्वास्थ्य को ट्रैक किया गया। उन्होंने बताया कि सितंबर महीने में देशभर में 17 करोड़ 70 लाख गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस मौके पर नए प्रोटोकॉल पर लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. प्रवीण कुमार, अंतरराष्ट्रीय बाल रोग चिकित्सक संगठन के अध्यक्ष डॉ. नवीन ठक्कर ने विस्तार से चर्चा की और इसे विदेशों में लागू करने की वकालत की। इस मौके पर आयुष राज्य मंत्री डॉ. मुंजापारा महेंद्रभाई और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (एमडब्ल्यूसीडी) और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (एमएच एंड एफडब्ल्यू) के अधिकारी, विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनिसेफ, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे।

### झारगोव टीवी के...

साइबर अपराधियों के द्वारा झारगोव टीवी के इंस्टाग्राम और फेसबुक जो झारगोव टीवी के नाम से बने हुए है उसके पासवर्ड और यूजर नेम को बदल कर पेज पर अश्लील वीडियो पोस्ट किया जा रहा था। जांच कर रही टीम से मिली जानकारी के अनुसार अगर यूजर नेम और पासवर्ड रिकवर नहीं होता है तो पेज को डिलीट कर नए आईडी पासवर्ड से फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट बनाया जाएगा। फिलहाल अधिकांश अश्लील वीडियो डिलीट कर दिया गया है। आशंका जताई जा रही है कि फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट को हैक करने में झारगोव टीवी में कार्यरत किसी कर्मचारी का भी हाथ हो सकता है। साइबर टीम पूरे मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है। रांची एसएसपी चंदन कुमार सिंहा ने बताया कि मामले में किसी साइबर गिरोह का हाथ है या किसी अन्य का यह जांच के बाद सामने आ जाएगा।

## विश्व कप 2023 में इंग्लैंड की जीत का खाता खुला

# बांग्लादेश को 137 रनों से दी बड़ी शिकस्त

**एजेंसी। धर्मशाला**

आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 में इंग्लैंड की टीम ने जीत का खाता खोल दिया है। मंगलवार को धर्मशाला स्थित हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले गए मैच में इंग्लैंड ने बांग्लादेश को 137 रनों से बड़ी शिकस्त दी। विश्व कप के पहले मैच में इंग्लैंड को न्यूजीलैंड के हाथों करारी हार मिली थी। इस मैच में बांग्लादेश को हराकर विश्व कप में इंग्लैंड की टीम ने अपनी जीत का खाता खोल दिया है।

मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 9 विकेट पर 364 रनों का पहाड़ सा स्कोर खड़ा किया। जवाब में बांग्लादेश की टीम 48.2 ओवर में 227 रनों पर ढेर हो गई। बांग्लादेश को ओर सलामी बल्लेबाजी लिटन दास ने सर्वाधिक 66 गेंदों में 76 रनों की पारी खेली। उनके अलावा मुशफिकुर रहीम ने 64 गेंदों पर 51 रन और तौहीद हृदोय ने 39 रनों का योगदान दिया। इनके अलावा बांग्लादेश का अन्य कोई बल्लेबाज कुछ ज्यादा नहीं कर सका। इससे पूरी टीम 50 ओवर भी नहीं खेल पाई और 48.2 ओवर में 227 रन पर ऑलआउट हो गई।



इंग्लैंड की ओर से रीस टॉपले ने सबसे अधिक चार विकेट लिए, जबकि क्रिस वोक्स ने दो तथा लियाम लिविंगस्टोन, सैम करन, आदिल राशिद और मार्क वुड ने एक-एक विकेट अपने नाम किया।

इससे पूर्व इंग्लैंड ने मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 364 रनों का एक बड़ा स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की ओर से सलामी बल्लेबाज डेविड मलान ने 107 गेंदों 140 रनों की शानदार शतकीय पारी खएली। मलान ने अपनी पारी में पांच छक्के और 16 चोके लगाए। मलान के अलावा जो रूट ने 68 गेंदों में 8 चौके और एक छक्के की बदौलत 82 रन और सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो ने 59 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 52 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। इनके अलावा कप्तान जोस बटलर ने 10 गेंदों में 20 रन और हैरी ब्रूक ने 15 गेंदों में 20 रन का योगदान दिया।

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जॉनी बेयरस्टो | 52 | 59 | 8 | 0 |
| डाविड मलान | 140 | 107 | 16 | 5 |
| जो रूट | 82 | 68 | 8 | 1 |
| जॉस बटलर | 20 | 10 | 1 | 1 |
| हैरी ब्रूक | 20 | 15 | 3 | 0 |
| लियम लिविंगस्टन | 0 | 1 | 0 | 0 |
| सैम करन | 11 | 15 | 1 | 0 |
| क्रिस वोक्स | 14 | 11 | 2 | 0 |
| आदिल रशीद | 11 | 7 | 1 | 0 |
| मार्क वुड | 6 | 5 | 1 | 0 |
| रीस टॉप्ली | 1 | 2 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 07, **कुल :** 364/9 (50 ओवर)
**विकेट पतन :** 1-115, 2-266, 3-296, 4-307, 5-307, 6-327, 7-334, 8-352, 9-362. डीआरएस
**गेंदबाजी :** मुस्तफि जुर रहमान 10-0-70-0, तस्किन अहमद 6-0-38-1, शोरिफुल इस्लाम 10-0-75-3, महेदी हसन 8-0-71-4, शाकिब अल हसन 10-0-52-1, मेहदी हसन मिराज 6-0-55-0

| बांग्लादेश | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| लिटन कुमार दास | 76 | 66 | 7 | 2 |
| तंजिद हसन | 1 | 2 | 0 | 0 |
| नजमुल शान्तो | 0 | 1 | 0 | 0 |
| शाकिब अल हसन | 1 | 9 | 0 | 0 |
| मेहदी हसन मिराज | 8 | 7 | 1 | 0 |
| मुशफि कुर रहीम | 51 | 64 | 4 | 0 |
| मो. तौहीद हृदोय | 39 | 61 | 2 | 0 |
| महेदी हसन | 14 | 32 | 1 | 0 |
| तस्किन अहमद | 15 | 25 | 0 | 1 |
| शोरिफुल इस्लाम | 12 | 14 | 2 | 0 |
| मुस्तफि जुर रहमान | 3 | 9 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 7, **कुल :** 227/10 (48.2 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-14, 2-14, 3-26, 4-49, 5-121, 6-164, 7-189, 8-195, 9-221, 10-227. डीआरएस
**गेंदबाजी :** क्रिस वोक्स 8-0-49-2, रीस टॉप्ली 10-1-43-4, सैम करन 7.2-0-47-1, मार्क वुड 10-0-29-1, आदिल रशीद 10-0-42-1, लियम लिविंगस्टन 3-0-13-1

### स्कोर बोर्ड

| श्रीलंका | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| पथुम निसंका | 51 | 61 | 7 | 1 |
| कुसल परेरा | 0 | 4 | 0 | 0 |
| कुसल मेंडिस | 122 | 77 | 14 | 6 |
| सदीरा समराविक्रमा | 108 | 89 | 11 | 2 |
| चरिथ असलंका | 1 | 3 | 0 | 0 |
| धनंजय डीसिल्वा | 25 | 34 | 3 | 0 |
| दसून शानका | 12 | 18 | 0 | 0 |
| दुनिथ वेल्लालगे | 10 | 8 | 1 | 0 |
| महीश थीक्षणा | 0 | 4 | 0 | 0 |
| मथीशा पथिराना | 1 | 3 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 14, **कुल :** 344/9 (50 ओवर)
**विकेट पतन :** 1-5, 2-107, 3-218, 4-229, 5-294, 6-324, 7-335, 8-343, 9-344.डीआरएस
**गेंदबाजी :** शाहीन शाह अफरीदी 9-0-66-1, हसन अली 10-0-71-4, मोहम्मद नवाज 9-0-62-1, हारिस रउफ 10-0-64-2, शादाब खान 8-0-55-1, इफ्तिखार अहमद 4-0-22-0

| पाकिस्तान | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अब्दुल्लाह शफीक | 113 | 103 | 10 | 3 |
| इमाम-उल-हक | 12 | 12 | 1 | 0 |
| बाबर आजम | 10 | 15 | 1 | 0 |
| मोहम्मद रिजवान | 131 | 121 | 8 | 3 |
| सऊद शकील | 31 | 30 | 2 | 0 |
| इफि्तखार अहमद | 22 | 10 | 4 | 0 |

**अतिरिक्त :** 26, **कुल :** 345/4 (48.2 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-16, 2-37, 3-213, 4-308. डीआरएस
**गेंदबाजी :** महीश थीक्षणा 10-0-59-1, दिलशान मदुशंका 9.2-0-60-2, दसून शानका 5-0-28-0, मथीशा पथिराना 9-0-90-1, दुनिथ वेल्लालगे 10-0-62-0, धनंजय डीसिल्वा 4-0-36-0, चरिथ असलंका 1-0-10-0

## वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | एनआरआर | नेट प्वाइंट्स |
|---|---|---|---|---|---|
| न्यूजीलैंड | 2 | 2 | 0 | +1.958 | 4 |
| पाकिस्तान | 2 | 2 | 0 | +0.927 | 4 |
| अफगानिस्तान | 1 | 0 | 1 | -1.438 | 0 |
| ऑस्ट्रेलिया | 1 | 0 | 1 | -0.883 | 0 |
| बांग्लादेश | 2 | 1 | 1 | -0.653 | 2 |
| भारत | 1 | 1 | 0 | +0.883 | 2 |
| साउथ अफ्रीका | 1 | 1 | 0 | +2.040 | 2 |
| श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | -1.161 | 0 |
| नीदरलैंड्स | 2 | 0 | 2 | -1.800 | 0 |
| इंग्लैंड | 2 | 1 | 1 | +0.553 | 2 |

## वर्ल्ड कप 2023 का पूरा शेड्यूल

| दिन तथा तिथि | टीम 1 | बनाम | टीम 2 | शहर |
|---|---|---|---|---|
| गुरुवार, 12 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | दक्षिण अफ़्रीका | लखनऊ |
| शुक्रवार, 13 अक्टूबर | न्यूजीलैण्ड | बनाम | बांग्लादेश | चेन्नई |
| शनिवार, 14 अक्टूबर | भारत | बनाम | पाकिस्तान | अहमदाबाद |
| रविवार, 15 अक्टूबर | इंग्लैण्ड | बनाम | अफगानिस्तान | दिल्ली |
| सोमवार, 16 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | श्रीलंका | लखनऊ |
| मंगलवार, 17 अक्टूबर | दक्षिण अफ़्रीका | बनाम | नीदरलैण्ड | धर्मशाला |
| बुधवार, 18 अक्टूबर | न्यूजीलैण्ड | बनाम | अफगानिस्तान | चेन्नई |
| गुरुवार, 19 अक्टूबर | भारत | बनाम | बांग्लादेश | पुणे |
| शुक्रवार, 20 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | पाकिस्तान | बेंगलुरू |
| शनिवार, 21 अक्टूबर | नीदरलैण्ड | बनाम | श्रीलंका | लखनऊ |
| शनिवार, 21 अक्टूबर | इंग्लैण्ड | बनाम | दक्षिण अफ़्रीका | मुंबई |
| रविवार, 22 अक्टूबर | भारत | बनाम | न्यूजीलैण्ड | धर्मशाला |
| सोमवार, 23 अक्टूबर | पाकिस्तान | बनाम | अफगानिस्तान | चेन्नई |
| मंगलवार, 24 अक्टूबर | दक्षिण अफ़्रीका | बनाम | बांग्लादेश | मुंबई |
| बुधवार, 25 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | नीदरलैण्ड | दिल्ली |
| गुरुवार, 26 अक्टूबर | इंग्लैण्ड | बनाम | श्रीलंका | बेंगलुरू |
| शुक्रवार, 27 अक्टूबर | पाकिस्तान | बनाम | दक्षिण अफ़्रीका | चेन्नई |
| शनिवार, 28 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | न्यूजीलैण्ड | धर्मशाला |
| शनिवार, 28 अक्टूबर | नीदरलैण्ड | बनाम | बांग्लादेश | कोलकाता |
| रविवार, 29 अक्टूबर | भारत | बनाम | इंग्लैण्ड | लखनऊ |
| सोमवार, 30 अक्टूबर | अफगानिस्तान | बनाम | श्रीलंका | पुणे |
| मंगलवार, 31 अक्टूबर | पाकिस्तान | बनाम | बांग्लादेश | कोलकाता |
| बुधवार, 1 नवंबर | न्यूजीलैण्ड | बनाम | दक्षिण अफ़्रीका | पुणे |
| गुरुवार, 2 नवंबर | भारत | बनाम | श्रीलंका | मुंबई |
| शुक्रवार, 3 नवंबर | नीदरलैण्ड | बनाम | अफगानिस्तान | लखनऊ |
| शनिवार, 4 नवंबर | न्यूजीलैण्ड | बनाम | पाकिस्तान | बेंगलुरू |
| शनिवार, 4 नवंबर | इंग्लैण्ड | बनाम | ऑस्ट्रेलिया | अहमदाबाद |
| रविवार, 5 नवंबर | भारत | बनाम | दक्षिण अफ़्रीका | कोलकाता |
| सोमवार, 6 नवंबर | बांग्लादेश | बनाम | श्रीलंका | दिल्ली |
| मंगलवार, 7 नवंबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | अफगानिस्तान | मुंबई |
| बुधवार, 8 नवंबर | इंग्लैण्ड | बनाम | नीदरलैण्ड | पुणे |
| गुरुवार, 9 नवंबर | न्यूजीलैण्ड | बनाम | श्रीलंका | बेंगलुरू |
| शुक्रवार, 10 नवंबर | दक्षिण अफ़्रीका | बनाम | अफगानिस्तान | अहमदाबाद |
| शनिवार, 11 नवंबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | बांग्लादेश | पुणे |
| शनिवार, 11 नवंबर | इंग्लैण्ड | बनाम | पाकिस्तान | कोलकाता |
| रविवार, 12 नवंबर | भारत | बनाम | नीदरलैण्ड | बेंगलुरू |
| बुधवार, 15 नवंबर | --------- | सेमीफाइनल 1 | --------- | मुंबई |
| गुरुवार, 16 नवंबर | --------- | सेमीफाइनल 2 | --------- | कोलकाता |
| रविवार, 19 नवंबर | --------- | फाइनल | --------- | अहमदाबाद |

## दिल्ली पुलिस ने दो सट्टेबाज गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक ऑनलाइन सट्टेबाजी रैकेट का भंडाफोड़ किया है और श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के बीच विश्व कप क्रिकेट मैच के दौरान ऑनलाइन सट्टेबाजी का आयोजन करने के आरोप में दो सट्टेबाजों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आरोपियों की पहचान रोहिणी इलाके के रहने वाले सरबजीत (26) और अनुभव (25) के रूप में हुई। पुलिस ने कहा कि कुछ लोग श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के बीच वनडे क्रिकेट विश्व कप मैच के दौरान सेक्टर-16, रोहिणी दिल्ली में ऑनलाइन सट्टा लगा रहे थे। पुलिस उपायुक्त गुरइकबाल सिंह सिद्धू ने कहा, एक पुलिस टीम गठित की गई और परिसर पर छापेमारी की गई, जहां सरबजीत और अनुभव नाम के दो व्यक्ति विश्व कप मैच पर सट्टा लगाते पाए गए।

## पाकिस्तान ने श्रीलंका को धमाकेदार अंदाज में हराया

### रिजवान-शफीक के शतकों ने दिलाई जीत

**एजेंसी। हैदराबाद**

पाकिस्तान ने धमाकेदार अंदाज में श्रीलंका को 6 विकेट से हरा दिया। पाकिस्तान के बल्लेबाजों ने कमाल का खेल दिखाया और आतिशी बल्लेबाजी का नमूना पेश किया। श्रीलंका ने पाकिस्तान को जीतने के लिए 345 रनों का टारगेट दिया, जिसे पाकिस्तान की टीम ने आसानी से हासिल कर लिया। पाकिस्तान के लिए मोहम्मद रिजवान और अब्दुला शफीक ने शानदार शतक लगाए।

बड़े टारगेट का पीछा करने उतरी पाकिस्तानी टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही। जब कप्तान बाबर आजम और इमाम उल हक जल्दी पवेलियन लौट गए। इसके बाद अब्दुल शफीक और मोहम्मद रिजवान ने रन बनाने की जिम्मेदारी संभाल ली। इन दोनों खिलाड़ियों ने पहले तो संभलकर बैटिंग की, लेकिन एक बार सेट होने के बाद करारे स्ट्रोक लगाए। शफीक ने 113 रन और रिजवान ने 131 रन बनाए। इन प्लेयर्स के कारण ही पाकिस्तानी टीम मैच जीतने में सफल रही। श्रीलंकाई गेंदबाजों ने शुरूआत में तो अच्छा खेल दिखाया, लेकिन बाद में वो अपनी लय खोते चले गए। इसी वजह से उन्हें हार का सामना करना पड़ा।



श्रीलंका के लिए कोई भी गेंदबाज प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहा। मतीशा पथिराना ने 9 ओवर में 90 रन दिए और वह सिर्फ एक विकेट ही ले सके। दुनिथ वेल्लालागे ने 10 ओवर में 62 रन दिए। महेश तीक्ष्णा ने 10 ओवर में 59 रन दिए। इन गेंदबाजों के खराब प्रदर्शन के कारण ही श्रीलंका को हार झेलनी पड़ी।

श्रीलंका के लिए कुसल मेंडिस ने 122 रन और सदीरा समरविक्रमा ने 108 रनों की पारी खेली। इन दोनों ही खिलाड़ियों की वजह से ही श्रीलंका की टीम बड़े स्कोर तक पहुंच पाई। श्रीलंका की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धा ?रित 50 ओवर में 344 रनों का बड़ा स्कोर टांग दिया। पाकिस्तान के सबसे सफल गेंदबाज हसन अली रहे, उन्होंने चार विकेट चटकाए। वहीं हारिस राउफ ने दो विकेट अपने नाम किए।

## गिल-सिराज सितंबर के लिए आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड के लिए नामित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सितंबर महीने के लिए आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड के लिए नामित खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी है। इसमें भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के साथ इंग्लैंड टीम के बल्लेबाज डेविड मलान का नाम है। भारतीय युवा खिलाड़ी शुभमन गिल और मोहम्मद सिराज के लिए सितंबर महीना काफी अच्छा रहा है। दोनों खिलाड़ियों ने सितंबर में बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसके लिए उन्हें आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड के लिए शार्टलिस्ट किया गया है। आईसीसी द्वारा शार्टलिस्ट किए गए इन तीन खिलाड़ियों में से एक खिलाड़ी को यह अवार्ड मिलेगा।



### शुभमन गिल

आईसीसी के अनुसार भारतीय टीम के उभरते सितारे शुभमन गिल सितंबर के महीने में शानदार फॉर्म में थे। उन्होंने 80 के शानदार औसत से कुल 480 एकदिवसीय रन बनाए। गिल ने एशिया कप के दौरान दो अर्धशतक और एक शतक बनाया, जिससे भारतीय टीम को एशिया कप जीतने में मदद मिली। फिर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में उस फॉर्म को जारी रखा। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने सीरीज के शुरूआती मैच में शानदार 74 रन बनाए और अगले गेम में 104 रन बनाकर अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाया।

### मोहम्मद सिराज

तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने सितंबर के दौरान कुछ बेहतरीन स्पेल किए। एशिया कप के फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ छह विकेट लेकर उन्होंने मैच जिताऊ स्पेल किया। सिराज ने 21 रन देकर श्रीलंका के 6 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। उनकी खतरनाक गेंदबाजी की बदौलत श्रीलंका की टीम 50 रन पर ही ऑलआउट हो गई थी। इसके बाद भारत ने आसानी से एशिया कप अपने नाम कर लिया था। कुल मिलाकर सिराज ने महीने में 17.27 की औसत से कुल 11 विकेट लिए।

### डेविड मलान



इंग्लैंड टीम के खिलाड़ी डेविड मलान ने सितंबर के अधिकांश समय में अपनी क्लास प्रदर्शित की और न्यूजीलैंड के साथ इंग्लैंड की एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान अपने प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार जीता। मालन ने उस श्रृंखला के दौरान तीन मैच खेले और 54, 96 और 127 के स्कोर दर्ज किए।

## भारतीय सब जूनियर पुरुष और महिला हॉकी टीम नीदरलैंड दौरे के लिए रवाना



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय सब जूनियर पुरुष और महिला हॉकी टीमें 13 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक खेले जाने वाले अपने पहले अंतरराष्ट्रीय खेलों में भाग लेने के लिए मंगलवार तड़के नई दिल्ली से एम्स्टर्डम (नीदरलैंड) के लिए रवाना हो गईं। दौरे पर भारतीय सब जूनियर पुरुष हॉकी टीम कप्तान मनमीत सिंह राय के नेतृत्व में नीदरलैंड्स बॉयज अंडर-18 और अंडर-16 टीमों से भिड़ेगी। भारतीय सब जूनियर महिला हॉकी टीम, कप्तान भाव्या के नेतृत्व में नीदरलैंड गर्ल्स अंडर-18 और अंडर-16 टीमों के साथ मुकाबला करेगी।

हॉकी इंडिया के अनुसार भारतीय सब जूनियर पुरुष और महिला हॉकी टीमों के अंडर-18 टीमों के खिलाफ मैच 14 अक्टूबर को होंगे जबकि अंडर-16 टीमों के खिलाफ मैच 15 और 16 अक्टूबर को खेले जाएंगे। इसके अतिरिक्त इस दौरे के हिस्से के रूप में भारतीय सब जूनियर पुरुष और महिला दोनों टीमें 13 अक्टूबर को नीदरलैंड के एक सीनियर क्लब की पुरुष और महिला टीमों के खिलाफ मैत्रीपूर्ण मैच भी खेलेंगी। दौरे को लेकर भारतीय सब जूनियर पुरुष हॉकी टीम के कोच सरदार सिंह ने कहा, यह दौरा सिर्फ प्रतिस्पर्धा के बारे में नहीं है, यह इन युवा खिलाड़ियों के समर्पण और हॉकी इंडिया के जमीनी स्तर के विकास कार्यक्रम के दृष्टिकोण का एक प्रमाण है।

## चर्चा कोहली ने अरुण जेटली स्टेडियम से जुड़ी यादें ताजा की, कहा-

# यहीं से सबकुछ शुरू हुआ था

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 में अपना पहला मैच जीतने के बाद भारतीय टीम दूसरा मैच बुधवार को अफगानिस्तान के खिलाफ खेलने उतरेगी। यह मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। यह स्टेडियम भारतीय टीम के पूर्व कप्तान एवं स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का होम ग्राउंड है। यहीं से उन्होंने अपने क्रिकेट करियर की शुरूआत की थी। बुधवार को यहां मैच से पहले कोहली ने इस मैदान को लेकर अपनी भावनाएं जाहिर की हैं।




उन्होंने कहा कि यह वह स्टेडियम है, जहां मैं आयु-समूह क्रिकेट और रणजी क्रिकेट खेलते हुए बड़ा हुआ हूं। मैं यहां भारत के लिए खेला। वो यादें आपके दिमाग में ताजा रहती हैं। उन्होंने कहा कि वापस जाना और अरुण जेटली स्टेडियम में खेलना विशेष है।

बीसीसीआई द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में विराट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले मैच में केएल राहुल के साथ अपनी साझेदारी पर चर्चा कर रहे थे। वीडियो में केएल राहुल विराट से पूछते हैं कि यह आपके लिए घर वापसी की तरह है। हम दिल्ली जा रहे हैं। मुझे यकीन है कि आपके लिए यह बहुत खास बात है, जहां आप बड़े हुए हैं। आपके नाम का वहां पवेलियन भी है। आपकी कैसी भावना है।

कोहली ने कहा कि आप इसे महसूस कर सकते हैं, क्योंकि वहीं से सब कुछ शुरू हुआ। चयनकर्ताओं ने आपको पहली बार देखा और मौका दिया।

## फुटबॉलर ईडन हैजर्ड ने 32 साल की उम्र में लिया संन्यास



**ला लौविएर।** चेल्सी के पूर्व विंगर ईडन हैजर्ड ने पिछले सीजन के अंत में रियल मैड्रिड छोड़ने के बाद फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की। जून में मैड्रिड के साथ अनुबंध समाप्त होने के बाद ये खिलाड़ी किसी क्लब का हिस्सा नहीं था। इंस्टाग्राम पर एक इमोशनल पोस्ट के जरिए ईडन हैजर्ड ने संन्यास की घोषणा की। हैजर्ड ने लिखा, आपको खुद की बात सुननी चाहिए और कहना चाहिए कि सही समय पर रुकें। 16 साल और 700 से अधिक मैच खेलने के बाद, मैंने एक पेशेवर के रूप में अपना करियर खत्म करने का फैसला किया है।

## सात्विक व चिराग की भारतीय जोड़ी विश्व बैडमिंटन संघ वर्ल्ड रैंकिंग में बनी नंबर-1

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत की स्टार बैडमिंटन जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। भारतीय जोड़ी विश्व बैडमिंटन संघ (बीडब्ल्यूएफ) वर्ल्ड रैंकिंग में मेंस डबल्स में दुनिया की नंबर-1 जोड़ी बन गई है। यह पहली भारतीय जोड़ी है जिसने यह मुकाम हासिल किया है। यह जोड़ी नंबर-3 से टॉप पर पहुंची है। बीडब्ल्यूएफ की ताजा रैंकिंग में सात्विक और चिराग की भारतीय जोड़ी 92,411 पॉइंट के साथ नंबर एक पर है। भारतीय जोड़ी इंडोनेशिया की फजर अल्फियान और मुहम्मद रियान अड्रिएंटो को पछाड़कर दुनिया की शीर्ष जोड़ी बनी है। इंडोनेशियाई जोड़ी कुल 92,411 पॉइंट के साथ दूसरे नंबर पर है।



### एशियन गेम्स में भारतीय जोड़ी ने दिलाया था स्वर्ण

भारतीय जोड़ी सात्विक और चिराग ने हाल ही में चीन में संपन्न हुए 19वें एशियन गेम्स में भारत को पहली बार बैडमिंटन में स्वर्ण पदक दिलाया। भारतीय जोड़ी ने एशियाई खेलों के बैडमिंटन की पुरुष युगल स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया।